आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परम्परा का १०७ वर्ष

साप्ताहिक राशि फल

बोले सितारे

वाराणसी, रविवार ४ अक्तूबर, २०२६ सौर १८, आश्विन कृष्ण ९, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

मांगों को लेकर लेखपालों का धरना-प्रदर्शन

जखनियां, गाजीपुर। जखनियां तहसील परिसर में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा जखनियां के बैनर तले लेखपालों ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष अनिल गोस्वामी के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष अनिल गोस्वामी ने कहा कि लेखपाल शासन की मंशा के अनुरूप पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है और लगातार शोषण का सामना करना पड़ रहा है। लेखपालों ने कहा कि मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे उनमें आक्रोश है।लेखपालों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए लगातार धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष अरुण यादव, पंकज भारती, ललित मोहन राय, महेंद्र सिंह, मनीष कुमार राय, रमेश कुमार सहित काफी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- उत्तर प्रदेश के राजस्व प्रशासन की रीढ़ माने जाने वाले लेखपाल अब खुद को असुरक्षित और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लंबे समय से लंबित माँगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

तहसीलदार को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

(शाखा गाजीपुर, उपशाखा- तहसील मोहम्मदाबाद) ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय को एस डी एम मोहम्मदाबाद के द्वारा ज्ञापन प्रेषित कर चेतावनी दी है कि यदि समय रहते न्यायोचित माँगें पूरी नहीं की गईं, तो 17 अक्टूबर 2026 से पूर्ण कार्य बहिष्कार और चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।संघ की सबसे बड़ी माँग वेतन विसंगति दूर करना है। पिछले 10 वर्षों से प्रारंभिक वेतनमान 2800 ग्रेड पे (लेवल-5) दिए जाने की माँग लंबित है। शासन स्तर पर पत्राचार के बावजूद सकारात्मक निर्णय न आने से संवर्ग में भारी रोष है। लेखपाल संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते माँगें पूरी नहीं होतीं, तो प्रशासनिक कार्यों में रुकावट और जनमानस को होने वाली असुविधा की समस्त जिम्मेदारी शासन और राजस्व परिषद की होगी। जमानिया प्रतिनिधि के अनुसार-उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा स्थानीय के तहसील अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में लेखपालों ने अपनी लंबित और न्यायोचित मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।तहसील अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व प्रशासन की रीढ़ होने के बावजूद लेखपाल अत्यधिक कार्यभार, संसाधनों के अभाव, वेतन विसंगति और अवकाश के दिनों में भी लगातार शोषणकारी ड्यूटी से जूझ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन ने समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 17 अक्टूबर 2026 से प्रदेश भर के लेखपाल चरणबद्ध तरीके से पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और राजस्व परिषद की होगी। इस अवसर पर मंत्री मतोष सिंह, संदीप यादव, विकास यादव, महिमा, वकार खा आदि मौजूद रहे।

धरना प्रदर्शन करते लेखपाल।

मंदिर के सुंदरीकरण के लिए सौंपा पत्रक

सैदपुर, गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र को फुलवारी कला गांव के समस्त श्रद्धालुओं और धाम समिति के पदाधिकारियों ने सुंदरीकरण के संबंध में पत्रक दिया।जिसमें आग्रह है कि मोक्षदायिनी गंगा के तट फूलवारी कला में ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व वाला श्रीराम जानकी धाम स्थित है।जहां दूर-दराज के श्रद्धालुओं का बराबर आना-जाना,पूजा-पाठ, दर्शन के साथ मांगलिक कार्यक्रम भी होते रहते हैं।अत: श्रीमान जी से अनुरोध है कि इस धाम परिसर में एक बहुउद्देश्यीय सभागार एवं सौरऊर्जा प्रकाश की समुचित व्यवस्था करायी जाय। इस धाम के प्रभावफेरी परिपथ सहित धाम परिसर की जमीन को सीमेंटेड ईंट से फर्श को सुंदर बना दिया जाय। गंगा घाट पर स्नानार्थियों के लिए प्रतीक्षालय, यज्ञ मंडप एवं बैठने की व्यवस्था किया जाना जरूरी है।इस मौके पर अरुण सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह, विशाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे हैं।



आयुष मंत्री को पत्रक सौंपने का दृश्य ।

विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

गाजीपुर। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी डा. केदारनाथ सिंह और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी डा. प्रमोद मिश्रा के पक्ष में चुनावी अभियान को गति देने की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अजीत चौबे ने कहा कि दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ जुटें। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने मतदाताओं से लगातार संपर्क कर समर्थन जुटाने पर जोर दिया।शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी राणा सिंह ने शिक्षक मतदाताओं के बीच संपर्क अभियान तेज करने की बात कही। वहीं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव अभियान में जुटने का आह्वान किया। बैठक में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. केदारनाथ सिंह के पांच अक्तूबर को वाराणसी में होने वाले नामांकन को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने किया।इस दौरान जिला महामंत्री विष्णु प्रताप सिंह, दयाशंकर पांडेय, अच्छेलाल गुप्ता, अवधेश राजभर, सुमित तिवारी, सुधाकर कुशवाहा, राजेश सोनकर, शशांक राय, हंसराज राजभर, मार्कंडेय चौहान, राजेश चौहान, अशोक पांडेय, गर्वजीत सिंह, सनी चौरसिया समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रत्याशियों की जीत की बनायी रणनीति

जंगीपुर में सियासी हलचल तेज, संतोष और डा. वीरेंद्र आमने-सामने

गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े दो प्रमुख नेताओं को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। बरही गांव निवासी पारस यादव, खाद्यान्न विभाग के सहसंयोजक, के अनुसार क्षेत्र में संतोष यादव और मौजूदा विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव के बीच राजनीतिक खींचतान चर्चा का विषय बनी हुई है।पारस यादव के मुताबिक एक ओर संतोष यादव को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी के रूप में बताया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर जंगीपुर के मौजूदा सपा विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव क्षेत्र में सक्रिय हैं। ऐसे में दोनों नेताओं की गतिविधियों और समर्थकों के बीच बढ़ती सक्रियता को लेकर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र में यादव मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। डॉ. वीरेंद्र यादव का परिवार लंबे समय से क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहा है। संतोष यादव की सक्रियता के बाद सपा से जुड़े स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।हालांकि, आगामी चुनाव को लेकर अंतिम तस्वीर उम्मीदवारों और दलों की आधिकारिक घोषणा के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल दोनों नेताओं की राजनीतिक गतिविधियों पर क्षेत्र के लोगों की नजर बनी हुई है।

बाजार में सड़क पर बह रहा गंदा नाले का पानी

जखनिया, गाजीपुर । परसपुर बुढानपुर बाजार मे फद्दुपुर जाने वाले मार्ग स्थित परसपुर बाजार में सड़क पर नाले का गंदा पानी लगातार बहने से राहगीरों सहित स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पानी जमा होने से लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। वहीं दुकानों के सामने पानी फैले रहने से दुकानदारों के व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।बाजार मे सडक किनारे घरो का पानी पहले नाली से से.निकलता था । परन्तु सडक निर्माण के समय.सडक को चौडीकरण मे पुरानी नाली का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया । सडक के किनारे पी डब्लू डी बिभाग द्वारा नयी नाली बनाई नही गयी । अब नाले से गंदा पानी भी सड़क पर बहता रहता है,। जिससे जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी रहती है। राहगीरों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है।दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के सामने पानी जमा रहने से ग्राहक भी आने से कतराते हैं। लंबे समय से समस्या बने रहने के बावजूद पी डब्लू डी बिभाग द्वारा नाली नहीं बनाए जाने से लोगों में आक्रोश है।

दीर्घायु की कामना के बीच गंगा में समा गया मां का लाल

गाजीपुर। पुत्र की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर मां जीवित पुत्रिका व्रत कर रही थी, लेकिन व्रत के दिन ही उसका छह वर्षीय बेटा गंगा की लहरों में समा गया। नगर के ददरी घाट पर शनिवार को गंगा स्नान के दौरान हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रौजा क्षेत्र के बरहनिया, मिश्रवलियां निवासी रामसेवक का छह वर्षीय पुत्र रोहित अपनी मां के साथ जीवित पुत्रिका व्रत के अवसर पर ददरी घाट पहुंचा था। परिवार की महिलाएं व्रत की धार्मिक परंपरा के तहत गंगा स्नान और पूजन की तैयारी में जुटी थीं। इसी दौरान रोहित गंगा में चला गया और गहरे पानी में पहुंचने के कारण डूब गया। मासूम के डूबने की जानकारी होते ही घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

एशियन गेम्स में भारत की जीत पर राजकुमार के घर जश्न

गाजीपुर। एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन और जीत से करमपुर गांव में खुशी का माहौल रहा। भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी राजकुमार पाल चोट के कारण मुकाबले में नहीं खेल सके, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी के बावजूद परिवार और ग्रामीणों ने टीम की जीत के लिए दुआ की। राजकुमार पाल की माता मनराजी देवी और भाभी नीलम पाल ने खुशी जताते हुए कहा कि जिउतिया के पर्व पर उन्होंने पूजा के दौरान भारत की जीत की कामना की थी। उनकी यह दुआ पूरी हुई और भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि भारत की जीत उनके परिवार के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है।

पुत्रों की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा निर्जला व्रत

गाजीपुर। पुत्रों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और उनकी रक्षा की कामना को लेकर शनिवार को जिले भर में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला जीवित पुत्रिका व्रत रखा। इस दौरान व्रती महिलाओं ने पूरे दिन अन्न-जल का त्याग कर व्रत का पालन किया। पर्व को लेकर सुबह से ही शहर के प्रमुख गंगा घाटों और शिवालयों पर महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी। शहर के महादेवा घाट, पोस्ता घाट, चीतनाथ घाट, कलेक्टर घाट समेत विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। महिलाओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया और इसके बाद पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से जीवित पुत्रिका व्रत की कथा का श्रवण किया। व्रत कथा के दौरान महिलाओं ने पुत्रों के दीर्घ जीवन और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।



किसानों को मिला चना-सरसों का बीज

गाजीपुर। जिले में दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए। विकासखंड सदर में करीब 86 किसानों को चना और सरसों के बीज उपलब्ध कराए गए। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सरकार की ओर से दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से किसानों को मिनीकिट वितरित किए गए हैं। इसका उद्देश्य छोटे और मध्यम किसानों को परंपरागत फसलों के साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करना है।विभाग के मुताबिक विभिन्न बीज गोदामों पर गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर और सरसों के बीज बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

खड़े डंपर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी टक्कर, चालक घायल

मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार तड़के एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रेलर ने किनारे खड़े दूसरे ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा एक्सप्रेसवे के चेनेज नंबर 326.9 किमी के पास हुआ। जानकारी के अनुसार बिहार के कोईलवर से बालू लादकर आजमगढ़ की ओर जा रहा एक ट्रेलर पीछे का टायर खराब होने के कारण एक्सप्रेसवे के किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर खड़े ट्रेलर से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे से टकराने वाले ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।टक्कर के बाद एक ट्रेलर एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे की ओर लटक गया। हादसे की सूचना के बाद संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त ट्रेलरों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई में जुट गई।

मुख्य चुनाव आयोग का फूंका पुतला

दिलदारनगर (गाजीपुर) । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को भाकपा का कार्यकर्ताओं ने फुल्ली गाँव से जुलूस निकाल कर चट्टी पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका और सभा की।भाकपा के राज्य परिषद सदस्य शशि कांत कुशवाहा ने कहा कि इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के बाद चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं।



आज ३.०० तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा १०७ वर्ष

साप्ताहिक राशि फल बोले सितारे

वाराणसी, रविवार ४ अक्तूबर, २०२६ सौर १८, आश्विन कृष्ण ९, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

भारतने लगाया स्वर्णिम पंच

क्रिकेट, हाकीमें पुरुषोंने जीता स्वर्ण, तीरंदाज कुमकुम, गोल्फर प्रणवी, पहलवान अमन भी ले आये पीला तमगा, चौथे स्थानपर भारत

नागोया (आससे)। स्टार खिलाड़ियों से सजी क्रिकेट और हाकी टीम ने उम्मीद के मुताबिक अपने खिताब बरकरार रखे लेकिन १७ वर्षीय तीरंदाज कुमकुम मोहाद और गोल्फर प्रणवी उर्स ने अप्रत्याशित रूप से इतिहास रचते हुए भारत के लिए अंत में आई स्वर्णिम लहर में अहम योगदान

एशियाई खेल

दिया जिसने शनिवार को यहां एशियाई खेलों में देश को सम्मानजनक चौथे स्थान पर पहुंचाया। भारत हालांकि पिछले चरण में जीते गये १०६ पदकों की बराबरी या उससे बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सका, लेकिन ८५ पदकों की कुल संख्या भी काफी अच्छा प्रदर्शन है। हालांकि उम्मीद इससे बेहतर की थी खासकर निशानेबाजों और बैडमिण्टन खिलाडियों से। अंत में भारत ने २१ स्वर्ण, २७ रजत और ३७ कांस्य पदक हासिल किए। दिलचस्प रहा कि इन २१ स्वर्ण में से ११ पदक पिछले दो दिनों में आये और (शेष पृष्ठ ९ पर)

१५ आईएएस, ३८ पीसीएस अधिकारियोंका तबादला

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश शासनने १५ आईएएस, ३८ पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। जारी सूची में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादले के तहत जौनपुर और मऊ के मुख्य

विकास अधिकारियों समेत कई अधिकारियों की नई तैनाती की गई है।जौनपुर के मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खांडिया को अब मऊ का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। वहीं मऊ के मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव को राजस्व परिषद, प्रयागराज में सदस्य (न्यायिक) की जिम्मेदारी दी गई है।इसके अलावा नरेंद्र बहादुर सिंह को जौनपुर का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। इससे पहले वह लखीमपुर खीरी में अपर जलाधिकारी (वित्त/राजस्व) के पद पर तैनात थे।शासन की ओर से जारी सूची में पंचायती राज, चिकित्सा

जौनपुर-मऊके सीडीओ समेत कई के कार्यक्षेत्र बदले

शिक्षा, भूविज्ञान एवं खनिकर्म, मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन और अन्य विभागों में भी अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है।अमित कुमार सिंह को निदेशक, पंचायती राज से प्रबंध निदेशक, पीसीडीएफ बनाया गया है, जबकि प्रकाश बिंदु को प्रबंध निदेशक, पीसीडीएफ से सचिव, चिकित्सा शिक्षा की (शेष पृष्ठ ९ पर)

शुरू हुआ राहुलका सत्याग्रह अभियान

नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे लोगों की आवाज को एक मंच पर लाने के लिए 'सत्याग्रह' पहल शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि युवा, छात्र, किसान, आदिवासी,

लोगोंसे अन्याय की कहानियां साझा करने की अपील

दलित और महिलाएं अपने-अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अकेली आवाज को दबाना आसान होता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से अपने संघर्ष और अन्याय की कहानी साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन कहानियों को 'सत्याग्रह मैप' पर जगह दी जाएगी, जिससे समान मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि संसद, सड़कों या पत्रों के माध्यम से जहां भी जरूरत होगी, वे लोगों के साथ खड़े होने का प्रयास करेंगे। राहुल

गांधी ने कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में यह उनकी जिम्मेदारी है।

स्वामी प्रसाद मौर्य इंडिया गठबंधनमें शामिल

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। दल-बदल के बीच पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद

राहुलसे की मुलाकात

मौर्य ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात के बाद अपनी पार्टी 'अपनी जनता पार्टी' के इंडिया गठबंधन में शामिल होने का ऐलान किया। इससे पहले मौर्य के कांग्रेस में शामिल होने (शेष पृष्ठ ९ पर)

ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतरपर प्रदर्शन

एसआईआरपर रार : पुलिसने दर्ज की तीन एफआईआर

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली पुलिस ने छात्र संगठनों, राजनीतिक दलों और नागरिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के संबंध में शनिवार को तीन प्राथमिकी दर्ज कीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो प्राथमिकी संसद मार्ग थाने और एक प्राथमिकी कनॉट प्लेस थाने में दर्ज की गई। इनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत लोक सेवक द्वारा विधिवत जारी आदेश की अवज्ञा का आरोप लगाया गया है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी में किसी व्यक्ति या संगठन को आरोपी के रूप में नामजद नहीं किया गया है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

संविधान खत्म करने की बात बर्दाश्त नहीं-सीजेपी

मुंबई (आससे.)। महाराष्ट्र के मुंबई में 'कॉकरोच जनता पार्टी' के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति ने कहा कि अभिजीत दिपके जैसे लोग संविधान को खत्म करने की बात करते हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी आज डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के नीचे खड़े होकर संविधान की रक्षा और सम्मान का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुंबई में खुद को 'जेन (शेष पृष्ठ ९ पर)

आप नेता प्रियंका कक्कड़, श्याम सुंदर शर्मा कांग्रेसमें शामिल

नयी दिल्ली (आससे.)। आम आदमी पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं आठ बार विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार रजत राकेश टंडन समेत विभिन्न दलों के 100 से अधिक नेताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जम्मू-

कश्मीर व लद्दाख के प्रभारी महासचिव नासिर हुसैन, मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला, उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विभिन्न वर्गों के अनुभवी नेताओं और प्रबुद्ध लोगों का पार्टी से जुड़ना कांग्रेस नेतृत्व के प्रति भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान के प्रति असम्मान तथा नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद प्रियंका कक्कड़ ने राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वह केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ वोट चोरी के मुद्दे पर मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी छोड़ने के कारणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने पार्टी में बदलाव और उसके कामकाज को लेकर असहमति जताई। श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : ४.६० लाख छात्रोंको बांटे १४८ करोड़

योगीने कहा-मंत्रियोंको समयपर स्कालरशिप नहीं मिली, इसलिए नेता बने

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति की छात्रवृत्ति भेजी ही नहीं गई। तत्कालीन सरकार यह छात्रवृत्ति खा गई। 2017 में हमारी सरकार बनी तो हमने 2016-17 व 2017-18 की छात्रवृत्ति एक साथ भेजी। पहले केवल 2900 करोड़ रुपये ही छात्रवृत्ति दी जाती थी। आज हमारी सरकार दोगुने से अधिक 6200 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति देती है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में चालू वित्त वर्ष के लिए पूर्वदशम (9-10) और दशमोत्तर कक्षाओं के 4.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों के खाते में 148 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति हस्तांतरित की। 11 विद्यार्थियों को अपने हाथ से छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र भी सौंपे। सीएम ने आश्वस्त किया कि छात्रों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। हर पात्र बच्चे को छात्रवृत्ति मिलेगी, छूटे हुए बच्चे भी जल्द आवेदन करें। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि को खान-पान के बजाय शिक्षा पर ही खर्च कीजिए।इससे अच्छी पाठ्य पुस्तकें, रेफरेंस बुक खरीदिए। पाठ्यक्रम के साथ ही महापुरुषों की आत्मकथा, ज्ञानवर्धक व धार्मिक पुस्तकों को पढ़िए, अपना बुक बैंक बढ़ाइए। सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट दे रही है, 60 लाख को मिल चुका है। शेष को भी जल्द दिया जाएगा।सीएम ने कहा कि पहले 100 में से 60-70 बच्चों को ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलता था। बाबू और अन्य लोग इस पर डाका डालते थे। आज खाता खोलकर छात्रों का पैसा सीधे उसमें भेजा जाता है। हमारे समय यह व्यवस्था नहीं थी, लेकिन पीएम ने जीरो अकाउंट पर बैंक खाते खुलवा दिए। सीएम योगी ने कहा कि गत वर्ष 69 लाख बच्चों को 6200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। 9 वर्ष में 4 करोड़ से अधिक बच्चों को छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति मिली है, जबकि 2017 के पहले यह राशि और छात्रों की संख्या भी कम थी। पहले की सरकारें युवाओं को प्रोत्साहन नहीं देती थी और न समय से छात्रवृत्ति मिलती थी।सीएम ने कहा कि गत वर्ष अनुसूचित जाति-जनजाति के 26.26 लाख विद्यार्थियों को 2750 करोड़, अल्पसंख्यक वर्ग के 5.89 लाख बच्चों को 360 करोड़, पिछड़ा वर्ग के 37 लाख विद्यार्थियों को 3072 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। अल्प आय वर्ग वर्ग के 9.40 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई। तय किया गया कि 2 अक्टूबर (अवकाश के कारण 3 अक्टूबर) और 26 जनवरी तक हर हाल में (शेष पृष्ठ ९ पर)

फार्मा कंपनीमें फटा बॉयलर, पांच की मौत

तिरुपति (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री सिटी की एक फार्मा कंपनी में बॉयलर फट गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग का हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। सत्यवेडु मंडल में हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और इमरजेंसी सर्विस टीमें मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया।एक अधिकारी के मुताबिक, बॉयलर फटने की सही वजह अभी पता नहीं चली है। अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि हादसा तकनीकी खराबी, सुरक्षा व्यवस्था में चूक, संचालन संबंधी लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ।

धारमें भीषण हादसा, पति-पत्नी-बेटी की मौत

धार (एजेंसी)। जिले की बदनावर तहसील के लेबड़-नयागांव फोरलेन पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में पति-पत्नी और उनकी 13 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य छोटी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया, जिसे खुलवाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बड़ा कठोड़िया गांव निवासी राहुल (35) अपनी पत्नी पूजा (30), बेटी सुमन (13) और छोटी बेटी शिवानी के साथ शनिवार सुबह बाइक पर सवार होकर खेरवास स्थित अपने खेत पर लहसुन की बोवनी के लिए जा रहे थे। जब वे लेबड़-नयागांव फोरलेन स्थित पिटगारा चौराहे पर पहुंचे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि राहुल, उनकी पत्नी पूजा और बेटी सुमन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

अखिलेशके मास्टर स्ट्रोक से गरमायी सियासत

लखनऊ (आससे.)। धनराज नथवानी की उम्मीदवारी कॉरपोरेट जगत की एक अहम सिग्नलिंग है। देश के बड़े औद्योगिक घराने अब

विपक्ष के साथ भी अपने रास्ते खुले रखना चाहते हैं, जो यह दर्शाता है कि विपक्ष मजबूत हो रहा है। इसके साथ ही, अखिलेश यादव अपनी पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) छवि के साथ-साथ कॉरपोरेट-फ्रेंडली संदेश भी देना चाहते हैं कि सपा के सत्ता में आने पर उद्योग जगत के हित सुरक्षित रहेंगे। सपा और कांग्रेस आगामी चुनावों के लिए अपने तालमेल को बेहतर कर रहे हैं। 10 सीटों के इस गणित में सात सीटें भारतीय जनता पार्टी और दो सीटें समाजवादी पार्टी के लिए लगभग

यूपी राज्यसभा चुनाव

तय मानी जा रही हैं, क्योंकि प्रत्येक सीट के लिए 37 प्रथम वरीयता वोटों की आवश्यकता है। असली मुकाबला 10वीं सीट को लेकर है, जहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपनी पिछली हार और विधायकों के टूटने का हिसाब चुकता करना चाहते हैं। सपा की ओर से रामगोपाल यादव के साथ-साथ दूसरा प्रत्याशी धनराज (शेष पृष्ठ ९ पर)

पेट्रोल पांच रुपये और डीजल तीन रुपये महंगा

नयी दिल्ली (आससे.)। निजी ईंधन कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में पांच रुपये और डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। नई दरें शनिवार तड़के से लागू हो गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने के कारण कंपनी ने यह कदम उठाया है। इससे निजी और सरकारी पेट्रोल पंपों की कीमतों में अंतर बढ़ सकता है। कंपनी के देशभर में 7,108 पेट्रोल पंप हैं।कंपनी ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और उससे तैयार होने वाले पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने से ईंधन कंपनियों पर दबाव है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा आपूर्ति में बाधाओं ने भी तेल बाजार को प्रभावित किया है। नायरा की ओर से कीमतों में ताजा बढ़ोतरी पर आधिकारिक प्रतिक्रिया के लिए भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला।

एक नजर इधर भी

छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी युवक और शिक्षक पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के पूरे गांव की रहने वाली एक छात्रा के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक और उसके शिक्षक पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी। पड़ोसी पंकज कुमार स्वामी और उसके पिता चंद्रशेखर स्वामी के खिलाफ शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि पड़ोसी युवक पंकज ने २०२३ व २४ में ११वीं की छात्रा कालेज जाते समय रास्ते में बाइक पर स्कूल छोड़ने के बहाने बैठाकर स्थित लाठियां अपने आवास पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने के साथ अश्लीलता कर वीडियो बनाया इसके बाद में किसी को बिना बताये पड़ोसी युवक के अत्याचार का सहन करती रही छात्रा की शादी तय हो जाने की पड़ोसी को जानकारी हो गयी तो ससुराल पक्ष वालों के यहां १७ सितंबर को अश्लील वीडियो भेज दिया और शादी तुड़वा दिया इसके बाद अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकी दे रहा है । इस मामले में पड़ोसी युवक के शिक्षक पिता से शिकायत किया गया तो उन्होंने इस बारे में कहीं भी किसी से शिकायत न करने की धमकी देते हुए उन्होंने कहा कि मेरे परिवार की कही भी शिकायत की सम्मान पर आंच आई तो जान से मरवा दूंगा इस मामले में मिर्जामुराद पुलिस ने ६४ (2ङ्ग द्व) ७७, ३५१(३), १३७(२), ६७ड्ड, ३, ४ की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

लंका में एक शातिर चोर गिरफ्तार

चोरी की सात साइकिलें बरामद

शपुलिस आयुक्त कमिश्नरट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देशों पर लंका पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि में मुखबिर सूचना के आधार पर ट्रामा सेंटर पार्किंग के पास से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर चोरी की सात साइकिल बरामद किया है।लंका थाना प्रभार निरीक्षक राजकुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दीपक सेठ पुत्र अशोक सेठ सब्जी मंडी के रामनगर का निवासी है। उसके खिलाफ धारा ३१७ (२) / ३१७(४) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। पूछताछ में अभियुक्त बता रहा है कि मैं नशे का आदी हूँ जिसकी वजह से मैं साइकिल चोरी करता हूँ और उन्हें औने-पौने दामों में राहगीरों को बेच कर अपना नशे का खर्च चलाता हूँ और आप लोगों को देखकर पकड़े जाने के डर से भाग रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

न्यायालय के आदेश पर हाथी बाजार की विवादित आराजी-७१७ कुर्क

सेवापुरी। स्थानीय विकासखंड के हाथी बाजार स्थित विवादित अराजी नंबर ७१७ पर शनिवार सुबह करीब ११ बजे जंसा पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई। आपको बता दे कि न्यायालय द्वारा जारी आदेश में चालानी एवं नक्शा-नजरी २८ जून में विवादित अराजी नंबर ७१७ को 'ए' चिन्ह से दर्शाया गया है। आदेश में धारा १६५(१) बीएनएसएस के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रभारी निरीक्षक जंसा, कमिश्नरेट वाराणसी को उक्त अराजी को तत्काल कुर्क कर पुलिस की सुपुर्दगी एवं कब्जे में लेने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि उक्त संपत्ति को तब तक पुलिस की सुपुर्दगी में रखा जाए, जब तक पक्षकारों के अधिकारों अथवा कब्जे के दावों का निर्धारण करने वाली सक्षम न्यायालय की डिक्री अथवा आदेश प्राप्त नहीं हो जाता। न्यायालय के निर्देश के क्रम में शनिवार की सुबह करीब ११ बजे जंसा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई पूरी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में पीएसी के जवान स्थानीय पुलिस कर्मी एवं ग्रामीणों मौजूद रहे।

लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर कर जानलेवा हमले में आरोपी पिता गिरफ्तार

भेलूपुर थाना क्षेत्र में लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर कर जानलेवा हमले में आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत काशी जोन पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त बिंदा कुमार सिंह निवासी लोहित रेजिडेंसी, न्यू कॉलोनी ककरमत्ता थाना भेलूपुर है। पुलिस के अनुसार दो अक्टूबर की रात आठ बजे रानीपुर मोतीझील के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त ३२ बोर की लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद किया । थाना भेलूपुर में अभियुक्त के खिलाफ धारा १०९ बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

न ओटीपी आई न ही कोई लिंक, स्कूल प्रबंधक के खाते से साइबर फ्राडों ने उड़ा दिये साढ़े तीन लाख रुपये

लोहता। थाना क्षेत्र के कोरौती गांव के एक कन्या इंटर कालेज के प्रबंधक के खाते से साइबर ठगों ने शुक्रवार की सुबह साढे तीन लाख उडा दिये। जब उनके मोबाइल पर मैंसेज आया तब जानकारी हुई। तो उन्होंने साइबर हेल्पलाइन और लोहता थाने पर लिखित सूचना दे दिया है। पुलिस मांमले.की जांच कर रही है। डाक्टर अजय कुमार सिंह का उनके गांव में ही एक सूरजपति कन्या इंटर कालेज के नाम से विद्यालय चलता है। डाक्टर अजय सिंह ने बताया की बैंक आफ बडौदा तथा आईसीआईसीआई में हमारा खाता है। शुक्रवार की पूर्वाहन 11 बजे मैसेज आया की। पहले बडौदा बैंक से तीन बार में साढ़े तीन लाख रुपए फ्राडो द्वारा निकाला गया है। शुक्रवार को दो अक्टूबर.बैंक बंद था। जिसकी वजह से.वह साईबर हेल्प लाईन तथा साईबर थाना और लोहता थाने पर.शिकायत.दर्ज कराई। उन्होंने बताया की न कोई ओटी आई न कोई लिंक पैसा कटने का बस मैंसेज आया। थानाध्यक्ष अभिजीत सिंह ने बताया की जांच की जा रही है।

लोहता तालाब में मछली की दवा डालने को लेकर प्रधानपति से मारपीट

लोहता। महमूदपुर गांव के हनुमान मंदिर के पास शनिवार को तालाब में मछली की सुरक्षा के लिए दवा डालने का विरोध ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इम्तियाज हाशमी ने किया। इसी बात को लेकर मनोज केसरी से पहले कहासुनी हुआ। उसके बाद मारपीट हुई। इस मारपीट में दोनों लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया। मनोज केसरी ने थाने में इम्तियाज हाशमी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष अभिजीत सिंह ने बताया कि इम्तियाज हाशमी मनोज के घर के पास मारपीट किये थे। इस लिए अभी एक पक्ष की ओर से मुकदमा कायम हुआ है।

लोहता में चोरी का खुलासा नहीं होने पर पीड़ित परिवार पुलिस कमिश्नर से मिला

लोहता। थाना क्षेत्र के भरथरा गांव में विगत २० सितम्बर की रात प्रमोद कुमार मिश्र के बंद मकान से लगभग ४० लाख रुपये के सोने, चांदी, कपड़े की ताला तोड़कर हुई चोरी का अभी तक खुलासा नहीं होने पर १३ दिन बाद शनिवार को पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से पीड़ति परिवार मिलकर अवगत कराया। उन्होंने त्वरित कारवाई करते हुए रोहनिया एसीपी से एक सप्ताह के भीतर खुलासा कराने का निर्देश दिया है। पुलिस कमिश्नर से मिलकर पीड़ित ने लोहता पुलिस पर इस लचीले रवैया पर भी सवाल उठाया ।

बड़ागांव में अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

बड़ागांव पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर दो अक्तूबर शराब बंदी के दिन अवैध रूप से अंग्रेजी एवं देशी शराब बेचते हुये दो लोगों को गिरफ्तार कर अंग्रेजी, देशी शराब सहित बीयर की कैन बरामद करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस को मिली मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक विवेकानंद द्विवेदी ने भटौली गोकुलपुर मार्ग पर दबिश देकर शराब बेच रहे सत्यनारायण पटेल निवासी बैरी का बगीचा को हिरासत में लेकर ३० कैन बीयर एवं छह सौ रुपये बरामद किया है वहीं उप निरीक्षक अभय नाथ तिवारी ने कोइरीपुर स्थित एक पान की दुकान पर शराब बेच रहे आशीष कुमार वर्मा निवासी कोइरीपुर के पास से विभिन्न ब्रांडों के ४७ टेट्रा पैक इंग्लिश शराब एवं ८ कैन बीयर और देशी शराब के १० पैकेट बरामद किया है। उपरोक्त दोनों अभियुक्त बंदी की आड़ में मुनाफा कमाने के उद्देश्य से शराब बेच रहे थे।

श्रीराम और सीता को भूमि पर सोते देख निषाद राज रो पड़े

रामनगर। वनगमन के दौरान श्रीराम और सीता को भूमि पर सोते देख निषाद राज रो पड़े, जिस पर लक्ष्मण ने उन्हें समझाते हुए कहा कि कोई किसी के सुख-दुख का दाता नहीं है। सब अपने किये कर्मों का भोग है, तो वहीं दूसरी ओर श्रीराम को अयोध्या से वनगमन करते देख लीला प्रेमियों की आंखें छलक उठी। उनके साथ वन जाने की जिद करने पर लक्ष्मण को श्रीराम ने समझाते हुए कहा कि तुम अयोध्या में रहकर माता-पिता, गुरु और प्रजा की सेवा करो। जिस राजा के राज्य में प्रजा दुखी होती है वह नरक का अधिकारी होता है। उनके वन जाने की बात सुनकर सीता और लक्ष्मण भी उनके साथ जाने की जिद करने लगे। सीता और लक्ष्मण को सभी लोगों ने समझाया लेकिन वे नहीं माने। सीता पति वियोग में प्राण त्यागने की बात करने लगी। जिसके बाद राम उनको सोच समझकर वन जाने को कहे। तो वहीं लक्ष्मण भी वन जाने की जिद करने लगे, जब राम ने उन्हें समझाया तो उन्होंने अपना त्याग न करने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने अपनी माता से आज्ञा लेकर आने के लिए कहा। माता सुमित्रा ने उन्हें वन जाने की आज्ञा दी। जिसके बाद वे राम के साथ वन जाने के लिए तैयार हो गये। तीनों लोग पिता की आज्ञा लेने के लिए कोप भवन में गये। सुमंत ने दशरथ को बताया कि राम आये है।

सभी उनके पास जाकर विदा मांगने लगे उनकी दशा देखकर राम उनसे कहते हैं कि हर्ष के समय शोक मत कीजिए। जिस पर दशरथ ने उनसे कहा कि यह वेद की नीति है और सब कहते हैं कि अपराध कोई करता है और फल कोई भोगता है। उसी समय उनके आने का समाचार पाकर निषाद राज उनसे कंदमूल फल लेकर मिलने पहुंचे। उन्होंने श्रीराम को देखकर दंडवत किया। जिसके बाद उन्होंने उन्हें गले लगाया और उनके कुशल क्षेम पूछा। जिस पर उन्होंने उनसे अपने गांव चलने के लिए कहा लेकिन राम ने कहा कि पिता ने वन में रहने की आज्ञा दी है इसलिए गांव चलना ठीक नहीं। भीलनी सखियों से कहने लगी कि वह कैसे माता-पिता है जो इनको वन में रहने के लिए भेज दिया। निषाद राज सिंगुआ वृक्ष के नीचे श्रीराम को रहने के लिए स्थान दिखाया, जो उन्हें अत्यंत प्रिय लगा। सभी ने आसन पर बैठकर भोजन किया। भोजन के बाद सीता और राम भूमि पर शयन करने लगे। जिसे देखकर निषाद राज रो पड़े और उन्होंने इसे सभी के लिए दुखदाई बताया। जिस पर लक्ष्मण ने उन्हें समझाते हुए अपना उपदेश सुनाया कि कोई किसी के सुख दुख का दाता नहीं है। सब अपने किये कर्मों का भोग है। उन्होंने मोह छोड़कर सीताराम के चरणकमल में अनुराग करने के लिए कहा। इस प्रकार रामगुण गाते सवेरा हो गया। राम जग गये। यहीं पर भगवान की आरती के बाद लीला संपन्न हुई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Chauhan Ashish Narbada था अब मेरा नाम Ashish Chauhan है मुझे Ashish Chauhan के नाम से जाना व पहचाना जाय। **Ashish Chauhan** पुत्र नर्वदा चौहान ग्राम लोहानपुर पो.-खरिहानी थाना-मेंहनगर जिला-आजमगढ़ उ0प्र0

सार्वजनिक नोटिस

मुवक्किलों सुश्री आंचल चंद्र और श्रीमती अलका चंद्र वीरिस्टी, के निर्देश पर जनता को सूचित किया जाता है कि अन्य सह- मालिकों के साथ, वाराणसी जिले के सदर तहसील के शिवपुर स्थित पिसौर परगना गांव में स्थित अराजी संख्या ९८० में अविभाजित हिस्सेदारी रखती हैं। उक्त भूमि संयुक्त, अविभाजित और अविभाजित है।

ध्यान दें कि:-1.हमारे मुवक्किलों की सहमति या कानूनी विभाजन के बिना किया गया कोई भी विक्रय विलेख, हस्तांतरण, लेन देन विकाशन या निर्माण शून्य, अमान्य और अवैध है।

2. विषय संपत्ति से संबंधित लेन देन करने, खरीदने, वित्त पोषण, विकाशन या निर्माण करने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा पूरी तरह से अपने जोखिम और परिणामों पर करेगा।

मुवक्किलों के निर्देशों के तहत जारी किया गया:
संकल्प गोस्वामी
अधिवक्ता, 90, लॉयर्स चौम्बर, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, फोन: +919711794546

रेलवे सुरक्षा बल ने महिला यात्री का डेढ़ लाख रुपये का सामान सुरक्षित लौटाया

रेलवे सुरक्षा बल के सतर्कता और मानवीय प्रयास से महिला यात्री का गुम हुआ कीमती पर्स सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया गया। घटना शनिवार की है। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रशासन, बरेका/वाराणसी के क्षेत्राधिकार में नियमित गश्त के दौरान उप निरीक्षक लवकुश प्रसाद और कांस्टेबल अजय कुमार विश्वकर्मा ने सुबह करीब ७.२० बजे नाथूपुर पोटा केबिन के सामने सड़क पर एक लेडीज हैंड पर्स लावारिस अवस्था में पड़ा देखा। आरपीएफ कर्मियों ने पर्स को सुरक्षित कब्जे में लेकर उसमें मिले मोबाइल नंबर के जरिए संबंधित महिला से संपर्क किया। महिला ने बताया कि उसका पर्स उक्त स्थान पर गिर गया था। बरेका/कैंट क्षेत्र में पहुंचने पर महिला की पहचान और पर्स में मौजूद सामान का सत्यापन किया गया। पर्स में एक हजार तीन सौ ९० रुपये नकद, करीब १२ ग्राम सोने की चेन, चांदी की पायल, परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड समेत अन्य जरूरी सामान मिला। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब १.५० लाख रुपये बतायी गयी। सामान का मिलान और पहचान सुनिश्चित होने के बाद सुरक्षा स्टाफ नागेंद्र चौबे की मौजूदगी में नियमानुसार सुपुर्दगी नामा तैयार कर पूरा सामान महिला को सुरक्षित सौंप दिया गया।

शराब के नशे में राहगीरों से मारपीट का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

भेलूपुर थाना क्षेत्र के पद्मश्री चौराहे पर शुक्रवार की रात शराब के नशे में राहगीरों से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान दुर्गाकुंड स्थित बनकटी मंदिर के पीछे रहने वाले करन भारती और ऋषभ भारती के रूप में हुई। बताया गया कि दोनों आरोपी नशे की हालत में बिना किसी कारण राहगीरों से उलझ गये। रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार छात्र-छात्रा को रोककर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद स्कूटी सवार एक अधेड़ को भी जमकर पीटा। मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आयी। दुर्गाकुंड चौकी प्रभारी संदीप सिंह ने पुलिस टीम के साथ काररवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

विभूति में छिनैती और लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस में उड़ाया यात्री का सामान

सुरक्षित रेल यात्रा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। कहने को रेलवे में कई सुरक्षा एजेंसियां हैं। उसके बावजूद ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों से चोरी और छिनैती की घटनाएं अनवरत जारी है। विभूति एक्सप्रेस में महिला यात्री से छिनैती और लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस में एक पुरुष यात्री का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। गत ३० सितंबर को गाड़ी संख्या- १३०४७ विभूति एक्सप्रेस के एस -४ बोगी में सवार महिला यात्री के गले से चेन नोचकर उचक्का भाग निकला। पश्चिम बंगाल के २४ परगना की निवासी कल्पना प्रधान के अनुसार सुबह ३.३० बजे के करीब बख्तियारपुर क्षेत्र में यह घटना हुई। कैंट जीआरपी ने मुकदमा दर्ज करके केस को बख्तियारपुर स्थानांतरित कर दिया। इसी तरह गत एक अक्तूबर को गाड़ी संख्या- १५०५४ लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के बी -३ बोगी में यात्री का बैग चोरी हो गया। लोहता के कोटवा निवासी सतीश कुमार उपाध्याय ने लिखित शिकायती पत्र में बताया कि वह चारबाग से ट्रेन में सवार हुए। अगले दिन सुबह वाराणसी जंक्शन पर उनकी आंख खुली तो बैग गायब था। बताया कि बैग में पांच हजार रुपये नकदी, मोबाइल फोन, कपड़े, दवा और पूजा की सामग्री रखी थी।

चौक से पत्नी को देखने मिर्जापुर गया युवक, सड़क किनारे मिला घायल, अस्पताल में तोड़ा दम

चौक थाना क्षेत्र के पियरी निवासी ३५ वर्षीय कृष्णकांत मिश्र की मिर्जापुर के जमालपुर थाना क्षेत्र स्थित डोहरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। कृष्णकांत अपनी बीमार पत्नी सविता को देखने ससुराल आये थे। गुरुवार की देर रात वह बाइक से वापस वाराणसी लौटने के लिए निकले थे, लेकिन गांव से कुछ ही दूरी पर बगीचे के पास सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, चार वर्षीय पुत्री परी और छह वर्षीय पुत्र लड्डू को छोड़ गये हैं। जमालपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार के अनुसार, सड़क किनारे मिले घायल युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हुई है। पुलिस दुर्घटना समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

एसएसओ के अभद्र व्यवहार पर ग्रामीणों में आक्रोश, एसडीओ ने कारrवाई का दिया भरोसा

रामेश्वर। बरनी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ ओमप्रकाश पर उपभोक्ता से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। बताया गया कि रामेश्वर फीडर के एक उपभोक्ता ने बिजली की शिकायत के निस्तारण के संबंध में पूछा तो एसएसओ ने २४ घंटे बाद शिकायत दूर होने की बात कही। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपखंड अधिकारी संजय कटारिया से की। एसडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि उपभोक्ताओं से इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जांच के बाद दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने कहा कि सरकारी कर्मचारी जनता का सेवक है और उसे सम्मानपूर्वक बात करनी चाहिए। ग्रामीणों के अनुसार भूईली उसर बस्ती के पास मुख्य केबल टूटकर जमीन से करीब पांच फीट ऊपर लटक रही है। मुसरान बस्ती में दो घरों की बिजली एक सप्ताह से और परसीपुर की मुस्लिम बस्ती में मुनव्वर की बिजली दस दिन से बंद है। शिकायतों के बावजूद समाधान न होने से ग्रामीण परेशान हैं।

चितईपुर में बदमाशों ने वृद्धा की चेन उड़ाई, मुकदमा दर्ज

चितईपुर थाना क्षेत्र के राजेंद्र विहार कालोनी लेन नंबर तीन नेवादा सुन्दर की रहने वाली जगपत्ती देवी का शुक्रवार की सुबह बदमाश चेन छीनकर फरार हो गये। उन्होंने शोर मचाया लेकिन तबतक आरोपित बदमाश बाइक से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर लौट गयी । पीड़िता के अनुसार वह सुबह करीब पौने छह बजे नल से पानी चलाकर घर के गेट से बाहर निकली। वहीं गेट के बगल में आटो खड़ा था, जिसपर दो आदमी कपड़े से मुंह बांधे बैठे थे। इसके बाद महिला जैसे ही खड़ाऊ बनाने वाले के घर से आगे बढ़ी तभी आदमी पीछे धक्का दिये, जिसके कारण वह जमीन पर गिर पड़ी । इसी दौरान गले से १२ ग्राम वजनी सोने की चेन खींचकर भाग निकले। कालोनी के तिराहे पर एक आदमी बाइक स्टार्ट करके खड़ा था जो, दोनों बदमाशों को बाइक पर बैठाकर फरार हो गया । घटना के बाद पीड़िता काफी जोर जोर चिल्लाई , जिससे आस पास के लोग आए लेकिन तबतक बाइक सवार फरार हो चुके थे। पीड़िता ६५ वर्ष की वृद्धा और शुगर की मरीज हैं, इनके पति डाक्टर सिद्धू राम पटेल हैं। चितईपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का राजफाश हो सकता है।

वर्गीकृत विज्ञापन

आज

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि मेरे आधार कार्ड संख्या 349611433990 में मेरा नाम mohshen raja मोहशिन रजा अंकित हैं जो गलत है, स्कूल के अभिलेख में सही नाम **Mohsin Raza** मोहसीन रजा पुत्र सालीम अली ग्राम कमालपुर, चुनार मिर्जापुर है, सही नाम पता मेरे आधार कार्ड में दर्ज किया जाना न्याय संगत होगा

सूचना-अतुल विश्वकर्मा व राममूरत विश्वकर्मा पुत्रगण स्व. शिवनरायन विश्वकर्मा व जय देवी पत्नी स्व. शिवनरायन विश्वकर्मा सभी निवासीगण कर्मदेश्वर पुरम कालोनी कन्दवां, चितईपुर वाराणसी के है सूचित करते है कि शिवमूरत विश्वकर्मा जो करीब 08वर्षो पूर्व से ही हम लोगों से अलग रहते है जिसकी कोई जानकारी नहीं है हम लोगो से शिवमूरत विश्वकर्मा पुत्र स्व. शिवनरायन विश्वकर्मा से कोई मतलब नही है तथा उनके द्वारा कोई अवैध कार्य/ऋण लेते है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी अगर कोई व्यक्ति उनसे लेन-देन करता है तो उस सभी की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। **अतुल विश्वकर्मा**

सूचना-मेरा नाम पाल प्रिती अशोक कुमार पुत्री अशोक पाल निवासी भदोही है, जोंकि मेरे सभी दस्तावेजों पर दर्ज है। भूलवश CTET परीक्षा अनु. 228201665 रिजल्ट में मेरा नाम त्रुटिवश पाल प्रीति दर्ज हो गया है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य मे मुझे मेरे सही नाम **पाल प्रिती अशोक कुमार** के नाम से जाना जाये।

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3798069 इण्टर मीडीयेट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2526795 बीए भाग एक वर्ष 2016 बीए भाग दो वर्ष 2017 बीए भाग तीन फाइनल वर्ष 2018 अनुक्रमांक न० 16413047216 का अंक पत्र व मूल सह प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। **कुमारी पूजा भारती** D/O गुल्लू राम ग्राम व पोस्ट कन्सों जनपद मऊ।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पंच वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र में नाम रिमझिम यादव (RIMJHIM YADAV) दर्ज है, वास्तविक में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गरिमा यादव (GARIMA YADAV) है ये दोनो ही नाम मेरे ही है। इसका संशोधन किया जाना राष्ट्रीय बचत पत्र में न्याय संगत होगा। **गरिमा यादव**, पुत्री श्री विश्वनाथ यादव, पता-के.56/120 औसानगंज जैतपुरा वाराणसी।

आवश्यकता है

कौशिल्या देवी बैजनाथ जायसवाल मैना देवी शेर बहादुर सिंह महाविद्यालय, गुवावॉ, भीलमपुर, जौनपुर में D.EL.ED. पाठ्यक्रम हेतु कला विषय के एक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी की योग्यता NCTE/SCERT एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार निर्धारित होगी। अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षिक अभिलेख एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक 20 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। **प्रबन्धक मोबाइल :9919130744**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, आजमगढ़

अल्पकालीक निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के सफाई विभाग में प्रयुक्त होने वाले वाहन टाटा हाइवा 2823K चेचिस नं0-MAT797079518O5346 का टायर व ट्यूब खराब हो गया है जिसकी क्रयदारी किया जाना अति आवश्यक हैं। आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए 10 नग टायर व ट्यूब की दर हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 14.10.2026 को अपरान्ह 03-00 बजे तक सील मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 03-30 बजे सार्वजनिक रूप से निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कोई या सभी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 05.10.26 से दिनांक 14.10.2026 तक कार्यालय दिवस में क्रय किये जा सकते हैं।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित व्यय	मात्रा/साइज	जमानत/धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य
1	2	3	4	5	6
1	टायर व ट्यूब की आपूर्ति।	रूपया 3.50 लाख	10 नग साइज-1000-20	35,000.00	700.00

शर्तेः-1. प्रत्येक निविदा के साथ रू0 35000.00 जमानत धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के नाम प्रतिभूति होना अनिवार्य है।
2. टायर 1000-20 व ट्यूब एम0आर0एफ/सी0ए0टी0 का होना अनिवार्य होगा।
3. स्वीकृत निविदादाता को रू0 100.00 के जनरल स्टैम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

पत्रांक:-934/न0पा0प0आ0/2026-27 दिनांक- 03/10/2026

कार्यालय नगर पंचायत बहादुरगंज, गाजीपुर

पत्रांकः- -1108 / न0प0ब0 / 2026-27 दिनांकः-03.10.2026

शुद्धि निविदा

नगर पंचायत बहादुरगंज, गाजीपुर द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में उत्तर प्रदेश सरकार के नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों) में अवस्थित सांस्कृतिक धार्मिक पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु ''वंदन योजना,, के अन्तर्गत नगर पंचायत बहादुरगंज गाजीपुर को प्राप्त धनराशि से मॉ चण्डी धाम मन्दिर पर कराये जाने वाले कार्य तथा वित्तीय वर्ष-2026-27 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में राज्य सेक्टर के ''सीवरेज एवं जल निकासी,, योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत बहादुरगंज गाजीपुर को प्राप्त धनराशि से निकाय में कवर्ड आर0 सी0 सी0 नाला निर्माण कार्य हेतु प्रकाशित ई-निविदा सूचना पत्रांक-1085 / न.पं.ब.-ई-निविदा / 2026-27 दिनांक-28.09.2026 के संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त निविदा का ई-निविदा पोर्टल पर दिनांक 29.09.2026 को प्रकाशन किया जाना निर्धारित था किन्तु तकनीकी कारणों से निर्धारित तिथि को ई-निविदा का प्रकाशन नहीं हो सका । पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा सूचना में उल्लिखित निविदा कार्यक्रम में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के स्थान पर संशोधित कार्यक्रम निम्नवत् होगा-

क्र. स.	नगर पंचायत बहादुरगंज	फर्म / ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		05-10-2026 02:00 PM	13-11-2026 02:00 PM
2		Tender Download & Bid Submission	05-10-2026 02:00 PM	13-11-2026 02:00 PM
3	Tender Opening		17-11-2026 11:00 AM	

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बहादुरगंज
गाजीपुर।

प्रशासक
नगर पंचायत बहादुरगंज
गाजीपुर।

कालीन मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट, हेलीपैड और एक्सपो मार्ट का निरीक्षण

ज्ञानपुर। 50वें गोल्डेन जुबली इंडिया कारपेट एक्सपो और पांचवें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चार से सात अक्तूबर तक कारपेट एक्सपो मार्ट भदोही में होने वाले आयोजन और प्रस्तावित वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर शनिवार को मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी/सीईओ बीडा शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने अधिकारियों व सीईपीसी-एकमा पदाधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने सबसे पहले भिखारीपुर मैदान में निर्माणाधीन हेलीपैड का निरीक्षण किया। आसपास के बड़े पेड़ों, सरकारी भवनों और निजी भवनों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने भदोही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मैदान में सफाई, चूना छिड़काव समेत अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने को कहा।

५०वें गोल्डेन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो में २२३ स्टॉल पर दिखेगी कालीन नगरी की कारीगरी, ६५ देशों से पहुंचेंगे करीब ४३० खरीदार

इसके बाद अधिकारियों ने कारपेट एक्सपो मार्ट का निरीक्षण किया। यहां निर्माणाधीन स्टॉल, मंच, बुनकरों और उद्यमियों से संवाद स्थल समेत अन्य तैयारियों को देखा गया। बैठक में वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर मंच, पार्किंग, सजावट, ब्रांडिंग, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, लंच तथा बुनकरों व स्थानीय उद्यमियों-निर्यातकों से संवाद की रूपरेखा पर चर्चा हुई। आयोजकों के अनुसार मेले में भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी के करीब 223 निर्यातक-उद्यमी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। अब तक के पंजीकरण के अनुसार 65 देशों से करीब 430 आयातक, खरीदार और उनके प्रतिनिधियों के पहुंचने की संभावना है। एक्सपो में ओडीओपी, जीआई टैग वाले उत्पाद, जेल के बंदी बुनकरों द्वारा तैयार कालीन, लाइव डेमो और सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र होंगे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ बाल गोविंद शुक्ल, एडीएम शुभांगी शुक्ला समेत पीडब्ल्यूडी, बिजली, उद्योग विभाग और सीईपीसी-एकमा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुत्र की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा निर्जला व्रत

ज्ञानपुर। संतान की मंगलकामना और पुत्र की दीर्घायु के लिए मनाया जाने वाला जिउतिया (जीवित्पुत्रिका) पर्व शनिवार को जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। व्रती महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर जीवित्पुत्रिका माता और भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना की। ज्ञानपुर, गोपीगंज और औराई क्षेत्र के तालाबों व गंगा घाटों पर सुबह से ही व्रती महिलाओं की भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने स्नान-ध्यान के बाद व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद घरों और पूजा स्थलों पर परंपरागत विधि-विधान से पूजा की गई। शाम को महिलाओं ने समूह में बैठकर भगवान जीमूतवाहन तथा गिद्ध-कुंवर की कथा सुनी। मान्यता के अनुसार जिउतिया व्रत संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए रखा जाता है। व्रत के दौरान महिलाओं ने परंपरागत पकवानों के साथ सतपुतिया की सब्जी और नोनी साग आदि का पूजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक महिलाओं के समूहों में कथा-पूजन का सिलसिला चलता रहा। जिउतिया पर्व को लेकर पिछले दो दिनों से बाजारों में भी रौनक रही। श्रृंगार सामग्री, फल, सिकहरा और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं खरीदारी के लिए बाजार पहुंचीं। व्रती महिलाएं रविवार सुबह पारण कर व्रत पूरा करेंगी।

तालाबों और गंगा घाटों पर उमड़ी व्रती महिलाओं की भीड़, बाजारों में भी रही रौनक

पुत्र की दीर्घायु की कामना के साथ माताओं ने रखा निर्जल व्रत

गोपीगंज। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को जीवित्पुत्रिका का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। पुत्र के स्वास्थ्य, खुशहाली और दीर्घायु की कामना के साथ माताओं ने जीवित्पुत्रिका का व्रत रखकर विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया। विभिन्न शिव मंदिरों में देर शाम तक व्रती महिलाओं ने कथा श्रवण किया। अश्विनी माह में अष्टमी के दिन प्रात:काल स्नान ध्यान कर माताओं ने व्रत धारण कर पूजन की तैयारी में लगी रहीं। सायंकाल फल फूल व पूजन सामग्री डलिया में सजाकर गाजे बाजे के साथ व्रती महिलाएं मंदिर परिसर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। कुछ ही देर में पूरा परिसर श्रद्धालु महिलाओं से भर गया। मंदिर पर पहुंची महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर कथा का रसपान किया। पूजन अर्चन के लिए बाबा बड़े शिव धाम, हनुमान गढ़ी मंदिर, कबूतरनाथ, गोपेश्वरनाथ, जोगीबीर महादेव सहित अन्य मंदिरों पर सायंकाल तक व्रती महिलाओं ने पूजन अर्चन किया। व्रत का पारण रविवार को होगा।

मातृनवमी आज

कांवल। अश्विन कृष्णपक्ष की नवमी तिथि को मातृनवमी होता है। मातृनवमी रविवार को होगा। इस दिन पूर्वजों को पूड़ी आदि नैवेद्य के रूप में चढ़ाया जाता है। लौकिक मान्यताओं की ओर देखे तो ऐसा माना जाता है कि पूर्वज कौए आदि के रूप में आकर अर्पित किये गए नैवेद्य को स्वीकार करते है।

कोछिया में इस वर्ष नहीं होगा कुश्ती दंगल

कस्तूरीपुर। सुरियावां विकासखंड के कोछिया गांव में हर वर्ष पांच अक्तूबर को होने वाली कुश्ती दंगल प्रतियोगिता इस वर्ष स्थगित कर दी गई है। नवयुवक मंगल दल के पदाधिकारियों की सहमति से आयोजन नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष अशोक उमर ने बताया कि कतिपय कारणों से इस वर्ष कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जाएगी। हर वर्ष होने वाले इस आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहलवान और दर्शक पहुंचते थे। हालांकि, इस वर्ष प्रतियोगिता स्थगित रहने से ग्रामीणों में निराशा है। आयोजकों ने बताया कि परिस्थितियां अनुकूल होने पर आगामी वर्ष परंपरागत रूप से कुश्ती दंगल का आयोजन कराया जाएगा।

पूर्व प्रधान सुमित्रा देवी पाल के निधन पर शोक

कस्तूरीपुर। सुरियावां विकासखंड के लालीपुर ग्रामसभा की पूर्व प्रधान सुमित्रा देवी पाल (72) का मंगलवार 29 सितंबर की रात वाराणसी के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह वर्ष 2000 से 2010 तक लगातार दो कार्यकाल ग्राम प्रधान रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान भदोही विधायक जाहिद बेग, पूर्व प्रधान समीम अंसारी, माता दीन यादव, श्यामबली पाल, राजेश पाल, रामआशीष सरोज, डॉ. राजधर यादव, अवधेश यादव और अच्छेलाल पाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई।

कालीन उद्यमी की पत्नी के निधन पर शोक

भदोही। नगर के कालीन उद्यमी प्रदीप बरनवाल की पत्नी के निधन पर भारतीय शिशु मंदिर में शोकसभा आयोजित की गई। इसमें उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में ओमप्रकाश पांडेय, कौशल कुमार गुप्ता, शिवशंकर यादव, अशोक कुमार गुप्ता, विक्की गुप्ता, मास्टर बरनवाल, बबलू सेठ, रविंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। लोगों ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

मस्जिद के सामने नाली का गंदा पानी, नमाजियों को हुई परेशानी

घोसिया। नगर पंचायत घोसिया के सदर रोड स्थित करीमुल्लाह मस्जिद के पास नाली का गंदा पानी सड़क पर जमा होने से राहगीरों और नमाजियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे लोगों को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार नाली का पानी काफी समय से सड़क पर जमा है। जलभराव के कारण सड़क पर गंदगी फैल गई है और आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन अब तक स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल सफाई कराने के साथ नाली की मरम्मत और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

भाजपा की बैठक में बूथ मजबूत करने पर जोर

ज्ञानपुर। भाजपा के जिला कार्यालय में शनिवार को हुई संगठनात्मक बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का आह्वान किया। बैठक की शुरुआत जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मुख्य अतिथि रमेश सिंह के स्वागत के साथ की। संचालन जिला महामंत्री राजेश पटेल ने किया। रमेश सिंह ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाकर संगठन को और मजबूत किया जाना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठनात्मक कार्यक्रमों को और गति दी जाएगी। बैठक का समापन सांसद डॉ. विनोद बिंद ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर संगठन के कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा, पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडे, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पांडे, हौसला प्रसाद पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

रुक्मिणी हरण जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक - अनुराग

ज्ञानपुर। कौलापुर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन शनिवार को कथा व्यास अनुराग जी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, महारास और भगवान की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। रुक्मिणी हरण प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि जब रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से होने वाला था, तब उन्होंने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर अपने उद्धार की प्राथ्रना की। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर द्वारका ले गए। इस दौरान श्रीकृष्ण का शिशुपाल और रुक्मि से युद्ध हुआ, जिसमें भगवान विजयी हुए। बाद में द्वारका में श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप हैं और लक्ष्मी नारायण से अलग नहीं रह सकतीं। मनुष्य को अपने धन का उपयोग परमार्थ और भगवान की सेवा में करना चाहिए। धन का सदुपयोग न होने पर वह बीमारी, चोरी या किसी अन्य माध्यम से हाथ से निकल सकता है। भगवान की सेवा और आराधना करने वाले भक्तों पर उनकी कृपा स्वत: बनी रहती है। महाराज ने महारास का वर्णन करते हुए कहा कि यह जीव और शिव के मिलन की कथा है। रासलीला काम को बढ़ाने की नहीं, बल्कि काम पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि महारास के पांच अध्यायों में वर्णित पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। इनका भावपूर्वक गायन करने वाला भक्त भवसागर से पार होने का मार्ग प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेक बाल लीलाएं कीं, जो भक्तों के हृदय को सहज ही आकर्षित करती हैं। गोपी गीत का उल्लेख करते हुए कहा कि जीव में अभिमान आते ही भगवान उससे दूर हो जाते हैं, जबकि सच्चे विरह और समर्पण की भावना होने पर भगवान उस पर अनुग्रह कर दर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं।

भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

सौनैचा में दंगल मेला आज, कई जिलों के पहलवान दिखाएंगे दमखम

ऊंज। क्षेत्र के सौनैचा गांव में प्रसिद्ध दंगल मेले का आयोजन रविवार चार अक्टूबर को किया जाएगा। दंगल में भदोही के अलावा वाराणसी, मिर्जापुर सहित अन्य जनपदों के पहलवान भाग लेंगे। आयोजकों की ओर से दंगल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजक संजय पांडेय ने बताया कि दंगल के साथ मेले का भी आयोजन होगा। इसमें क्षेत्र और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। विभिन्न जिलों से आने वाले पहलवान कुश्ती में अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे।

कृष्ण भगवान ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ऊंज। चितईपुर बेरासपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक विनोद माधव जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रकृति की रक्षा स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग को यमुना से बाहर करने की लीला जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश देती है। आज नदियों और तालाबों को प्रदूषण से बचाना सभी की जिम्मेदारी है। गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाने की लीला के माध्यम से पर्वत, पेड़, गाय और धरती के महत्व को बताया गया है। कथावाचक ने कहा कि वृक्ष ऑक्सीजन देते हैं और पर्वत जल स्त्रोतों की रक्षा करते हैं। इनके संरक्षण के बिना पर्यावरण का संतुलन संभव नहीं है। उन्होंने गौसेवा और तुलसी पूजा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जगदीश चरण पांडेय, अनूप दुबे, सुभाष पांडेय, बाल गोविंद पांडेय, गयानाथ दुबे, पुनीत सिंह, लालचंद दुबे आदि मौजूद रहे।

गिरफ्तार कांग्रेसजनों की तत्काल हो रिहाई - वसीम

भदोही। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव अनिल यादव, जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष मुकेश पाल धनगर एवं अन्य कांग्रेसजनों की गिरफ्तारी तथा उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भदोही द्वारा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी भदोही के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों आगरा स्थित मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पैतृक आवास के बाहर कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद अनिल यादव, मुकेश पाल धनगर सहित अन्य साथियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार, संवैधानिक संस्थाओं और सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों के निर्णयों के विरुद्ध अपनी असहमति दर्ज कराना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध को आपराधिक कृत्य के समान नहीं देखा जाना चाहिए। श्री अंसारी ने कहा कि कांग्रेस कानून के शासन और संविधान में पूणज़् विश्वास रखती है। यदि किसी घटना में कानून का उल्लंघन हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, लेकिन हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं का प्रयोग तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। राजनीतिक विरोध की आवाज को गंभीर आपराधिक धाराओं के माध्यम से दबाने के बजाय पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार साथियों को तत्काल रिहा किया जाए तथा उनके विरुद्ध लगाई गई गंभीर धाराओं की निष्पक्ष समीक्षा कर, यदि वे तथ्यों एवं साक्ष्यों से पुष्ट नहीं होती हैं, तो उन्हें हटाया जाए। साथ ही गिरफ्तार सभी साथियों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। असहमति की आवाज को सुना जाना चाहिए।

लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर लेखपाल, १७ अक्तूबर से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील ज्ञानपुर इकाई ने लेखपाल संवर्ग की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर के लेखपाल 17 अक्तूबर से चरणबद्ध तरीके से संपूर्ण कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में लेखपालों ने कहा कि राजस्व अभिलेखों के अद्यतन, वरासत, नामांतरण, पैमाइश, ई-गवर्नेंस, आपदा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का बड़ा दायित्व लेखपालों पर है। इसके बावजूद वर्षों से उनकी मांगें लंबित हैं। संघ ने प्रारंभिक वेतनमान को लेवल-5 यानी 2800 ग्रेड पे किए जाने, वेतन विसंगति दूर करने, आठ वर्षों से लंबित अंतरमंडलीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने और चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची तत्काल जारी करने की मांग की। बताया कि डीपीसी की कार्रवाई अप्रैल 2026 में पूरी होने के बावजूद पदोन्नति सूची जारी नहीं हुई है। इसके अलावा वर्ष 2024 में नियुक्त लेखपालों की प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम व प्रमाणपत्र जारी कर स्थायीकरण करने, 16 वर्षो से अपरिवर्तित भत्तों में वृद्धि करने की मांग उठाई गई। संघ ने स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 500 रुपये, मोटरसाइकिल वाहन भत्ता 1500 रुपये और विशेष भत्ता 100 से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग रखी। लेखपालों को भूलेख कार्यालयों व अन्य पटलों से हटाने, ग्राम सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित कर लैपटॉप व मोबाइल जैसे संसाधन उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

संतान के चिरंजीवी होने के लिए माताओं ने की जीमूतवाहन की पूजा

कांवल। संतान की दीर्घायु के लिए जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत के मौके पर माताओं ने शनिवार को निर्जला व्रत रखा। जनपद के विभिन्न तालाबों पर पहुंचीं महिलाओं ने भगवान जीमूतवाहन की विधि-विधान से पूजा की और अपनी संतान की दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना की। पुत्रकी लंबी आयु से जुड़े पर्व जीवित पुत्रिका व्रत की पूजा शनिवार को जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सुबह से ही पर्व की तैयारी की थी। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सारा दिन उपवास रखते हुए पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं ने घरों में मडुआ के आटे से व्यंजन तैयार किया। इस दौरान जिउतिया के मौके पर देर शाम व्रती महिलाओं ने अपने घर जीमूतवाहन बाबा की पूजा-अर्चना भी की। पूजन साम्रगी से जीमूत वाहन बाबा की पूजा करने के बाद कथा का श्रवण किया। घंटो पूजा-अर्चना के बाद व्रती महिलाओं के द्वारा जीमूतवाहन की कथा भी सुना गया। माताओं द्वारा पुत्र के चिरंजीवी होने की कामना को लेकर मनाया जाने वाला जीवित पुत्रिका व्रत जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में शनिवार को परंपरागत रूप से संपन्न हुआ। इस मौके पर व्रती माताओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान जीमूत वाहन की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जीवित पुत्रिका व्रत कथा का नियमानुसार श्रवण किया। इसके लिए जगह-जगह व्रती माताओं की भीड़ जुटी थी। कई स्थानों पर व्रतियों ने परंपरानुसार भगवान सूर्य को भी अर्घ्य अर्पित किया। ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने वाली माताओं के पुत्र दीर्घजीवी होते हैं और उनके जीवन में आने वाली सारी विपतिया स्वत: टल जाती है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में निर्जला उपवास के बाद महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से जीवित पुत्रिका व्रत कथा का श्रवण किया गया।

एक वर्ष से ट्रांसफार्मर की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, मुख्यमंत्री से लगाएंगे गुहार

सुरियावां। ग्राम पट्टी बेजाव के नौवापुर गांव के ग्रामीण पिछले करीब एक वर्ष से ट्रांसफार्मर की समस्या से परेशान हैं। गांव में वर्तमान में मात्र 16 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है, जबकि यहां 40 से अधिक कनेक्शन धारक हैं। अधिक भार के कारण ग्रामीणों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए एसडीओ और एक्सईएन सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत और गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष सुरियावां सुरेश चौहान एवं ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश पाल ने संयुक्त रूप से कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर लंबे समय से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं और अब थक चुके हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन के दौरान ग्रामीण अपनी समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने अथवा नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के समक्ष समस्या पहुंचने के बाद गांव की बिजली व्यवस्था में सुधार हो सकेगा।

जीतन राम मांझी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

ज्ञानपुर। नगर स्थित एक प्रतिष्ठान में शनिवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर की ओर से पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इसके बाद विभूति नारायण इंटर कॉलेज के मैदान में प्रदेश अध्यक्ष ललित नारायण चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने पौधरोपण किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित नारायण चौधरी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की मांग की जा रही है। उत्तर प्रदेश इकाई भी इस मांग का समर्थन करती है। उन्होंने वनवासी समाज के महिला प्रसव के संबंध मे संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों खिलाफ कार्रवाई करना जिला प्रशासन की ओर से किए गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की कोई घटना सामने आती है तो पार्टी पदाधिकारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ ही जिले में भी संगठन को मजबूत करने का काम चल रहा है। जिला स्तर पर नए पदाधिकारियों का गठन किया जा रहा है। इसके साथ ही बूथ स्तर तक पदाधिकारियों का चयन कर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

आज से सात अक्तूबर तक लगेगा ५०वां गोल्डेन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो

फेयर में आयेंगे ६५ देशों के ४३० विदेशी खरीदार

भदोही। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के अध्यक्ष कैप्टन मुकेश गोम्बर ने कहा कि कार्पेट नगरी भदोही में इंडिया कार्पेट एक्सपो के 50वें गोल्डन जुबली संस्करण का आयोजन 4 से 7 अक्टूबर तक कार्पेट एक्सपो मार्ट में होगा। परिषद द्वारा आयोजित यह एक्सपो भदोही में पांचवीं बार लग रहा है। सीईपीसी अध्यक्ष शनिवार को कार्पेट एक्सपो मार्ट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। बताया कि इस वर्ष एक्सपो में 223 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। 65 देशों से 430 विदेशी खरीदारों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें ब्रिक्स देशों के 106 खरीदार शामिल हैं। परिषद द्वारा लगभग 196 विदेशी खरीदारों को आतिथ्य पैकेज दिया गया है, जिसमें 168 पूर्ण आतिथ्य और 28 केवल होटल पैकेज हैं। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो एशिया में हस्तनिर्मित कालीन, रग्स और फ्लोर कवरिंग की प्रमुख प्रदर्शनियों में से एक है। इस ऐतिहासिक संस्करण में भारत की समृद्ध बुनाई परंपरा, उत्कृष्ट शिल्पकला और समकालीन डिजाइनों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह भारतीय निर्माताओं और निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जोड़ने का वैश्विक मंच बनेगा। कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का सहयोग उद्योग की चुनौतियों से निपटने और नए बाजार तलाशने में महत्वपूर्ण रहा है। यह प्रदर्शनी केवल व्यापार मेला नहीं, बल्कि कारीगरों, बुनकरों और निर्यातकों के दृढ़ संकल्प तथा वैश्विक आकांक्षाओं का प्रतीक है। बताया कि प्रदर्शनी के दौरान ब्रिक्स कालीन एवं शिल्प सम्मेलन 2026 का आयोजन होगा, जिसकी थीम तीन दिन-तीन विषय-एक वैश्विक संवाद है। यह सम्मेलन ब्रिक्स देशों और वैश्विक कालीन क्षेत्र के हितधारकों के बीच संवाद और व्यावसायिक सहभागिता का मंच बनेगा। साथ ही आईआईसीटी द्वारा नवसृष्टि 2026 ? के तहत सर्वश्रेष्ठ भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों की विशेष प्रदर्शनी भी लगेगी। उपाध्यक्ष असलम महबूब ने कहा कि स्वर्ण जयंती संस्करण परिषद की यात्रा में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। ब्रिक्स देशों से खरीदारों की भागीदारी से बाजार विस्तार और दीर्घकालिक साझेदारियों के नए अवसर बनेंगे। प्रदर्शनी के दौरान छह ज्ञानवर्धक सत्र भी आयोजित होंगे। इस अवसर पर एकमाध्यक्ष

उमेश गुप्ता मुन्ना प्रशासनिक समिति के सदस्य मो. वासिफ अंसारी, इम्तियाज अहमद, अनिल सिंह, पीयूष बरनवाल, हुसैन जफर हुसैनी, बोधराज मल्होत्रा, दीपक खन्ना, कुलदीप राज वट्टल, महावीर प्रताप शर्मा, मेहराज यासीन जान, रवि पाटोदिया, रोहित गुप्ता, संजय गुप्ता, शौकत खां, शेख आशिक अहमद, सूर्यमणि तिवारी एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. स्मिता आदि मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

जंगीगंज। रामदेव पीजी कॉलेज, जंगीगंज में गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएड विभाग के प्रशिक्षुओं ने ग्रामसभा चंदापुर में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। वहीं, महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान के तहत प्रशिक्षुओं ने ग्राम सचिवालय के आसपास कूड़ा-कचरा एकत्र कर सफाई की। इसके बाद हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लेकर नारे लगाते हुए गांव में जागरूकता रैली निकाली। एक स्थान पर एकत्र होकर प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन राजबली मिश्र ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज में सद्भाव और एकता का वातावरण बनाया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि दुनिया में जिस बदलाव को देखना चाहते हैं, उसकी शुरुआत स्वयं से करनी होगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के जीवन पर आधारित भाषण, कविता-पाठ और गीत प्रस्तुत किए। अन्य वक्ताओं ने भी उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

ऊंज। क्षेत्र के सुघवई गांव निवासी समाजसेवी योगेश मिश्रा राहुल की दादी श्रीमती नरमादेवी का आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार को उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, सुशील सिंह, मनोज दुबे, धनंजय मौयज़्, अवधेश सिंह, अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

संस्था प्रमुखों को प्रशासनिक दायित्वों का दिया प्रशिक्षण

ज्ञानपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), ज्ञानपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापकों के कार्य एवं दायित्वों को लेकर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शनिवार को समापन हुआ। 30 सितंबर, एक और तीन अक्तूबर को आयोजित प्रशिक्षण में संस्था प्रमुखों की प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के साथ विद्यालयों में प्रभावी नेतृत्व पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में विकसित हस्तपुस्तिका 'समर्थ' मॉड्यूल के साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं वेल बीइंग से जुड़े विषयों पर संस्था प्रमुखों को जानकारी दी गई। विभिन्न सत्रों में संदर्भदाताओं ने विद्यालय प्रबंधन, प्रशासनिक दायित्वों और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता संजीत भारतीय, गुनराज सिंह, भानुप्रकाश यादव, अरविंद सोनकर, डॉ. स्मिता सिंह, वंदना भारती, आशुतोष दुबे, मयंक सिंह और ललित प्रकाश चंद्र ने प्रतिभागियों को विषय की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान संस्था प्रमुखों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय स्तर पर मॉड्यूल के प्रभावी क्रियान्वयन के तरीके भी सीखे।

शिवधनुष टूटते ही गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

भदोही। नगर के मर्यादपट्टी स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शुक्रवार को रामलीला के चौथे दिन धनुर्ज्ञ यज्ञ समेत रामकथा के महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में भगवान श्रीराम के शिवधनुष तोड़ते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। देर रात तक चले मंचन में रावण-बाणासुर संवाद और परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को बांधे रखा। राजा जनक के दरबार में आयोजित सीता स्वयंवर का दृश्य मंच पर साकार किया गया। स्वयंवर में पहुंचे अनेक राजा-महाराजाओं ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफल नहीं हुआ। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पर भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास करते ही धनुष भंग हो गया। धनुष टूटने की गूंज के साथ दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

९० वर्ष की उम्र में पूर्व प्रधानाचार्य श्याम प्रसाद उपाध्याय का निधन

औराई। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं जूनियर हाईस्कूल नई बाजार के पूर्व प्रधानाचार्य तथा श्री केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद उपाध्याय का शुक्रवार को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को श्री केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिसर में शोकसभा आयोजित कर शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्रबंधक अतुल उपाध्याय ने कहा कि श्याम प्रसाद उपाध्याय का जीवन शिक्षा के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा। विद्यालय के विकास में उनका मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। प्रधानाचार्या वर्षा उपाध्याय ने कहा कि वह कुशल मार्गदर्शक और शिक्षाविद थे।

आज कालीन मेले का आगाज करेंगे सीएम योगी, देंगे करोड़ों की सौगात

ज्ञानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को भदोही पहुंचेंगे। वह 50वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन करने के साथ भिखारीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जिले को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 1:40 बजे अभयनपुर मैदान में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से 1:45 बजे कारपेट एक्सपो मार्ट के लिए रवाना होंगे। एक्सपो मार्ट पहुंचकर अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन करेंगे और करीब पौने दो बजे तक वहां रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री भिखारीपुर मैदान पहुंचेंगे। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करने के साथ ही जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें धनतुलसी पक्का पुल, काशी नरेश राज्य विश्वविद्यालय, काशी विंध्य एक्सप्रेसवे समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय रहा।

अनस साजिद उस्मानी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी

गोपीगंज। नगर के एक प्रतिष्ठान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। इसमें कानपुर निवासी अनस साजिद उस्मानी को भाजपा अल्पसंख्यक मोच्र्रा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। भदोही अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री आसिफखान ने कहा कि अनस साजिद उस्मानी मोर्चा के प्रदेश मंत्री के साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। कार्यकर्ताओ ने उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही। बैठक में मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में किशोर घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के जगीगंज बाजार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर शुक्रवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कुलमनपुर गांव निवासी इजहार अली का 16 वर्षीय पुत्र राजअली घायल हो गया। बताया गया कि राजअली बाइक से घर लौट रहा था।

संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने रखा जीवित्पुत्रिका व्रत

महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की भगवान की आराधना, जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी

सोनभद्र। संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना के लिए माताओं ने शनिवार को जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। पितृ पक्ष में पड़ने वाले व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। राबर्ट्सगंज समेत आसपास के बाजारों में सुबह से ही पूजन सामग्री से जुड़े फल, मिठाई समेत पूजन से संबंधित सामग्रियों की खरीदारी के लिए महिलाओं की उमड़ी रही। **शाहगंज संवाददाता के अनुसार**-पुत्रों की दीर्घायु कामना के साथ ही महिलाओं ने जिउतिया व्रत रख विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। माताओं ने शनिवार को निर्जला व्रत रखा। सायंकाल अमउड़, छुटेर, खजुरी ,डोहरी, ओड़हथा, मराची, डोबरियाल, ईनम सहित अन्य गांवों में जलाशयों में स्नान कर जगह-जगह इकट्ठी होकर पुत्रों की दीर्घायु और सुख समृद्धि की मनोकामनाएं कीं। जिउतबंधन बाबा की वेदी बनाकर पूजन-अर्चन किया। इस दौरान जिमूतवाहन बाबा व पुत्रों से संबंधित कहानियां सुनीं। इसमें चिल्हो-सियारन की कहानियां भी प्रमुखता से शामिल रही। बता दें कि जिउतिया के दिन शनिवार को सायंकाल व्रती माताओं ने सरोवरों में स्नान करने के बाद घाट पर ही नेनुआ के पत्ते पर चिल्हो-सियारन के लिए खली, अक्षत, फूल के साथ ही दातुन और पानी आदि भी रखा। थाली, परात में फल-फूल, वस्त्र आदि सामग्री लेकर निर्धारित स्थल पर एकत्रित हो गयी, जहां कुश से बनाये गये जिउतबंधन बाबा की वेदी की विधि-विधान से पूजन अर्जन की और जिउतिया माता

से संबंधित कहानियां सुनीं। अन्त में देवी गीत गाकर पूजा का समापन किया। जीवित्पुत्रिका पर्व के प्रति महिलाओं में उत्साह के साथ-साथ श्रद्धा तथा भक्ति का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। **डाला संवाददाता के अनुसार**-नगर पंचायत डाला बाजार अंतर्गत नई बस्ती में संतानों के कल्याण, आरोग्य और लंबी उम्र का पावन पर्व जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। क्षेत्र की बड़ी संख्या में माताओं ने कठिन निर्जला व्रत रखकर सामूहिक रूप से पूजन-अर्चन किया। पूजा स्थल पर व्रती महिलाओं ने विधि-विधान के अनुसार कुश और मिट्टी से भगवान जीमूतवाहन, चील्ह व सियारिन की प्रतिमाएं स्थापित कीं। इसके बाद धूप, दीप, फल, फूल, नोनी का साग, सतपुतिया और पारंपरिक पकवानों का भोग अर्पित कर विधिवत आराधना की। महिलाओं ने एकाग्रचित्त होकर जिउतिया व्रत की पौराणिक कथा सुनी और पारंपरिक मंगल गीतों से पूरा परिवेश भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर रानी देवी, रश्मि त्रिपाठी, रश्मि सिंह, अर्पिता गुप्ता, पूजा गुप्ता, मंजु, लक्ष्मी मौजूद रहीं। **रेणुकूट संवाददाता के अनुसार**-संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर शनिवार को रेणुकूट नगर में महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। व्रत के दौरान महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर अपने पुत्रों की कुशलता और दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की। शाम होते ही नगर के विभिन्न मोहल्लों में स्थित मंदिरों में महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान की आराधना की और जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं। मंदिरों में पूजा के लिए पहुंची महिलाओं ने पारंपरिक रूप से पूजन सामग्री अर्पित कर अपने परिवार की सुख-शांति की कामना की। **ओबरा संवाददाता के अनुसार**-माताओं द्वारा अपने बच्चों की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और तरक्की के लिए रखा जाने वाला जीवित्पुत्रिका का पावन पर्व शनिवार को ओबरा नगर क्षेत्र में बड़े ही उत्साह और लोक-आस्था के साथ मनाया गया। नहाय-खाय से शुरू हुए इस अनुष्ठान में माताओं ने पूरे 24 घंटे का कठोर निर्जला उपवास रखकर भगवान जीमूतवाहन से अपने बच्चों की सुरक्षा और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। पर्व के मौके पर ओबरा नगर के देवालयों, सार्वजनिक मैदानों और कॉलोनियों में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पूजा के लिए विशेष रूप से अस्थाई कुएं, जल-कुंड और मिट्टी की सुंदर वेदियां बनाई गई थीं, जहां बैठकर महिलाओं ने पूजन अनुष्ठान संपन्न किया। पूजा स्थलों के बाहर किसी मेले की तरह दुकानें सज गईं। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए चाट-फुल्की, गुब्बारे और खिलौनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे, जहां पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने परिवार संग मेले का आनंद लिया। नगर के अलग-अलग हिस्सों में स्थित पूजा स्थलों पर व्रती माताओं का तांता लगा रहा। चूड़ी गली स्थित शीतला माता मंदिर में महिलाओं ने धूप, दीप, फल और फूल अर्पित कर एक साथ बैठकर व्रत की कथा सुनी। पुराने थाने के पास स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और रोशनी से सजाया गया था।

गांधी जयंती पर ग्रासिम इण्डस्ट्रीज में चला स्वच्छता अभियान

रेणुकूट(सोनभद्र)। गांधी जयंती के मौके पर ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट के तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईकाई प्रमुख अजय कुमार गुप्ता रहें। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के जीवन व उनके विचार और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अजय कुमार गुप्ता ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई मित्र व स्वच्छता दूत का मनोबल बढाया और उन्हें उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन कर्मचारी संबंध विभाग से केशव बोहरा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर कर्मचारी संबंध से चांदनी निर्मल ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मानव संसाधन प्रमुख राजीव दुबे, पावर प्लान्ट प्रमुख विवेक गुप्ता, वैप प्रमुख अधिराज मोहन रॉय, कर्मचारी संबंध विभाग से निधीश गौड़, अनिल सिंह, बी. पी श्रीवास्तव, सुरक्षा अधिकारी राजेश सिंह मौजूद रहे।

बड़ेर टूटी, आशियाना ढहा, मलबे में दबा गृहस्थी का सामान

मारकुंडी(सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र के आदिवासी बहुल बेलछ टोला रुदौली में शनिवार की अलसुबह उस समय अफ़रा-तफ़री मच गई, जब गरीब महिला सुमित्रा पत्नी स्व. छोटेलाल गौड़ का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। मकान का ऊपरी हिस्सा और बड़ेर टूटकर गिरने से घर में रखा घरेलू सामान, खाद्य सामग्री समेत अन्य जरूरी वस्तुएं मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि हादसे के वक्त परिवार के सभी सदस्य किसी काम से घर के बाहर निकल गए थे। इसके चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

महापुरूषों की मनायी गयी जयंती

चुर्क(सोनभद्र)। अखिल भारतीय पासी महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी , पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं बाबू मसुरियादीन पासी की जयंती मनाई गई। मौजूद लोगों ने महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उन लोगों के जीवन कृतत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष जयनारायण भारतीय पासी, दयाराम रावत, रामकृष्ण लाल, शंभूनाथ, विनीत सरोज, पंकज सरोज, सुशील कुमार रावत, कैलाश त्यागी, दिनेश सरोज, अनिल सरोज आदि मौजूद रहे।

तहसील दुद्धी में डीएम, एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अक्टूबर महीने के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों की सुनवाई कर उसका यथोचित निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित ज्यादा मामले प्राप्त हुए, जिसका टीमों से स्थलीय निरीक्षण कराकर उसका निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक जरूर लिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता ने 65 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 02 मामले निस्तारित किये, बाकी 63 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में उप जिलाधिकारी रवि कुमार पासवान व तहसीलदार ओबरा आदि ने 44 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 06 मामले निस्तारित किये,बाकी 38 प्रकरणों

शिकायतों में सबसे अधिक जमीन सम्बन्धी विवाद रहे शामिल

निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार दुद्धी, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस रॉबर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 29 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामले निस्तारित किये, बाकी 22 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार घोरावल आदि ने 53 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये और बाकी 47 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

साहू समाज ने एकजुटता का दिया संदेश

विंढमगंज(सोनभद्र)। बुटवेढवा ग्राम पंचायत स्थित रामलीला फड़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर साहू समाज समिति के तत्वावधान में भव्य गांधी जयंती समारोह हुआ। कार्यक्रम में साहू समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड एवं गढ़वा जिले के समगा प्रखंड प्रमुख अजय कुमार गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में विकास स्वदेशी प्रवक्ता जितेंद्र कुमार गुप्ता तथा नंदलाल गुप्ता मौजूद रहे। संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया।

सत्य-अहिंसा के संदेश के साथ जिला कारागार में मनी गांधी जयंती

मारकुंडी(सोनभद्र)। जिला कारागार गुरमा के प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कारागार अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने दोनों महापुरूषों के जीवन, संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डालते हुए सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने सत्य, अहिंसा, सामाजिक न्याय, सादगी और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

चेयरमैन ने किया सीसी रोड, नाली का भूमिपूजन

डाला(सोनभद्र)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर सात में 12.30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड व नाली का नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती कुमारी ने भूमिपूजन कर संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि नाली निर्माण गुड्डू खान के घर से हृदय नारायण तिवारी के घर तक 70 मीटर होगा है व सीसी रोड 155 मीटर सिनी जफीर के घर तक बनेगी। इस मौके पर सभासद विशाल कुमार, अवनीश देव पांडेय, नितेश कुमार समेत नपं लिपिक ऋषि कुमार ,विनय कुमार मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं को वितरित की गयी ६५ लाख ७९ हजार छात्रवृत्ति

सोनभद्र। जनपद में प्रथम चरण में समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कुल 2 हजार 483 छात्र-छात्राओं के खाते में 65 लाख 79 हजार 149 रुपये छात्रवृत्ति प्रेषित की गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह कार्यक्रम के आयोजन का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को विधायक सदर भूपेश चौबे, ओमप्रकाश दूबे भाजपा उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह भदौरिया, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र देव पाण्डेय सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा। स्कूल के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण विधायकगण व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। विधायक सदर भूपेश चौबे ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा आज त्यौहार के पूर्व ही छात्र-छात्राओं के खाते में धनराशि हस्तान्तारित करने का कार्य किया गया है,यह प्रथम चरण है,अभी आगे मार्च तक कई चरणों में छात्रवृत्ति योजना से छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी ताकि छात्र-छात्रा अपनी शिक्षा जारी रख सकें। यह योजना एससी, एसटी, ओबीसी, सामान्य और अल्पसंख्यक श्रेणियों के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है, कोई भी योग्य छात्र छात्रवृत्ति की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से श्रमिक के बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करायी जा रही है, जिससे उनके जीवन में बेहतर सुधार होगा, प्रदेश सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु संकल्पित है। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में मदद करती है, स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या को कम करना और उन्हें प्रोत्साहित करना, शिक्षा के लिए सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण व अन्य सम्मानितगणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गाँव में शनिवार की तड़के रेलवे ट्रैक के पटरी पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि विंढमगंज थाना क्षेत्र के सुनील 20 पुत्र विजय अपने गांव से खजुरी गांव में बारात आया हुआ था। सभी बाराती वापस घर चले गए। गांव के लोगों ने युवक को खोजने में जुट गए। लोगों ने तड़के रेलवे ट्रैक डाउन की ओर से जा रही ट्रेन से कटकर शव क्षत विक्षत हालात में पड़ी हुई थी। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक युवक के पास कीपैड मोबाइल मिला। जिससे सम्पर्क कर परिजनों को सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेज दिया।

परिजनों ने सीओ को दिया तहरीर

दुद्धी(सोनभद्र)। मृतक युवक की दादी लीलावती देवी पत्नी हरिदास भुईयां ने तहरीर देते हुए हत्या की आशंका जताई और सीओ को तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों को जेल भेजने की अपील की। उन्होंने बताई की पड़ोस के रहने वाले गोरखनाथ पुत्र सोमारू भुईयां की शादी विवाह बारात शुक्रवार को सायंकाल बजे खजुरी थाना दुद्धी मोगल भुईयां पुत्र स्व. राजाराम की लड़की आशा कुमारी के यहाँ आया था। सीओ दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी ने कहा कि उक्त प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

दुद्धी को जिला बनाने को लेकर प्रदर्शन

दुद्धी(सोनभद्र)। जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा ने शनिवार को जिला बनाओ विकास कराओ की आवाज जोरदार ढंग से बुलंद करते हुए, कचहरी के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा का समूह न्यायिक कार्य से विरत रहकर कोर्ट परिसर के मेन गेट पर जिला बनाओ विकास कराओ के नारे लगाये। प्रदर्शन करने वालों में प्रेमचंद यादव, नंदलाल अग्रहरी, विष्णुकांत तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, अरुडोदय जौहरी, रामजी पांडेय मौजूद रहे।

नवागत थानाध्यक्ष अजय ने संभाला कार्यभार

रेणुकूट(सोनभद्र)। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शुक्रवार को किए गए स्थानांतरण के क्रम में पिपरी थाने की कमान प्रभारी निरीक्षक अजय श्रीवास्तव को सौंपी गई। उन्होंने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक अजय

क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता

श्रीवास्तव ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। अपराध नियंत्रण के साथ ही आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

निर्माणाधीन राजकीय इंटर कालेज झारोकला का भवन १५ दिसंबर तक करें पूर्ण

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शनिवार को निर्माणाधीन राजकीय इंटर कॉलेज झारोकला, दुद्धी का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारी को कार्य में तत्काल तेजी लाने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में लेबर एवं मिस्त्रियों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि कार्य की गति में अपेक्षित तेजी लाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 दिसंबर तक हर हाल में विद्यालय भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही निर्माण कार्य की नियमित निगरानी निर्माण में मानकों की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी से जांच व प्रगति की लगातार समीक्षा की जाय अन्यथा सम्बंधित की जवाब देही तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय झारोकला में अध्ययनरत छात्राओं से सीधे संवाद कर विद्यालय में दी जा रही शिक्षा व्यवस्था, शिक्षण कार्य एवं पढ़ाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं से संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने शैक्षिक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा, मौके पर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार दुद्धी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड एस.के. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ट्रामा सेंटर में जिंदगी की जंग हारे कृष्ण गोपाल

लिलासी(सोनभद्र)। बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर आश्रम मोड़ के समीप बुधवार शाम सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक में पीछे से बाइक घुसने से गंभीर रूप से घायल युवक की शनिवार को वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पड़री ग्राम पंचायत के बराइडाड़ टोला निवासी 29 वर्षीय कृष्ण गोपाल यादव पुत्र अशोक यादव हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें सीएचसी म्योरपुर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत में सुधार न होने पर परिजन बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

साप्ताहिक बाजार को पुनः थाना रोड पर लगाने की मांग

कोन(सोनभद्र)। कोन तेलगुड़वा मार्ग पर जीरो मोड़ से देवाटन मोड़ तक लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। सड़क किनारे ठेले एवं अन्य सामग्री रखे जाने तथा वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जीरो मोड़ से देवाटन मोड़ तक लगने वाले साप्ताहिक बाजार को हटाकर पुन: कोन थाना रोड पर उचित एवं निर्धारित स्थान पर लगाया जाए।

नेहरू चौक पर अवैध ई-रिक्शा स्टैण्ड से हादसों का खतरा

अनपरा(सोनभद्र)। औद्योगिक क्षेत्र अनपरा के हाईवे पर अत्यंत व्यस्त औडी मोड़ स्थित नेहरू चौक पर अनियंत्रित और अवैध रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शा स्टैंड के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। मुख्य चौराहे पर बेतरतीब ढंग से खड़े ई-रिक्शों की वजह से बड़े वाहनों के चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं, जिससे शक्तिनगर की ओर जाने वाले मार्ग तरफअदृश्यता ब्लाइंड स्पाट की स्थिति पैदा हो रही है। इस लापरवाही के कारण पिछले कुछ समय में कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, ई-रिक्शा चालक न सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

पर्यटन विकास कार्य में हो रही देरी की जांच कराने की मांग

दुद्धी(सोनभद्र)। तहसील दिवस में ग्राम पंचायत मल्देवा स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कैलाश कुंज, लवकुश पार्क के पर्यटन विकास कार्य में हो रही देरी, अधूरे निर्माण एवं निर्माण गुणवत्ता से जुड़े गंभीर विषयों को लेकर ग्राम प्रधान सीता जायसवाल ने जिलाधिकारी को पत्र प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्राम प्रधान ने बताया कि धार्मिक धरोहर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 1 करोड़ 91 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई थी। लगभग चार वर्ष पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था। इसके बावजूद लगभग चार वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी परियोजना के अनेक महत्वपूर्ण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सके हैं।

एनटीपीसी रिहंद में गांधी, शास्त्री की मनी जयंती

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। नवोदय मिशन एवं मालवीय मिशन के बच्चों तथा एनटीपीसी कर्मचारियों द्वारा कविता पाठ भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद संजय असाटी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन तथा राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सेवा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का संदेश देते हुए स्वच्छ, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया गया।

गांधीवादी मूल्यों के संकल्प के साथ मनी गांधी की जयंती

मारकुंडी(सोनभद्र)। गांधीवादी मूल्यों के संकल्प के साथ जय ज्योति इंटर कॉलेज गुरमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीनानाथ मिश्र ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने गांधी जी और शास्त्री जी बताए हुए सन्मार्ग का अनुकरण करने का संदेश दिया। इस मौके पर अरविंद कुमार राय, ब्रह्मानंद मिश्र, अनिल कुमार,श्यामराज, श्रीविकास तिवारी, सौरभ कुमार श्रीवास्तव, इंद्रमोहन त्रिपाठी, सतीश कुमार शर्मा मौजूद रहें संचालन कक्षा 10 की छात्रा अंशिका और गुंजन ने किया।

बच्चों ने दिया स्वच्छता, अहिंसा का संदेश

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी स्थित इंडियन लिटरेसी स्कूल में दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गांधीजी के जीवन, उनके विचारों और स्वच्छता के प्रति उनके संदेश को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से सामने रखा। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने गांधी जी के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और देशप्रेम का संदेश दिया। गांधी जी के वेश में बच्चों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ रेणुकूट की सदस्यों ने भी विद्यालय पहुंचकर बच्चों की सहभागिता की। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष ममता अग्रवाल, संध्या सिंह, अर्पणा सिंह, विनिता बंसल, गुरमीत कौर, उदिता बनर्जी, अनीता सहानी, शीतल दहलान मौजूद रहें।

हिण्डाल्को में धूमधाम से मनी गांधी जयंती

रेणुकूट(सोनभद्र)। पुस्तकालय स्थापना दिवस के मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर दोनों महान विभूतियों के आदर्शों, विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में हिंडाल्को संस्थान के मुखिया समीर नायक एवं एच आर हेड श्री अजय सिन्हा, स्मेल्टर हेड जयेश पवार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं सामाजिक सद्भाव तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र सेवा की भावना को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सहभागिता बनाए रखने की अपेक्षा की।

अशोक बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

मारकुंडी(सोनभद्र)। मारकुंडी बाजार में आगामी नवरात्र को लेकर शुक्रवार को दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रदीप जायसवाल को संरक्षक तथा अशोक कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सुनील कुमार अग्रहरी को उपाध्यक्ष और ज्ञानचंद अग्रहरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा श्रवण कुमार गुप्ता एवं विनय कुमार गुप्ता को महामंत्री, जबकि गौतम शर्मा, अनिल अग्रहरी एवं इंद्रदेव पांडेय को मंत्री बनाया गया। समिति में जगदंबा जायसवाल, नीरज अग्रहरी, राम जानकी, संदीप अग्रहरी एवं राजू गुप्ता को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। वहीं आशीष गुप्ता, मंदीप अग्रहरी, करन अग्रहरी, मोनू यादव, विशाल केशरी एवं संतोष गुप्ता को सक्रिय सदस्य बनाया गया।

ट्रैक्टर सवार युवक को मारी गोली

जांघ में गोली लगने से घायल, आलू बेचकर लौट रहे थे बबलू गुप्ता, बाइक सवार दो युवकों पर फायरिंग का आरोप

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के जयप्रभा सेतू मांझी के पास शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे बाइक सवार बदमाशों ने ट्रैक्टर से आलू बेचकर लौट रहे एक युवक पर कथित रूप से फायरिंग कर दी। गोली युवक की बाईं जांघ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरिया पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। जानकारी के अनुसार लीला छपरा वार्ड नंबर चार निवासी सुशील कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उनके भाई बबलू कुमार गुप्ता अपने चालक रितेश यादव के साथ ट्रैक्टर से आलू बेचकर एकमा से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मांझी पुल के पास बाइक सवार दो व्यक्ति पहुंचे। आरोप है कि बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति ने बबलू को लक्ष्य कर फायरिंग कर दी। गोली बबलू की बाईं जांघ में लगी। गोली की घटना के बाद अफरा तफरी मच गयी। चालक रितेश यादव ने पुलिस को बताया कि उसने दोनों आरोपितों की पहचान अरुण यादव पुत्र राजनाथ यादव और संदीप यादव पुत्र रमाशंकर यादव, निवासी चांद दियर, थाना बैरिया के रूप में की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता के अनुसार, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

एसपी ने किये १० थाना प्रभारियों के तबादले

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने दस थाना प्रभारियों का तबादला किया है। इसमें कई थानों के इंचार्ज बदले गए हैं। थानाध्यक्ष दुबहड़ अनुपम जायसवाल को नरहीं थानाध्यक्ष के लिए भेजा गया है। वहीं, चितबड़ागांव के थानाध्यक्ष बृजेश सिंह को दुबहड़ का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। नरहीं के थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह अब सिकंदरपुर थाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। पुलिस लाइन से अनिल कुमार उपाध्याय को उभांव का थानाध्यक्ष बनाया गया है। सिकंदरपुर के थानाध्यक्ष सुशील दूबे को थानाध्यक्ष खेजुरी भेजा गया है। एसटी सेल से राजेश बहादुर सिंह को बांसडीहरोड का थानाध्यक्ष बनाया गया है। खेजुरी के थानाध्यक्ष लालमणि सरोज अब चितबड़ागांव के थानाध्यक्ष होंगे। भीमपुरा के थानाध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा को थानाध्यक्ष पकड़ी और पकड़ी के थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार को थानाध्यक्ष भीमपुरा भेजा गया है। बांसडीहरोड के थानाध्यक्ष बंश बहादुर को डीसीआरबी का प्रभारी बनाया गया है।

सालाना सैय्यद बाबा का मना उर्स

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के रामनगर उर्फ बसनही में 30 वां सालाना सैय्यद बाबा उर्स मुबारक जश्न ऐ अदब धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सपा नेता बदरूदूजा उर्फ बबलू अंसारी तथा सुभासपा नेता जावेद अंसारी ने सैय्यद बाबा के मजार पर अकीदत के फूल एवं चादर चढ़ा कर समाज एवं मुल्क के सलामती की दुआएं मांगी।कव्वाली गाजीपुर एवं बलिया के बीच कव्वालों का मुकाबला का विनोद कुमार सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। देर रात तक लोगों ने कव्वाली का लुफ्त उठाया। सैय्यद बाबा के चादर पोसी में हिन्दू मुस्लिम भाई चारे अनुपम मिशाल देखने को मिला। मंसूर अहमद, आदित्य गुप्ता, अवधेश गुप्ता, कुर्बान अहमद, समीर अहमद, शौकत अली, इम्तियाज आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

जिउतिया व्रत को लेकर घाटों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

पुत्र की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर रखा २४ घंटे का निर्जला व्रत

बलिया। जिउतिया पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पुत्र की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना को लेकर महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला व्रत रखा। शाम होते ही बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं विभिन्न घाटों पर पहुंचीं और आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। **बेल्थरारोड।** जिउतिया पर्व को लेकर सरयू घाटों पर शाम से ही महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने नदी में स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और जितिया व्रत से जुड़ी परंपराओं के अनुसार पूजा अर्चना की। इस दौरान घाटों पर भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। मान्यता है कि जितिया व्रत माताएं अपने पुत्र की दीर्घायु और उसके जीवन में आने वाले संकटों को दूर करने की कामना से रखती हैं। यह व्रत कठिन माना जाता है, जिसमें महिलाएं करीब 24 घंटे तक अन्न-जल का त्याग कर निर्जला रहती हैं। अगले दिन पूजा-पाठ और पारंपरिक विधि पूरी करने के बाद महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। **लालगंज।** पुत्र की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना को लेकर शनिवार को सत्तीघाट भूसौला पर जिउतिया व्रत के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दोपहर से ही व्रती महिलाओं का गंगा घाट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। महिलाओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और पुत्र की लंबी उम्र तथा मंगलमय जीवन की कामना की।

फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

बांसडीह (बलिया)। बांसडीह क्षेत्र के अछुहि गांव में शुक्रवार शाम मनीष नामक युवक ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अछुहि गांव के 27 साल के मनीष राजभर शुक्रवार की देर शाम अपने कमरे में गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद परिजनों को शक हुआ। दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने उसे तोड़ दिया। अंदर जाने पर मनीष रस्सी के फंदे से लटके मिले। परिजन तुरंत उन्हें सीएचसी बांसडीह ले गए, स्थिति गंभीर होते देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्चरी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित चल रहे 19 वर्षीय युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। सोनाडीह निवासी महिला ने 30 सितंबर को उभांव थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को शैलेश कुमार पासवान पुत्र श्रीराम निवास पासवान, निवासी रुकुनपुरा, थाना मधुबन, जनपद मऊ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर उभांव थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित आरोपी रिंग रोड उभांव के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शैलेश कुमार पासवान को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

भूमि विवादों में उलझा संपूर्ण समाधान दिवस, १५२ में १५ का निस्तारण

लेखपालों के बहिष्कार के बीच डीएम ने सुनीं फरियादें

बैरिया (बलिया)। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर भूमि विवाद से जुड़े मामले सबसे अधिक छाए रहे। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों ने भूमि विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, गायब मुकदमों की पत्रावलियों और अंश निर्धारण सहित विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कुल 152 मामले प्रस्तुत हुए, जिनमें मौके पर महज 15 मामलों का निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर निर्धारित समय में निस्तारण का निर्देश दिया गया। भूमि संबंधी विवादों की अधिकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 100 से अधिक शिकायतें सीधे या परोक्ष रूप से भूमि संबंधी मामलों से जुड़ी रहीं। फरियादियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से तहसील के विभिन्न न्यायालयों में मामले लंबित हैं, जबकि कई मामलों में अंश निर्धारण और पत्रावलियों के निस्तारण में देरी हो रही है। कर्ण छपरा निवासी मनोज सिंह ने पात्र होने के बावजूद आवास नहीं मिलने की शिकायत करते हुए सरकारी आवास स्वीकृत कराने की मांग की। श्रीनगर की लालझरी देवी और बंशीधर यादव ने पात्र होने के बावजूद वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की। सूर्यभानपुर निवासी श्याम बिहारी चौधरी और कोटवा निवासी निर्मला देवी ने भूमि विवाद से संबंधित मामले रखे। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, उप जिलाधिकारी बैरिया रमेश चंद्र वर्मा, तहसीलदार कृपा शंकर, नायब तहसीलदार उदय राज रत्न, क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे। **बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम शरद चौधरी की अध्यक्षता में हुई। तहसीलदार राजू कुमार ने एसडीएम संग फरियादियों की सुनवाई में सहयोग किया। कुल 36 आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये जिसमें 2 आवेदन पत्रों को गुण दोष के आधार पर निस्तारित कर दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी सूर्यप्रकाश, खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार चौबे, डा. राकेश कुमार सिंह, आपूर्ति निरीक्षक विजय राय आदि रहे।

लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

बलिया। जिला कांग्रेस कमेटी के सभागार में शनिवार को कांग्रेस की मासिक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि दो से आठ अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ और देश बचाओ' के नारे के साथ गांव, शहर, गली और ब्लॉक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। आठ अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर इंडिया गठबंधन के बैनर तले विराट प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलेगी। कार्यवाहक अध्यक्ष इमरान मसूद सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों को भी प्रस्ताव पारित कर बधाई संदेश भेजा गया। सच्चिदानंद तिवारी, सत्य प्रकाश उपाध्याय, परशुराम, खजांची राय, अरुण भारती, कोकील राम, सिद्धनाथ तिवारी, जैनेन्द्र पाण्डेय 'मिंटू', विजेन्द्र पाण्डेय 'मुखिया', राजेन्द्र प्रसाद जाटव, अशोक सिंह, पारसनाथ वर्मा, रुपेश चौबे, विवेक ओझा, अनिल पाण्डेय, राजेश राय, अबुल फैज आदि उपस्थित रहे।

घटाव पर सरयू का जलस्तर, लोगों में राहत

बांसडीह (बलिया)। बांसडीह में सरयू नदी का जलस्तर घटना शुरू हो गया है। इससे सुल्तानपुर क्षेत्र में रिंग बांध पर दबाव कम हुआ है और लोगों को राहत मिली है। हालांकि, गांव के निचले इलाकों में अभी भी पानी भरा है, जिसके कारण आवागमन के लिए नावों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले दिनों सरयू का दबाव बढ़ने से सुल्तानपुर क्षेत्र में कई जगहों पर पानी रिंग बांध के ऊपर से गांवों में गिरने लगा था। इससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई थी। प्रशासन ने तुरंत संवेदनशील स्थानों पर जिओ बैग डलवाकर पानी का बहाव रोकने की कोशिश की। जलस्तर कम होने के बावजूद प्रशासन की निगरानी जारी है और प्रभावित इलाकों में नाव चल रही है। एसडीएम डॉ. पुष्कर मिश्रा ने बताया कि नदी का दबाव बढ़ने और पानी का लेवल रिंग बांध के लगभग समतल होने के कारण कई स्थानों पर पानी बांध के ऊपर से गिर रहा था। जिओ बैग डालकर इसे नियंत्रित किया गया है। अब जलस्तर में कमी शुरू हो गई है। मौके पर लगातार निगरानी की जा रही है।

भाषण प्रतियोगिता में अंजली वर्मा प्रथम

रतसड़ (बलिया)। स्थानीय नगर पंचायत के दुलेश्वरी सुखदेव (डीएस) मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज परसेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अंजली वर्मा, द्वितीय गुनगुन सिंह एवं तृतीय नेहा सिंह को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार पांडे ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संचालन राहुल कुमार तिवारी ने किया।

बंद मकान में लाखों की चोरी

नरहीं (बलिया)। सोहांव गांव में बंद मकान में चोरी की घटना हुई है तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और छानबीन में जुट गई है। सोहांव गांव निवासी कृष्ण चंद्र राय ने नरहीं थाना में तहरीर देकर बताया कि मैं और मेरा भाई बाहर रहते हैं। पड़ोसी से सूचना मिली कि घर में चोरी हुई है। आकर देखा कि चोरों ने घर में रखा टीवी, फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरी और जेवरात गायब कर दिए हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

कैप्टन स्मित मच्छार के सम्मान में निकली यात्रा

बलिया। द किंडरगार्टन एकेडमी सहतवार में प्रतिभा और उपलब्धि को सम्मान देने के उद्देश्य से कैप्टन स्मित मच्छार के सम्मान में भव्य सम्मान यात्रा निकाली गई। विद्यालय परिसर से निकली यात्रा में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे नगर में यात्रा के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और नगर पंचायत सहतवार 'भारत माता की जय' के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में नगर पंचायत सहतवार के चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज सिंह गुड्डू के बड़े भाई राजू सिंह 'नेता जी' सम्मान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंध निदेशक उत्कर्ष मिश्र ने अतिथि का अभिवादन एवं स्वागत किया। विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई यात्रा ब्रदी सिंह चौराहा होते हुए चैन राम बाबा मंदिर और नगर दुर्गा मंदिर परिसर तक पहुंची। यहां से यात्रा पुन: नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता रही। सम्मान यात्रा के दौरान नगरवासियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

मंडलीय विद्यालयी कबड्डी में आजमगढ़ सर्वजेता

बालिका वर्ग में मऊ एवं बालक वर्ग में आजमगढ़ का दबदबा

नरही (बलिया)। 70वीं मंडलीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता की सर्वजेता (ओवर ऑल चैंपियन) ट्रॉफी पर आजमगढ़ की टीम ने कब्जा जमाया। अंडर 14, 17 व 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में मऊ एवं बालक वर्ग में आजमगढ़ का दबदबा रहा। शनिवार को आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज, नरही के खेल मैदान पर खेली गई एकदिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्वलन एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में आजमगढ़ प्रथम, मऊ द्वितीय एवं मेजबान बलिया तीसरे स्थान पर रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में मऊ प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय एवं बलिया तीसरे स्थान पर रही। अंडर 19 बालिका वर्ग में मऊ प्रथम, बलिया द्वितीय एवं आज़मगढ़ तीसरे स्थान पर रही। अंडर 14 बालक वर्ग में मेजबान बलिया प्रथम, मऊ द्वितीय व आजमगढ़ तीसरे स्थान पर रही। अंडर 17 बालक वर्ग में आजमगढ़ प्रथम, बलिया द्वितीय एवं मऊ तीसरे स्थान पर रही वहीं अंडर 19 बालक वर्ग में आजमगढ़ प्रथम, बलिया द्वितीय एवं मऊ तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका फिरोज गांधी, अभिषेक, रोहित, गोलू, दिगंबर सैनी, शुभम राय, नितेश यादव, उपेंद्र, विनम्र यादव व राघवेंद्र आदि ने निभाई। अध्यक्षता अभिमन्यु राय एवं संचालन नीरज राय ने किया। शिवशंकर सिंह, अनूप राय, रामजनम, रामाश्रय यादव, दिनेश कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अमरदेव राय, शिवकुमार राय आदि मौजूद रहे।

समाचार पत्र अभिकर्ता का निधन, शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

बेल्थरारोड (बलिया)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर-5 निवासी समाचार पत्र अभिकर्ता संतोष कनौजिया के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर पत्रकारों एवं समाचार पत्र से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनकी 30 वर्षों की सेवाओं को याद किया। अखबारों के मुख्य वितरक कालिका प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संतोष कनौजिया ने करीब 30 वर्षों तक अखबार की दुनिया को अपना बहुमूल्य समय दिया। अखबार के कार्य में पूरी निष्ठा के साथ जुड़े रहने वाले संतोष का इस तरह अचानक दुनिया से चले जाना बेहद दुखद है। उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। उन्होंने कहा कि अखबार के काम को ही अपनी जिम्मेदारी मानकर जीवन का लंबा समय समर्पित करने वाले संतोष की यादें हमेशा लोगों के बीच जीवित रहेंगी। मुख्य वितरक अरविंद गुप्ता ने बताया कि करीब 30 वर्ष पहले संतोष कनौजिया उनके अखबार के कार्य से जुड़े थे। वह दूर-दराज के क्षेत्रों तक जाकर समाचार पत्रों का वितरण किया करते थे। इसके बाद वाराणसी से ट्रेन द्वारा अखबार लेकर आने की जिम्मेदारी भी उन्होंने लंबे समय तक निभाई। पत्रकार शीतल प्रसाद गुप्ता, अमित गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, भुवाल गुप्ता ने कहा कि संतोष कनौजिया आज भले ही उनके बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें हमेशा सभी के साथ रहेंगी।

भारतीय किसान संघ का धरना प्रदर्शन छह को

रतसड़ (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमडरिया निवासी एवं भारतीय किसान संघ के गड़वार ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय ने क्षेत्र में आए दिन बढ़ रही घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक को लिखित सूचना दी है। ब्रजेश कुमार राय ने पुलिस-प्रशासन से क्षेत्र में बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में 6 अक्टूबर को रतसड़ पुलिस चौकी पर धरना-प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।

डीएम ने बाढ़ बचाव कार्यों का लिया जायजा

दयाछपरा (बलिया)। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार की शाम रामगढ़ से सटे गोपालपुर, दुबे छपरा समेत गंगा के तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई एवं बाढ़ विभाग की ओर से कराए गए निर्माण एवं बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने तटबंध के किलोमीटर 27.950 पर स्थित स्पर और तटबंध का निरीक्षण कर उसकी स्थिति देखी तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ विभाग के अभियंता एसके प्रियदर्शी से निर्माण कार्यों से संबंधित एक-एक बिंदु की जानकारी ली। उन्होंने स्पर और तटबंध की वर्तमान स्थिति, बाढ़ के दौरान होने वाले दबाव तथा तटवर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से यह भी पूछा कि बाढ़ के दौरान किन स्थानों पर कटान या पानी के दबाव की आशंका अधिक रहती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में बाढ़ से तटवर्ती गांवों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों को लेकर प्रभावित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया जाए। जिन स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा कार्य की आवश्यकता है, उनका चिह्नांकन कर प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रमेश चंद्र वर्मा, नायब तहसीलदार उदयभान, सहायक अभियंता द्वितीय श्रवण कुमार प्रियदर्शी, द्वितीय उपखंड के जूनियर इंजीनियर अमरनाथ वर्मा, वसीम अहमद, जगवीर प्रजापति मौजूद रहे।



एक नजर इधर भी

भारतीय पायलट के स्वस्थ होने को देशभक्तों ने किया हवन

सुखपुरा (बलिया)। पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाले जांबाज भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए यहां देश भक्तों ने बुढ़वा शिवजी मंदिर पर शनिवार को भगवान महादेव का जलाभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया। देशभक्तों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की। इसके पूर्व मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कैप्टन के साहस और धैर्य की सराहना करते हुए कहा कि कैप्टन स्मित पर समूचे भारत वासियों को गर्व है हम सब गर्वान्वित हैं। बैठक में सभी ने एक स्वर से भारत सरकार से कैप्टन स्मिथ को भारत रत्न देने की मांग किया। मंदिर के पुजारी प्रभुनाथ उपाध्याय, उमेश सिंह, मुन्ना सिंह, सुजीत चौहान, राजेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, भोला राजभर, पिंटू कुमार आदि मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गोष्ठी

बैरिया (बलिया)। द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय में साहित्य विभाग के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अरविंद राय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्य डा.अरविंद राय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान महज कोई राजनीतिक अथवा प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि जनसेवा, सुशासन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने की प्रतिबद्धता है। गोष्ठी में आशुतोष राय, चंदन राय, शिवेश पांडेय, प्रेम प्रकाश पांडेय, निर्भय उपाध्याय, मिथिलेश कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह और अजय कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए। संचालन मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने किया।

सपा नेताओं ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

बैरिया (बलिया)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद सनातन पांडेय के सहयोगी अंगद मिश्रा फौजी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन शनिवार को जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को बैरिया मे शनिवार को सौंप कर बैरिया तहसील में व्याप्त दुर्व्यवस्था, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था सहित 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की। सपा नेता ने उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, उप जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय से गायब मुकदमों की पत्रावलियो को तत्काल ढूढ़वा कर उन मुकदमों को बहाल करने तथा बिना सुनवाई मुकदमों के निस्तारण पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में दशरथ यादव, एसएस तिवारी, विनायक मौर्य, विद्यासागर यादव, प्रमोद सिंह, संजय यादव, अजय यादव आदि मौजूद रहे।

सीएचसी पर जनरेटर उपलब्ध कराए जाने की मांग

रसड़ा (बलिया)। तहसील दिवस पर समाजिक कार्यकर्ता विश्वजीत जायसवाल ने शिकायती पत्र देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनरेटर उपलब्ध कराए जाने की मांग किया। विश्वजीत जायसवाल ने शिकायती पत्र देकर मांग किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा में लंबे समय से जनरेटर की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों एवं परिजनों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में अस्पताल की आवश्यक सेवाएं प्रभावित होती रहती है। जिससे आपातकालीन मरीज प्रसव करने वाली महिला बच्चों एवं गंभीर रोगियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाते हैं।जनहित एवं मरीज की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल जनरेटर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए जिससे

मांगों को लेकर लेखपालों ने किया धरना-प्रदर्शन

लेखपालों ने सौंपा ज्ञापन, २४ से धरना प्रदर्शन शुरू

बलिया। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को लेखपाल संघ ने जिले भर में धरना दिया और कार्य बहिष्कार किया। साथ ही मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति को दूर करना तथा प्रारंभिक वेतनमान ग्रेड पे 2800 किया जाना, विगत 2 वर्षो से पदोन्नति हेतु डी पी सी जारी नहीं होना, अंतर्मण्डलीय स्थानांतरण, भत्ता वृद्धि, टेक्निकल पद घोषित करना आदि है। इस अवसर पर रणजीत सिंह अध्यक्ष तहसील सदर, बृजेश पांडेय, प्रदीप तिवारी, कैसर जमाल, वरुण चौबे, सुधीर पांडेय आदि उपस्थित रहे। **सिकंदरपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई सिकंदरपुर ने शनिवार को लेखपालों की लंबित मांगों के समाधान के लिए तहसील प्रांगण में धरना दिया वहीं जमकर नारेबाजी किया उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर प्रवीण कुमार यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया । तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और मंत्री रणजीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में मांगें पूरी नहीं होने पर 17 अक्तूबर से संपूर्ण कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई। इस दौरान पवन पाण्डेय, सचिन यादव, राजीव रंजन राय, शैलेन्द्र खरवार, ईश्वर दयाल आदि मौजूद रहे। **रसड़ा।** तहसील प्रांगण उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील इकाई ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि आठ अक्टूबर को सभी आन लाइन कार्यों का बहिष्कार किया जायेगा। 10 अक्टूबर को सभी थाना दिवस काली पट्टी बाध कर कार्य किया जाएगा। 12 अक्टूबर को तहसील एवं जिला मुख्यालय पर रक्तदान शिविर लगाकर आंदोलन 14 अक्टूबर को बाइक जुलूस निकालेंगे। 17 अक्टूवर से 23 अक्टूवर तक तहसील पर धरना प्रदर्शन 24 अक्टूवर को जिला मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। लाल साहब, नन्द जी यादव, दिनेश कुमार, अभय नारायण उपाध्याय, आलोक पांडेय, गौरव कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे। अध्यक्षता छट्ठू यादव एवं संचालन सतेन्द्र राणा ने किया। **बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील के लेखपालों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम शरद चौधरी को सौंपा। अखिलेश कुमार यादव, दुर्गेश कुमार कश्यप, उपेन्द्र शाह, राहुल शुक्ला, नीलम चौहान, संजय चौहान, मृत्युंजय कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र प्रसाद, नितेश कुमार सिंह, दिलशाद अख्तर आदि मौजूद रहे।

जमुना राम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनायी गयी गांधी-शास्त्री जयंती

बलिया। श्री जमुना राम स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं हरिशंकर प्रसाद विधि महाविद्यालय चितबड़ागांव में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर एक विचारगोष्ठी एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जमुना राम ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज के संस्थागत प्रबन्धक प्रो. धर्मात्मानंद ने अपने सम्बोधन में गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सादगी के सन्देशों तथा लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान के विचार पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात छात्र/छात्राओ एवं शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रो में स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. अंगद प्रसाद गुप्त ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को जीवित रखने के लिए केवल भाषण ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक कार्य जैसे स्वच्छता अभियान भी आवश्यक है। हरिशंकर प्रसाद विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शौकत खान ने कहा कि गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज कई क्षेत्रों में उपयोगी है। अभय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. उदयनारायण श्रीवास्तव, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. पूनम राय, डॉ. शैलेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।। संचालन डॉ. आरती पाण्डेय ने किया।

माताओं ने पुत्रों की लम्बी आयु के लिए रखा जिउत्पुत्रिका व्रत

जिनकी पूरी हुई मन्नत वह बाजे-गाजे के साथ पहुंचीं पूजा स्थल, शहर से लेकर गांव तक की बाजारों में शाम तक रही चहल-पहल

आजमगढ़। पुत्र की मंगल कामना के साथ शनिवार को माताओं ने अन्न और जल तक का परित्याग किया।

हमारे त्योहार

नदी-सरोवर, मंदिर परिसरों में रही व्रतियों की भीड़, लगा मेला

मौका था जीवित्पुत्रिका व्रत पर्व का। माताओं ने निराजल व्रत रखकर पूजा की तैयारी की और दोपहर बाद नदी, सरोवरों के किनारे व मंदिर परिसरों में जाकर पूजा-अर्चना कर पुत्रों के दीघार्यु और मंगल की कामना की। इस दौरान मन्नत के अनुसार कहीं बैंड तो कहीं ढोलताशा की धुन गूंज रही थी। पूजा के दौरान पुत्र की मंगलकामना के दीप जलाए गए। व्रतियों की स्थिति यह थी कि हलक से एक बूंद पानी भी नहीं उतरा और सुबह से ही सिर भारी करने वाली धूप परेशान किए थी, लेकिन चेहरे पर कोई शिकन नहीं, बल्कि उत्साह दिख रहा था। यानी प्रकृति की परीक्षा में हर तरफ मातृशक्ति पास होती दिखी।

मन खुश था और पूरा दिन पूजा की तैयारी में बीतने के बाद नदी व सरोवरों की ओर माताओं के कदम बढने लगे थे। शहर के अतलस पोखरा, रामघाट, शाही पुल घाट, गौरीशंकर, कोईरी पोखरा समेत अन्य नदी-सरोवर के घाटों पर व्रतियों के साथ परिवार के लोगों की भीड़ देखी गई। प्रमुख स्थानों पर खिलौने, गुब्बारे और खानपान की दुकानें सजी हुई थीं। माताओं ने गोठ बनाकर पूजा के बाद व्रत से जुड़ी कथा का श्रवण किया, जिसमें राजा जीमूत वाहन और नाग कुल के शंखचूर्ण से जुड़ी कथा शामिल थी।

कथा श्रवण के बाद कलश पर दीपक जलाकर अपने घरों को रवाना हुईं। घाटों के किनारे भी दीपक जलाए गए, जिससे अद्भुत छटा बिखर रही थी। इससे पहले भोर में माताओं ने नींद से उठने के बाद सबसे पहले मत्स्य (मछली) दर्शन किया और बदले में बच्चों को पैसे दिए। जहां सुबह मत्स्य दर्शन नहीं हो सका था वहां के लोग पूजा स्थल पर पहुंचने के बाद मत्स्य दर्शन किए। कहीं-कहीं पूजा स्थलों पर मछली लेकर बच्चे बैठे हुए थे। इस व्रत का संबंध पितृ पक्ष से भी है। व्रत के पारण के दिन को मातृ नवमी कहा जाता है और परंपरा यह भी है कि उस दिन जिन माताओं की सास दिवंगत हुई रहती हैं, उन्हें भोजन देकर विदाई दी जाती है। **सगड़ी प्रतिनिधि के अनुसार**-क्षेत्र के जीयनपुर, लाटघाट, अजमतगढ़ छपरा सुलतानपुर, मालटारी, रामगढ़, कठैचा, मिर्जापुर, करनपुर सरैया आदि स्थानों पर महिलाओं ने गोंठ बनाकर पूजन-अर्चन कर पुत्रों के लिए कामना की। कई गांव में ग्राम प्रधानों द्वारा गरीब महिलाओं को पूजन-अर्चना के लिए प्रसाद सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। नगर पंचायत अजमतगढ़ के चेयरमैन प्रतिनिधि अजय कुमार साहनी, नगर पंचायत जीयनपुर के नगर अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, बड़ागांव पुनापर के यशवंत सिंह सोनू, कठैचा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार चौहान, पुरुषोत्तमपुर कैथौली के अरुण कुमार श्रीवास्तव, मिश्रपुर लाटघाट के अनिल कुमार मिश्रा, रसूलपुर के प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, मिर्जापुर के प्रधान सरदार पटेल सहित दर्जनों प्रधान द्वारा प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई थी।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

फरिहां, आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहां रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार को दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे फरिहां बाजार से साइकिल पर चोकर लेकर अपने घर चकिया हुसैनाबाद जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। अभी वह फरिहां रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर मौके से गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय असद पुत्र स्व. नसीम निवासी ग्राम चकिया हुसैनाबाद के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने में जुट गई है। हादसे के खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जीयनपुर क्षेत्र में सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के सुंदरसराय बल्लो गांव के पास शुक्रवार

सुंदरसराय बल्लो गांव के पास का मामला, परिवार में मचा कोहराम

की शाम सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों के अनुसार युवक दो दिन पहले ही हैदराबाद से घर लौटा था और पत्नी के घर से चले जाने के बाद तनाव में था। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सुंदरसराय बल्लो गांव निवासी 40 वर्षीय पवन कुमार तेलंगाना के हैदराबाद में शटरिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि पवन गुरुवार को हैदराबाद से घर लौटा था। उसी दिन उसकी पत्नी घर से सामान लेकर चली गई। इसके बाद से वह तनाव में था। पोस्टमार्टम हाउस पर आए परिजनों के मुताबिक, वह लगातार दो दिनों से शराब का अधिक सेवन कर रहा था। शुक्रवार को पवन किसी काम से बाजार गया था। देर शाम नशे की हालत में घर लौटते समय गांव के पास सड़क किनारे उसका शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और शव देखकर बिलखने लगे।

फाइल फोटो-पवन

मंजूषा नदी में डूबे किशोर का दो किलोमीटर दूर मिला शव

बलरामपुर/शाहपुर, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के सजनी गांव स्थित मंजूषा नदी में डूबे 13 वर्षीय आदित्य उर्फ प्रियांशु पुत्र पप्पू गौतम का शव शनिवार को करीब दो किलोमीटर दूर शमशाबाद गांव के समीप बरामद हुआ। वह कक्षा छह का छात्र और दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था। शव मिलने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सजनी गांव के चार बच्चे मंजूषा नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान एक आदित्य गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब छह घंटे तक तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन किशोर का पता नहीं चल सका। शनिवार को शमशाबाद गांव के समीप कुछ ग्रामीण मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान उन्हें नदी में शव दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों के घर पहुंचाया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फाइल फोटो-आदित्य

यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ ग्राहकों का विरोध-प्रदर्शन

शाहपुर, आजमगढ़। अहरौला क्षेत्र के बस्तीभुजबल स्थित यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक के कार्यशैली

अहरौला क्षेत्र के बस्ती भुजबल मैनेजर की कार्यशैली को लेकर लगाये आरोप

से परेशान खाताधारकों ने शनिवार को बैंक के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और शाखा प्रबंधक पर शोषण करने का आरोप लगाया। प्रबंधक को तत्काल स्थानांतरित करने की मांग की। प्रदर्शन कारीयों ने कहां की अगर शाखा प्रबंधन का प्रबंधन का स्थानांतरण नहीं किया गया तो सारे खाताधारक मिलकर बैंक के बाहर अनशन पर बैठेंगे। खाताधारक सहित लोन धारकों ने शाखा प्रबंधक पर मनमानी और कमीशन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। दर्जन भर से ज्यादा खाताधारकों ने अहरौला थाने में शाखा प्रबंधक के खिलाफ खुलेआम कमीशन मांगने और खाता धारकों से अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। विरोध में शामिल मनीषा पाल पाल ने बताया कि वह नाबार्ड से रोजगार के लिए 10 लाख का लोन यूनियन बैंक से स्वीकृत कराया था। 2024 में स्वीकृत लोन पर 45 प्रतिशत सब्सिडी मिलनी है। शाखा प्रबंधक फाइल को आगे बढ़ाने के लिए 20 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे हैं। रवि सिंह ने बताया उनका भी 2022 में रोजगार के लिए लोन लिया गया था। सब्सिडी साढ़े तीन साल में क्रेडिट होनी थी। फाइल अभी तक पेंडिंग पड़ी हुई है और वर्तमान में शाखा प्रबंधक बीते 15 दिन से दौड़ा रहे हैं।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

सगड़ी, आजमगढ़। सगड़ी तहसील पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा और साइकिल रैली निकालकर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। मांग पूरी नहीं होने पर 30 नवंबर को भारत बंद की चेतावनी दी। मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमरनाथ यादव के नेतृत्व में दर्जनों सदस्यों ने सगड़ी तहसील पर साइकिल रैली निकालकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। नायब तहसीलदार उमेश कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर 30 नवंबर को भारत बंद करने की चेतावनी दी। इस दौरान मुख्य रूप से अखिलेश पटेल, रामदवार, ओम प्रकाश सिंह, भानु प्रसाद मौर्य, लालसा यादव, राम विनय पटेल, शैलेश कुमार यादव, सुभाष चंद्र, अभिमन्यु, प्रधान वीरेंद्र कुमार, महेश मौर्या आदि मौजूद रहे।

टहलने निकले युवक का नहर में उतराया मिला शव

बलरामपुर, आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के टिसौरा गांव के पास शनिवार सुबह नहर में युवक का शव उतराया मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के अतिबल पट्टी गांव निवासी 32 वर्षीय सूरज सरोज शुक्रवार रात करीब आठ बजे भोजन करने के बाद टहलने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शनिवार सुबह गांव से करीब दो किलोमीटर दूर टिसौरा गांव के पास नहर में उनका शव उतराया मिला। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सूरज के रूप में की। शव मिलने की खबर से परिवार में चीख-पुकार मच गई।

फाइल फोटो-सूरज

रैदोपुर में ग्रापए की जनपद स्तरीय आज

आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक 4 अक्टूबर दिन रविवार को जिला मुख्यालय पर स्थित रैदोपुर में आयोजित की गई है। बैठक की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय ने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों से बैठक में भाग लेने की अपील किया है। बैठक में एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं होगी।

पुलिस ने २६५ चेहरों पर लौटाईं मोबाइल की खुशियां

आजमगढ़। पुलिस ने गायब हुए मोबाइल को बरामद करने के बाद उनके स्वामियों को सौंपकर चेहरे पर खुशिया लौटा दीं। कुल 265 एण्ड्रायड मोबाइल फोन कीमत लगभग 61 लाख बरामद किया गया। फरवरी 2024 से अब तक कुल 6035 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कुल कीमत लगभग 14 करोड़, 37 लाख रूपये) बरामद कर स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके हैं। जनपद में माह फरवरी 2024 से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में बरामद एण्ड्रायड मोबाइल फोन को प्रत्येक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस प्रकार वर्ष 2026 में कुल 2398 एण्ड्रायड मोबाइल फोन कीमत लगभग 06 करोड़, 31 लाख, 75 हजार रुपये को बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर फर्जी तरीके से वेतन लेने का आरोप

मार्टीनगंज, आजमगढ़। तहसील सभागार में जनसुनवाई के दौरान बनगांव निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव ने तहसीलदार हर्षित पाण्डेय को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि ग्राम बनगांव निवासी एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर फर्जी तरीके से वेतन लेने का आरोप लगाया है। कहा कि प्राथमिक विद्यालय प्रथम पर कार्यरत कार्यकर्ता करीब 5 वर्षों से अपने पति के साथ गुजरात प्रदेश में रहती हैं और यहां कभी कभार आती हैं, परंतु विभाग की मिलीभगत से फर्जी हस्ताक्षर के सहारे वेतन ले रहीं हैं। प्रकरण की शिकायत पूर्व में भी उच्चधिकारियों से की, परंतु स्थानीय अधिकारी निष्पक्षता से जांच न कर बार-बार फर्जी रिपोर्ट लगा रहे। इस पर सीडीओ राकेश कुमार पटेल के समक्ष ही तहसीलदार ने सीडीपीओ सुनील कुमार को तलब किया और प्रकरण की संपूर्ण जांच कर रिपोर्ट मांगी और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस का लेखपालों ने किया बहिष्कार

अतरौलिया, आजमगढ़। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को तहसील बूढ़नपुर में लेखपालों ने संपूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन किया। तहसील परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक धरना देकर लेखपालों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। इसके बाद उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष दिलीप पाठक ने कहा कि लेखपाल राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन उनकी कई मांगें लंबे समय से शासन स्तर पर लंबित हैं।

उन्होंने कहा कि डिजिटल कार्यों में जीएनएसएस रोवर, लैपटॉप और मोबाइल जैसे तकनीकी संसाधनों का

मांगें पूरी न होने पर २४ से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी

इस्तेमाल कराया जा रहा है, इसके बावजूद लेखपाल पद को तकनीकी पद का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने भत्तों में बढ़ोतरी की भी मांग की। तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह और तहसील मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि करीब 2700 लेखपाल अपने गृह जनपद से 400 से 800 किलोमीटर दूर तैनात हैं। उनके अनुसार, पिछले आठ वर्षों से अंतर्मंडलीय स्थानांतरण नहीं हुए हैं। वहीं, दो वर्षों से राजस्व निरीक्षक पद की डीपीसी लंबित है। चयन वर्ष 2024 में नियुक्त लेखपालों के स्थायीकरण में भी देरी का आरोप लगाया गया। निर्णय लिया गया कि 10 अक्तूबर को थाना दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा। 12 अक्तूबर को तहसील और जिला स्तर पर रक्तदान शिविर, 14 अक्तूबर को जिला मुख्यालय पर मोटरसाइकिल रैली और जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। 17 से 23 अक्तूबर तक सभी तहसीलों में सुबह 10 से शाम चार बजे तक कार्य बहिष्कार और धरना दिया जाएगा। इसके बाद 24 अक्तूबर से जिला मुख्यालय पर संपूर्ण कार्य बहिष्कार के साथ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी गई है।

ग्राम सभा कंदरी में रिफार्म उत्सव संपन्न

शाहपुर, आजमगढ़। अहरौला ब्लॉक अंतर्गत शुक्रवार को कंदरी गांव में रिफॉर्म उत्सव का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी सहकारिता वीर बहादुर यादव व संचालन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ने किया। ग्राम विकास अधिकारी अरविंद शर्मा ने गांव वालों को सशक्त ग्राम पंचायत स्वामित्व ग्राम योजना बीबीजी राम जी, लखपति दीदी योजना, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड, सुरक्षित पेयजल, ओडीएफ प्लस आदि योजनाओं के बारे में बताया। अन्य ग्राम पंचायत में भी रिफॉर्म उत्सव मनाया गया। खंड विकास अधिकारी अहरौला सागर सिंह, तकनीकी सहायक जयराम आदि मौजूद रहे। संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ द्वारा इसकी मॉनीटरिंग भी की गई।

सोशल मीडिया पर पिस्तौल संग वीडियो वायरल करना पड़ा भारी

आजमगढ़। नगर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने के मामले में आरोपी यासिर शेख पुत्र ताजिर निवासी ग्राम ककरहटा को शनिवार को दिन के लगभग पौने एक बजे हाफिजपुर चौराहे से गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा, कारतूस भी बरामद किया गया। इस कार्रवाई में एसआई मिथिलेश कुमार प्रजापति, आरक्षी सुमित कुमार, भूपेन्द्र मिश्रा, अम्बरदीप, भवर सिंह एवं जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार हो परीक्षण, स्थायी समाधान

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार एवं एसपी डा. अनिल कुमार ने शनिवार को तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण कर प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में मौके पर जांच अथवा संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता हो, उनमें संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल मौके पर भेजी जाए और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

ढाबा संचालक को दिनदहाड़े गोली मारी, एक सप्ताह में दूसरी बार हमला

बलरामपुर, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के असिलाई मोड़ के पास शनिवार की दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने ढाबा संचालक युवक को दिनदहाड़े गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। सीओ फूलपुर समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं। अहरौला थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी 20 वर्षीय आर्यन यादव उर्फ अर्पित अपने पिता मनोज के साथ अहरौला बाजार के असिलाई में ढाबा चलाते हैं। परिजनों के अनुसार शनिवार दोपहर करीब दो बजे आर्यन ढाबे से पैदल घर जा रहे थे। असिलाई मोड़ के पास गली में बाइक से पहुंचे मुंह बांधे दो बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली आर्यन के बाएं हाथ के पंजे और दूसरी गोली बाएं पैर में घुटने के पास लगी। वारदात के बाद दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अहरौला सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि करीब 15 दिन पूर्व ढाबे पर कुछ लोगों से विवाद हुआ था। एक सप्ताह पूर्व भी आर्यन पर चाकू से हमला किया गया था।उस पर दूसरी बार हमला होने से परिजनों में दहशत है। सीओ फूलपुर भूपेश पांडेय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सीएचसी पवई में रक्तदान शिविर

पवई, आजमगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान करने वालों में शुभम मिश्रा, महिपाल सिंह चौधरी और राहुल कुमार चौधरी शामिल रहे। स्वास्थ्यकर्मियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस पुनीत कार्य के लिए आभार जताया। शिविर में सीएचसी अधीक्षक डॉ. जावेद आलम, भाजपा जिला मंत्री संतोष पांडेय, डॉ. आरके वर्मा, डॉ. नितिन यादव और डॉ. बीरबल मौर्य मौजूद रहे। चीफ फार्मासिस्ट मृत्युंजय सिंह, फार्मासिस्ट अवधेश मिश्रा, एक्स-रे टेक्नीशियन संतोष कुमार यादव समेत सीएचसी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है।

ब्लाक में सप्ताहभर से पानी का संकट, मरम्मत के बाद ही खराब हो गया मोटर

भीरा, आजमगढ़। मार्टीनगंज तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस के बाद शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी

समाधान दिवस के बाद सीडीओ ने किया ब्लाक का निरीक्षण, पूछी समस्या की वजह

राकेश कुमार पटेल ने तहसील से सटे मार्टीनगंज विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जीवन के महत्वपूर्ण जरूरत की पोल ही खुल गई। यहां एक सप्ताह के सबमर्सिबल का मोटर जला पड़ा था। यानी एक सप्ताह से आने वाली जनता के साथ ब्लाक के कर्मचारी भी परेशान थे, लेकिन व्यवस्था सीडीओ के निरीक्षण तक दुरुस्त नहीं सकी थी। मोटर खराब मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से इसकी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जब सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी फूलचंद से पानी की मोटर खराब होने के संबंध में जानकारी मांगी तो बताया गया कि मोटर करीब एक सप्ताह से खराब थी। इसे शनिवार को ही बनवाया गया था, लेकिन मरम्मत के बाद दोबारा खराब हो गई।

इस पर सीडीओ ने मोटर के खराब होने और समय से मरम्मत न हो पाने का कारण पूछा। बीडीओ की ओर से बताया गया कि मिस्त्री उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण समस्या का तत्काल समाधान नहीं हो सका। इस पर सीडीओ ने ब्लॉक की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने आगामी चुनाव से संबंधित तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे बूथ निरीक्षण कार्यक्रम, बूथों की व्यवस्थाओं तथा संबंधित कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जलस्तर घटने के बाद भी खतरा निशान पार सरयू नदी

आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के देवारा क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी के जलस्तर में उफान के बाद एक बार फिर गिरावट शुरू हो गई है, लेकिन मुख्य माप स्थल बदरहुआ के पास नदी अभी भी खतरा निशान 71.68 मीटर से छह सेमी ऊपर 74 .74 मीटर पर बहर रही थी। स्थिति अभी भी सामान्य न होने के कारण आवागमन के लिए 25 नाव का संचालन किया जा रहा है। सहबदिया पर्शिया, गागेपुर ,चक्की हाजीपुर, देवारा खास राजा ,बुढनपट्टी, बांका, साहडीह, भदौरा, मानिकपुर ,आराजी आगरा मगरवी ,अजगरा मगरवी, देवारा इस्माइलपुर ,अचल नगर ,हैदराबाद, शिवपुर, आदि गांव के तटवर्ती क्षेत्रों में पानी अभी फैला हुआ है। हरैया विकासखंड के 7 विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। वहीं पर प्रशासन भी बाढ़ को लेकर सतर्क है। महुला-गढ़वल बंधे पर 10 बाढ़ चौकियां व 14 आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं। मुख्य माप स्थल बदरहुआ नाले पर नदी का जलस्तर शुक्रवार को 72.25 मीटर दर्ज किया गया था, जो 24 घंटे में 51 सेंटीमीटर घटाव के साथ शनिवार को सुबह 8 बजे 74 .74 मीटर दर्ज किया गया। यहां खतरा बिंदु 71.68 से नदी अभी भी 6 सेमी ऊपर बढ़ रही है। डिघिया नाले पर भी शुक्रवार को नदी का जलस्तर 71. 45 मीटर दर्ज किया गया था। 24 घंटे में 55 सेंटीमीटर नदी का जलस्तर घटा जो शनिवार 70.90 मीटर दर्ज किया गया।

आम आदमी के साथ न्याय संग बेजुबानों के प्रति भी 'नेहा' का नेह

अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण अदालत की जगह ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर समस्या जानने का प्रयास

सत्येंद्र सिंह

लालगंज, आजमगढ़। सवाल इस बात का नहीं कि क्या हो रहा है, सवाल

आईना

तीन महीने के अंदर लालगंज तहसील में राजस्व के ३३७ मामलों का किया निस्तारण

तो इस बात का है कि हम क्या कर रहे हैं और इसी सवाल का जवाब बन चुकी हैं एसडीएम नेहा मिश्रा। अधिवक्ताओं की हड़ताल चल रही है, न्यायालय का काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन इस समय का सदुपयोग करने में माहिर एसडीएम दोपहर बारह बजे तक जनसुनवाई के बाद निकल जाती हैं, धारा 116 के वाद की हकीकत जानने के लिए गांवों की ओर। यही नहीं आम आदमी को न्याय देने की मंशा के साथ गोवंश संरक्षण की व्यवस्था भी परखने में पीछे नहीं रहतीं। यानी आम आदमी को न्याय के साथ बेजुबानों के साथ भी आए दिन 'नेहा' का नेह देखने को मिल ही जाता है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2020 में पूरे प्रदेश में 10वीं रैंक हासिल करने वाली नेहा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद के मिश्रौली गांव की रहने वाली हैं। इनकी पहली तैनाती वर्ष 2023 में जौनपुर के केराकत तहसील में रही। उसके बाद गोंडा के करनैलगंज तहसील तथा वर्तमान में लालगंज तहसील में कार्यरत हैं। करनैलगंज में बतौर उपजिलाधिकारी अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ औचक छापेमारी कर गाड़ियां सीज कीं और अवैध आरा मिलों पर बड़े एक्शन लिए। साथ ही गांव गांव जाकर पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनवाना। सभी दिव्यागों को ट्राई सायकल मुहैया करने के साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना। साथ ही अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान के दौरान मंडी के अवैध भूमि पर लभगग 173 दुकानों को खाली कराया गया। चकमार्गो पर अतिक्रमण हटवाए जाने के साथ साथ तहसील के बगल में 65 बीघा नजूल भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए जानी जाती है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत उनका ट्रांसफर गोंडा से आजमगढ़ जिले के लालगंज तहसील में 18 जुलाई 2026 को हुआ।

यहां आने के बाद भी काम के दौरान चेहरे पर कोई तनाव नहीं, बल्कि मुस्कुराहट। अपने लालगंज के कार्यकाल में राजस्व वाद में अब तक के कुल 337 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। धारा 116 विभाजन के वाद में लगभग 110 मामलों के साथ ही सीमांकन के कुल 150 मामलों के साथ 110 अन्य मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। 116 को लेकर 30-32 गांवों जैसे रलूलपुर बाजबहादर, उमरीश्री, खनियरा, मनौवा, कैशीशंकरपुर, कटघर लालगंज, कस्बादेवगांव, भुड़की, खुम्हादेवरी, बड़ागांव आदि का निरीक्षण कर हकीकत को जेहन में कैद किया। यह तो रही आम प्रशासनिक जिम्मेदारी, लेकिन उनके मन में सरकार की मंशा के अनुरूप बेजुबानों के प्रति भी प्रेम इससे झलकता है कि समय मिलने पर अब तक ढाई दर्जन से ज्यादा गौशालाओं का निरीक्षण किया और गाय को केला, चना, गुड़ और हरा चारा खिलाकर उनका सिर सहलाकर आशीवार्द भी लिया।

जनता की सेवा ही हर अफसर का धर्म: नेहा मिश्रा

लालगंज। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में प्रशासन की वास्तविक प्रभावशीलता तभी दिखाई देती है, जब अधिकारी कार्यालय तक सीमित न रहकर आवश्यकता के अनुसार क्षेत्र में जाकर आम जनमानस की समस्याओं को समझें और उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। हमारा प्रयास भी यही है कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनहितकारी प्रशासन उपलब्ध कराया जाए और किसी भी परिस्थिति में आम नागरिक को अपने कार्य के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। यह प्रयास किसी पक्ष के विरुद्ध नहीं है। अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी समस्याओं का समाधान भी संवाद एवं समन्वय के माध्यम से होना चाहिए। साथ ही, प्रशासन का दायित्व है कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, आमजन के हित में प्रशासनिक एवं राजस्व संबंधी कार्य निरंतर चलते रहें। इसी उद्देश्य से मेरे द्वारा प्रशासनिक कार्यों में व्यस्तता के बावजूद लगातार समय निकाल कर क्षेत्र में निरंतर उपस्थित होकर उपरोक्त प्रकरणों का मौका मुआयना तथा वास्तविक स्थिति के अनुसार निस्तारण किया जा रहा है।



नेहा मिश्रा

रंगोली में भरा सेवा,राष्ट्रप्रेम व सामाजिक एकता का रंग

आजमगढ़। महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. संजीव कुमार के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा का रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में बनाई गई रंगोली में बच्चों ने सेवा, समर्पण, राष्ट्रप्रेम व सामाजिक एकता का रंग भरकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। विवि के मीडिया प्रभारी ने बताया कि रंगोली में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया। रंगों के सुंदर संयोजन से सजी इस भव्य रंगोली ने न केवल भारतीय कला एवं संस्कृति की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया, बल्कि समाज में सेवा भावना और राष्ट्रीय चेतना को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। आयोजन डॉ. मनीषा, डॉ. सपना, डॉ. शशि प्रकाश ने किया। सेवा संकल्प के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. हरेंद्र, डॉ. सचिन, डॉ. दीक्षा, शुभम, सूर्य प्रकाश आदि मौजूद रहे। विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित भव्य रंगोली परिसर के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के साथ साथ आगंतुकों, मेहमानों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

बेटियोंका स्वर्णिम परचम

एशियाई खेलोंमें शुक्रवारका दिन भारतीय खेलोंके लिए केवल पदकोंकी संख्या बढ़ाने वाला दिन नहीं था, बल्कि बदलते भारतकी खेल तस्वीरको सामने रखने वाला अवसर भी था। जापानके आईची-नागोयामें भारतीय खिलाड़ियोंने एक ही दिन छह स्वर्ण पदक जीता, वहीं २१ स्वर्ण पदकोंके साथ पदक तालिकामें चौथे स्थानपर जगह बनायी। इस उपलब्धिकी सबसे चमकदार तस्वीर भारतीय बेटियोंने पेश की। छह स्वर्णमें चार बेटियोंके नाम रहे। महिला हाकी टीमने चीनको १-० हराकर ४४ साल बाद एशियाई खेलोंका स्वर्ण पदक हासिल किया। इस जीतके साथ भारतने लांस एंजिलिस ओलम्पिक २०२८ के लिए सीधे क्वालीफाई भी किया। तीरंदाजीमें अंकिता भरुत, कीर्ति शर्मा और कुमकुम मोहोडकी महिला रिकर्व टीमने दक्षिण कोरियाको ५-३ से हराकर इतिहास रचा। एशियाई खेलोंके इतिहासमें महिला रिकर्व टीम स्पर्धामें भारतका यह पहला स्वर्ण पदक है। दक्षिण कोरियाने १९९८ से इस स्पर्धामें लगातार अपना दबदबा कायम रखा था। मुक्केबाजीमें लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डाके स्वर्णने भारतीय महिला मुक्केबाजीको नयी ऊंचाई दी। लवलीनाने ७५ किलोग्राम वर्गमें चीनकी महिला मुक्केबाजको ५-० से हराया, जबकि परवीनने ६५ किलोग्राम वर्गमें चीनी ताइपेकी चेन निएन-चिनको ३-२ से पराजित किया। पुरुष वर्गमें कुश्तीमें सुजीत कलकलकी जीत भी प्रेरक रही। २-९ से पिछड़ रहे सुजीतने लगातार आठ अंक हासिल कर मुकाबला १०-९ से स्वर्ण अपने नाम कर लिया, लेकिन इस सफलताको केवल स्वर्णिम शुक्रवार कहकर आगे बढ़ जाना पर्याप्त नहीं होगा। पदक तालिका उत्साहित करती है, परन्तु असली परीक्षा इस प्रदर्शनको निरन्तरतामें बदलनेकी है। खिलाड़ियोंकी कहानियां बताती है कि प्रतिभा देशके गांवों, छोटे शहरों और सामान्य परिवारोंसे निकल रही है। अब जरूरत है कि प्रतिभाकी पहचानसे लेकर अन्तरराष्ट्रीय स्तरकी तैयारीतक पूरी व्यवस्थाको मजबूत बनाया जाय। बेटियोंका प्रदर्शन यह स्पष्ट करता है कि अवसर प्रशिक्षण और मंच मिलनेपर वे किसी भी अन्तरराष्ट्रीय चुनौतीका सामना कर सकती है। पदकोंकी यह चमक तभी स्थायी उपलब्धि बनेगी, जब इसे बेहतर खेल-विज्ञान आधुनिक प्रशिक्षण केन्द्रों, प्रशिक्षकोंकी गुणवत्ता, चोट प्रबन्धन, मानसिक तैयारी और जमीनी स्तरपर खेल सुविधाओंके विस्तारसे जोड़ा जायगा।

आतंकी घटनाकी स्वीकारोक्ति

जैसा कि आशंका थी कि फ्लाईदुबईकी उड़ानके दौरान भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छारपर जानलेवा हमला और विमानको क्रैश करानेकी कोशिश आतंकी हमला है। इसकी सचाई अब एक-एक कर सामने आने लगी है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने माना कि यह वारदात आतंकी हमला है। यूएईके राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायदके सलाहकार अनवर गर्गाशने फ्लाईदुबईके काकपिटमें हुए हमलेको खतरनाक आतंकवादी कृत्य करार दिया। यह पहली बार है जब यूएईके किसी वरिष्ठ अधिकारीने आधिकारिक तौरपर इस घटनाको इस तरह स्पष्ट खुलासा किया। हालांकि यह मामला अभी जांचके दायरेमें है, इसलिए अभी कुछ भी निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। यूएई और इसरायल मिलकर जांच करेंगे। मामलेकी गम्भीरताको देखते हुए यूएईने अहतियातन इसरायल जाने वाली सभी उड़ाने रद कर दी है जिसके चलते वहां सैकड़ों इसरायली फंस गये हैं, जिन्हें निकालनेके लिए इसरायल अपने विमान भेजेगा। राष्ट्रपतिके कूटनीतिक सलाहकार गर्गाशका पायलट मच्छारकी जमकर सराहना करते हुए यह कहना भारतीय वायुसेना और हर भारतीयको गौरवान्वित करने वाला है कि कठिन परिस्थितियोंमें कैप्टन मच्छारका पेशेवर रवैया और नैतिक दृढ़ता प्रशंसनीय है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने शुक्रवारको मोबाइल फोनपर कैप्टन स्मित मच्छारसे बातचीतके दौरान उनकी बहादुरी, सूझबूझ और असीम धैर्यकी प्रशंसा करते हुए यह कहना लोगोंको भावुक करने वाला है कि स्वयं जीवन-मृत्युकी लड़ाई लड़ते समयकी अपने-अपने जीवनकी परवाह नहीं की और सभी यात्रियोंको बचाया। प्रधान मंत्री मोदीका यह कहना अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि आज पूरा देश गर्वसे कह रहा है कि हिन्दुस्तानी जान लेने वाले नहीं, बचाने वाले लोग हैं। गिरफ्तार ओमानी को-पायलट समानसे 'फ्री फलस्तीन' समूहोंके पर्चे और अन्य फलस्तीनी समर्थक सामग्री मिलना गम्भीर चिन्ताकी बात है। आतंकवादपर दोहरा चरित्र अपनाने वाले देशोंको इस घटनासे सबक लेनेकी जरूरत है। जो साजिश इसरायलके खिलाफ रची गयी थी, आने वाले समयमें आपके साथ भी रची जा सकती है।

लोक संवाद

रहस्यमयी तीर्थ

महोदय,-पितृपक्षकी शुरुआतके साथ ही उत्तराखंडके बद्रीनाथ धाम स्थित ब्रह्मकपाल तीर्थमें श्रद्धालुओंकी भीड़ जुटने लगी है। खराब मौसम और बारिशके बीच भी देशके अलग-अलग हिस्सोंसे लोग यहां अपने पितरोंके लिए तर्पण और पिंडदान करने पहुंच रहे हैं। धार्मिक मान्यताओंमें ब्रह्मकपालको पितरोंकी आत्मशांति और मोक्षसे जुड़ा विशेष तीर्थ माना जाता है। अलकनंदा नदीके किनारे बद्रीनाथ मंदिरसे करीब २०० मीटरकी दूरीपर स्थित ब्रह्मकपालको कपाल मोचन तीर्थ भी कहा जाता है। मान्यता है कि यहां पिंडदान और तर्पण करनेसे पितरोंको मोक्षकी प्राप्ति होती है। इसी वजहसे पितृपक्षके दौरान यहां बड़ी संख्यामें श्रद्धालु पहुंचते हैं। पितृपक्षके पहले दिन ही देशके विभिन्न राज्योंसे आये लोगोंने पितरोंके निमित्त पिंडदान और तर्पण किया। ब्रह्मकपालसे जुड़ी पौराणिक कथा भगवान शिव और ब्रह्मासे संबंधित है। धार्मिक मान्यताके अनुसार, एक प्रसंगमें भगवान शिवने क्रोधित होकर भगवान ब्रह्माका पांचवां सिर काट दिया था। इसके बाद ब्रह्माका वह सिर भगवान शिवके त्रिशूलसे चिपक गया। मान्यता है कि ब्रह्महत्याके पापसे मुक्ति पानेके लिए भगवान शिव जब वह बद्रीनाथ स्थित ब्रह्मकपाल पहुंचे तो ब्रह्माका सिर उनके त्रिशूलसे अलग हो गया। इससे इस स्थानको ब्रह्मकपाल और कपाल मोचन नाम मिला। **-एकता, वाया ईमेल।**

शीर्ष सेनापतियोंकी घटती भूमिका

युद्धका स्वरूप समयके साथ निरन्तर बदलता रहा है। प्राचीन कालमें जहां शारीरिक बल और बड़ी सेनाओंका महत्व था, वहीं आज युद्ध पूरी तरहसे उन्नत तकनीक और विज्ञानपर निर्भर हो गया है। ऐसेमें अमेरिकी रक्षा विभागका ऐतिहासिक और अभूतपूर्व निर्णय वैश्विक सैन्य रणनीतियोंको पूरी तरहसे बदलकर रख देगा।

❐ **महेन्द्र तिवारी**

अमेरिकी रक्षा विभागने अपने सैन्य ढांचेमें एक बड़ा और व्यापक बदलाव करते हुए शीर्ष सेनापतियों और नौसेनाध्यक्षोंकी संख्यामें बीस प्रतिशतकी भारी कटौती करनेका ऐलान किया है। इस कटौतीका सीधा प्रभाव सेनाके निर्णय लेनेकी प्रक्रिया और उसके जमीनी कामकाजपर पड़ेगा। इस कठोर कदमके पीछे का मुख्य उद्देश्य सैन्य बलको लालफीताशाही और अनावश्यक नौकरशाहीसे मुक्त करना है। जब सेनामें बहुत अधिक उच्चाधिकारी होते हैं तो किसी भी बड़े फैसलेको लागू करनेमें काफी समय लगता है जो युद्ध जैसी गम्भीर और आपातकालीन स्थितिमें राष्ट्रके लिए बहुत नुकसानदेह साबित हो सकता है। आधुनिक युद्धक्षेत्रमें हर पल अहम होता है और फैसले पलक झपकते ही लेने होते हैं। लम्बे समयसे यह महसूस किया जा रहा था कि सैन्य ढांचा ऊपरसे बहुत अधिक भारी हो गया था। शीर्ष अधिकारियोंकी भरमारके कारण आदेशोंके पालनमें अनावश्यक देरी होती थी और जमीनी स्तरपर लड़ रहे सैनिकोंतक त्वरित दिशा निर्देश नहीं पहुंच पाते थे। इस २० प्रतिशतकी कटौतीसे आदेशोंकी श्रृंखला छोटी और अधिक प्रभावी हो जायगी। अधिकारियोंकी संख्या कम होनेसे सीधे तौरपर जवाबदेही भी बढ़ेगी और सेनाका पूरा ध्यान व्यर्थकी वैचारिक बहसोंसे हटकर केवल और केवल विशुद्ध युद्ध कौशल तथा राष्ट्रीय सुरक्षापर केन्द्रित होगा। यह बदलाव केवल कुछ पदोंकी कटौतीतक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी सैन्य संस्कृतिको पुनर्जीवित करनेका एक बहुत ही गम्भीर प्रयास है जिससे सशस्त्र बलको अधिक फुर्तीला और त्वरित मारक बनाया जा सके।

उन्नत हथियारोंकी नयी दौड़ पुराने शीत युद्धके तनावपूर्ण दौरकी याद दिलाती है, जहां हर महाशक्ति एक-दूसरेसे अधिक मारक क्षमता हासिल करनेकी अंधी होड़में लगी रहती थी। स्पष्ट रूपसे कहा जा सकता है कि शीर्ष सेनापतियों और नौसेनाध्यक्षोंकी संख्यामें बीस प्रतिशतकी ऐतिहासिक कटौती केवल सामान्य प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि युद्धके भविष्यकी स्पष्ट और खौफनाक झलक है। नयी सदीकी तकनीकको पूरी तरहसे अपनानेकी यह आक्रामक तैयारी भविष्यमें होने वाले किसी भी युद्धका अंतिम परिणाम तय करेगी। यह ढांचागत बदलाव सम्पूर्ण वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यको हमेशाके लिए बदल देगा।

इस बड़े संघटनात्मक बदलावके साथ ही सेनाने एक और अत्यंत महत्वपूर्ण दिशामें कदम बढ़ाया है। अब सैन्य बलोंका ध्यान विशाल मानव क्षमताकी जगह पूरी तरहसे स्वचालित यंत्रों, उन्नत प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्तापर केन्द्रित होगा। भविष्यके युद्ध बड़ी संख्यामें सैनिकोंको सीमाओंपर भेजकर नहीं लड़े जायंगे। आने वाले समयका युद्धक्षेत्र आकाश, जमीन, समुद्र और अभौतिक साइबर दुनियामें फैले स्वचालित हथियारोंका होगा। मानव सैनिकोंकी जगह अब मानवरहित विमान, स्वचालित पनडुब्बियां और यंत्रमानव युद्धके मैदानमें अग्रिम पंक्तिकी जिम्मेदारी संभालेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ताकी मददसे चलने वाले ये आधुनिक हथियार बिना किसी मानवीय थकान, भय या भूखके अत्यंत सटीक और घातक हमले करनेमें पूरी तरहसे सक्षम हैं। रक्षा विभागने इस कड़वी सचाईको भली-भांति समझ लिया है कि भविष्यमें सैन्य सर्वोच्चता उसी देशके पास होगी जिसके पास सबसे उन्नत और सटीक स्वचालित प्रणालियां होंगी।

दशकोंतक पारम्परिक हथियारों जैसे बड़े लड़ाकू विमानों, विशालकाय युद्धपोतों और भारी युद्धक वाहनोंपर निर्भर रहनेके बाद अब रणनीतिमें यह भारी बदलाव किया जा रहा है। इन पारम्परिक युद्ध प्रणालियोंको बनानेमें बहुत अधिक धन और कई वर्षोंका अमूल्य समय लगता है। इसके अलावा युद्धके दौरान इनके नष्ट होनेसे भारी आर्थिक नुकसान होता है और सबसे बढ़कर मानवीय जीवनकी हानि होती है, जिसकी भरपाई किसी भी कीमतपर नहीं की जा सकती। इसके ठीक विपरीत स्वचालित यंत्र और मानवरहित विमान बनाना काफी सस्ता होता है। इन्हें बहुत कम समयमें बड़ी संख्यामें कारखानोंमें तैयार किया जा सकता है। युद्धके दौरान दुश्मनकी उच्च स्तरीय निगरानी प्रणालियोंको चकमा देनेके लिए इन छोटे लेकिन घातक यंत्रोंके विशाल झुंडका एक साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। यदि मारकाटके बीच इनमेंसे कुछ नष्ट भी हो जायं तो सेनाको कोई बड़ा नुकसान नहीं होता और न ही किसी भी सैनिककी जान जाती है।

अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति और शक्ति संतुलनके दृष्टिकोणसे भी यह ढांचागत बदलाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशांत महासागर क्षेत्र और एशियामें लगातार बढ़ती सैन्य चुनौतियोंको देखते हुए इस पश्चिमी शक्तिको अपनी युद्ध नीतिमें यह आक्रामक बदलाव करना ही पड़ा है। कुछ प्रमुख एशियाई देश पिछले एक दशकसे लगातार अपनी सैन्य उत्पादन क्षमता और स्वचालित हथियारोंमें भारी धनका निवेश कर रहे हैं। वे बहुत तेजीसे नयी तकनीक विकसित कर रहे हैं और पारम्परिक सेनाके आकारको कम करके उन्नत हथियारोंपर सारा जोर दे रहे हैं। इन तेजीसे उभरती हुई भू-राजनीतिक चुनौतियोंका सामना करनेके लिए यह पश्चिमी महाशक्ति केवल अपनी पुरानी युद्ध प्रणालियोंपर निर्भर नहीं रह सकती थी। राष्ट्रको एक ऐसी सेनाकी परम आवश्यकता है जो आकारमें भले ही छोटी हो, लेकिन मारक क्षमता और तकनीकी दृष्टिसे दुनियामें सबसे तेज और अभेद्य हो। यह नयी रणनीति अपने सभी वैश्विक प्रतिद्वंद्वियोंसे दो कदम आगे रहनेकी एक बहुत ही सोची-समझी दूरगामी योजनाका ही हिस्सा है। सैन्य निर्णय लेनेकी प्रक्रियामें भी कृत्रिम बुद्धिमत्ताका गहरा एकीकरण इस नये बदलावका एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा है। पहले युद्धके मैदानसे मिलने वाली जानकारी और असंख्य आंकड़ोंको विभिन्न स्तरोंके अधिकारियों द्वारा बारीकीसे विश्लेषित किया जाता था, जिसमें काफी समय बर्बाद होता था। लेकिन अब उन्नत संगणक प्रणालियां और जटिल तकनीकी प्रक्रियाएं पलभरमें दुनियाभरसे मिलने वाले आंकड़ोंका सटीक विश्लेषण करके सबसे सुरक्षित रणनीति सुझा सकती हैं। जब मशीनें इतनी तेजीसे काम कर रही हों तो मानव अधिकारियोंकी कई परतोंकी आवश्यकता अपने आप खत्म हो जाती है। यह तकनीकी एकीकरण सेनाको किसी भी अप्रत्याशित संकटका जवाब कुछ ही मिनटोंमें देनेमें पूरी तरह सक्षम बनायेगा। इसके साथ ही एक नयी विशेष सैन्य कमानका गठन भी किया जा रहा है जिसका पूरा ध्यान केवल इन नये स्वचालित हथियारोंके विकास, परीक्षण और संचालनपर होगा। स्वचालित हथियारों और यंत्रमानवोंके इस अंधाधुंध बढ़ते उपयोगने युद्धकी नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय नियमोंपर भी एक नयी और गम्भीर बहसको जन्म दे दिया है। जब जीवन और मृत्युका निर्णय लेनेका परम अधिकार मशीनोंको सौंप दिया जाता है तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि किसी भी गलती या निर्दोषोंकी जान जानेके लिए जवाबदेह कौन होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्तापर आधारित हथियार भावनाओं, दया या मानवीय संवेदनाओंसे पूरी तरहसे रहित होते हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य अपने तय लक्ष्यको नष्ट करना होता है। ऐसेमें यह सुनिश्चित करना एक बहुत बड़ी चुनौती होगी कि ये निर्दयी मशीनें युद्धके अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानवीय कानूनोंका कड़ाईसे पालन करें। कई वैश्विक रक्षा विशेषज्ञोंका यह स्पष्ट रूपसे मानना है कि मारक प्रणालियोंसे मानव नियंत्रणको पूरी तरहसे समाप्त नहीं किया जा सकता और न ही ऐसा किया जाना चाहिए। किसी भी मारक प्रणालीमें अंतिम निर्णय लेनेका अधिकार हमेशा एक जिम्मेदार इंसानके पास ही होना चाहिए।

हालांकि इन सभी गम्भीर नैतिक चिंताओंके बावजूद तकनीकी प्रगतिके इस विशाल पहियेको अब पीछे की तरफ घुमाना किसी भी देशके लिए संभव नहीं रह गया है। उन्नत हथियारोंकी यह नयी दौड़ पुराने शीत युद्धके तनावपूर्ण दौरकी याद दिलाती है, जहां हर महाशक्ति एक दूसरेसे अधिक मारक क्षमता हासिल करनेकी अंधी होड़में लगी रहती थी। अंतत: यह स्पष्ट रूपसे कहा जा सकता है कि शीर्ष सेनापतियों और नौसेनाध्यक्षोंकी संख्यामें २० प्रतिशतकी यह ऐतिहासिक कटौती केवल एक सामान्य प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह युद्धके भविष्यकी एक बहुत ही स्पष्ट और खौफनाक झलक है। नयी सदीकी तकनीकको पूरी तरहसे अपनानेकी यह आक्रामक तैयारी भविष्यमें होने वाले किसी भी युद्धका अंतिम परिणाम तय करेगी। यह भारी ढांचागत बदलाव सम्पूर्ण वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यको हमेशाके लिए बदल देगा और दुनियाके अन्य सभी देशोंको भी विवश करेगा कि वे अपनी सैन्य नीतियों और हथियारोंके आधुनिकीकरणपर बहुत गम्भीरतासे पुनर्विचार करें।

समग्रतासे विचार जरूरी

गांधीजीकी २ अक्तूबरको १५७वीं जयंती थी। गांधी विश्व इतिहासके अनूठे सत्याग्रही हैं। कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें राष्ट्रपिता कहता है। भारतीय मुद्रापर उनका चित्र है। समग्रतामें विचार करनेवाले विश्व इतिहासमें उनको प्रथम मानते हैं।

❐ **हृदयनारायण दीक्षित**

नयी पीढ़ीके एक वर्गमें गांधीकी अकारण आलोचना करनेकी लत है। गांधीपर समग्रतासे विचार जरूरी है। गांधी जी कोई चुनाव नहीं लड़े, किसी पदपर नहीं रहे। चाहतेको देशके प्रधान मंत्री हो सकते थे। लेकिन उन्होंने राष्ट्र सर्वोपरिताको ही ध्येय माना। गांधी जीको असफल नेता कहा जा सकता है। सफलता हमेशा शुभ ही नहीं होती और असफलता हमेशा बुरी ही नहीं। शुभ कार्यमें असफल हो जाना श्रेष्ठ है और अशुभ ध्येयमें असफल हो जाना बुरा नहीं कहा जा सकता। असली बात ध्येयनिष्ठा है।गांधी जी विश्व मानवताके नेता थे। वे भारत विभाजनके विरोधी थे। लेकिन देश विभाजन नहीं रोक पाये। मई १९४७ में अरूणा आसफ अली और अशोक मेहताने गांधी जीसे पूछा था कि 'क्या पाकिस्तानका कोई विकल्प है।' गांधी जीने उत्तर दिया 'पाकिस्तानका एकमात्र विकल्प अविभाजित भारत है।' (संपूर्ण गांधी वांग्मय ८७/४३६) लेकिन गांधी जी अपने ध्येयमें असफल रहे। कांग्रेस विभाजनके लिए तैयार थी। उसका उद्देश्य सत्ता हस्तांतरण था। पूरा भारत न सही कांग्रेसको खण्डित भारतकी सत्तापर संतोष था। गांधी जी सत्याग्रही थे। वे जीवनमें सत्यके प्रयोग करते थे। अपने सही आग्रहोंके लिए ईमानदारीसे लड़ते थे। वे भारत विभाजनके विरोधी थे लेकिन विभाजनके समर्थक बने। यहां बड़ा प्रश्न है कि देश विभाजनपर उन्होंने कोई प्रतिरोध क्यों नहीं किया। वे कांग्रेसजनोंके प्रस्तावपर सहमत क्यों हो गये। गांधी जीने आत्मसमर्पण किया। इसके पीछे क्या रहस्य थे। गांधी जीके लिए आदर्श मूल्यबोधकी निष्ठा सफलतासे बड़ी थी। चौरी-चौरा काण्डमें हिंसा हुई। आन्दोलन सफलताकी ओर बढ़ रहा था।

गांधी जीने सफलताकी परवाह नहीं की। आन्दोलन वापस कर लिया। गांधी जी हिन्दू-मुस्लिम एकता चाहते थे। इसी लक्ष्यकी प्राप्तिके लिए वे खिलाफत आन्दोलनमें सहयोगी बने। यह दुनियाका सबसे बड़ा साम्प्रदायिक आन्दोलन था। गांधी जीने कहा था कि भारतके मुसलमान खलीफाके पदकी समाप्तिपर दुखी हैं। गांधी जी स्वाधीनता संग्राममें मुस्लिम संप्रदायका सहयोग चाहते थे। खलीफाकी गद्दी तुर्किस्तानमें थी। भारतमें मुसलमानोंने उसको पुनरूज्जीवित करनेकी मांग उठायी। गांधी जीने बिना शर्त समर्थन किया। तुर्कीमें खलीफाका पद था। यह विश्व इस्लामाबादका सबसे बड़ा ओहदा था। कमालने खिलाफतका खात्मा किया था। भारतमें इसके विरुद्ध मुस्लिम आन्दोलन हुआ। गांधी जीने आन्दोलनकी अध्यक्षता की। उन्होंने तमाम अन्य मसलोंपर भी मुस्लिम सम्प्रदायकी पक्षधरता की थी। वे हिन्दू-मुस्लिम एकताके प्रति ईमानदार थे। लेकिन मुस्लिम राजनीति लगातार आक्रामक थी। गांधी जीने 'यंग इण्डिया' १९२४ में लिखा 'अब जब खिलाफतका प्रश्न खत्म हो गया, मुसलमानोंने हिन्दुओंके विरुद्ध एक प्रकारसे जिहाद छेड़ दिया है।' कांग्रेसकी विषय समितिमें मालाबार हिन्दू संहारपर चर्चा हुई। निन्दा प्रस्ताव रखा गया। मुस्लिम नेताओंने विरोध किया।भारत सरकारके तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पी.सी. वैमफोर्डने 'हिस्ट्री आफ खिलाफत एण्ड नान कोआपरेशन मूवमेंट' में लिखा 'कुछ तालुकों (क्षेत्रों) में विद्रोहियोंने स्थायी कामयाबी पायी और खिलाफत राज्यकी स्थापनाकी घोषणा की। हिन्दू आबादीके विरुद्ध कत्ल हिंसा लूटका अभियान चलता रहा।' कांग्रेसके अनेक नेता चिंतित थे। डा. एनी बिशेण्टने लिखा, 'गंभीर प्रश्न भारतके मुसलमानोंका है। हमने यह पाठ सीख लिया है कि उनकी इच्छा भारतमें खुदाका राज्य स्थापित करना है।' सेकुलरवाद ध्वस्त था।

गांधी जी मजहबी आक्रामकतासे अवगत थे लेकिन वे मुसलमानोंको भारतीय राष्ट्रभावसे जोड़नेके इच्छुक थे। मजहबी राजनीतिमें सेकुलरवादकी गुंजाइश नहीं थी। गांधी जीने 'यंग इण्डिया' (सितम्बर १९२४) में लिखा, 'क्या मुझपर यह लांछन नहीं लगाया जा सकता कि मैंने हिन्दुओंके साथ विश्वासघात किया है। कितनी बहने मेरे पास शिकायत लायीं कि उन्हें मुस्लिम परेशान कर रहे हैं। मेरी कोई नहीं सुनता।' क्या वे मुस्लिम आक्रामकताके इतिहासबोधसे दूर थे। जो भी हो, वे सत्यनिष्ठ ही थे।हिन्दुत्वको लेकर उनके मनमें कोई संशय नहीं था। वे गीता दर्शनके जानकार और श्रद्धालु थे। वे ईश्वर विश्वासी और जिज्ञासु थे। कर्मपर विश्वास करते थे। गांधी जी सभी विचारों, पंथ मजहब एवं रिलीजनके प्रति आदरभाव रखते थे। हिन्दूको यह भाव हिन्दू होनेके कारण स्वभावसे ही प्राप्त हो जाता है। गांधी जीने हिन्दू होनेका मर्म समझाते हुए पंडित नेहरूको यरवदा जेलसे १९३३ में पत्र लिखा था 'मैं धर्म नहीं छोड़ सकता इसलिए हिन्दुत्व छोड़ना असंभव है। हिन्दुत्वके कारण ही मैं ईसाइयत, इस्लाम एवं अन्य धर्मोंसे प्रेम करता हूं। इसे मुझसे दूर कर दो तो मेरे पास कुछ भी नहीं बचेगा।'हिन्दुत्वका गांधी आग्रह मूल्यवान है। वे हिन्दू मुसलमानोंकी साझा राष्ट्रीयताका विकास कर रहे थे। अपने इस ध्येयके लिए काफी कुछ झुक भी जाते थे। उनके इस विचारमें राष्ट्रीयताका प्रश्न उच्च ध्येय था। हिन्दू उनके विचारका आदर भी करते थे लेकिन जिन्ना मुसलमानोंको अलग राष्ट्र बता रहे थे। बहुसंख्यक मुसलमानोंपर जिन्नाकी तुलनामें गांधीका प्रभाव कम था। गांधी यह सब देशके लिए कर रहे थे और जिन्ना अपनी राजनीतिके लिए। दुर्भाग्यसे गांधी जी असफल रहे।

संविधान बनानेकी ब्रिटिश अनुमतिके बाद भी साम्प्रदायिक दंगे हो रहे थे। गांधी जीसे प्रश्न किया गया कि हिन्दू-मुस्लिम समस्याको कैसे हल किया जाये। गांधी जीने कहा, इस मामलेमें मुझे अपनी हार स्वीकार करनी चाहिए। मैं जानता हूं कि मेरी आवाज कोई नहीं सुनता। संविधान सभाको लेकर ब्रिटिश शर्त थी कि संविधान सभामें मुस्लिम लीग और कांग्रेस दोनोंको शामिल होना चाहिए। दोनोंके सहयोगसे ही भारतका संविधान बन सकता है। गांधी जी अंग्रेजोंकी अनुमति वाली संविधान सभा नहीं चाहते थे। लेकिन कांग्रेसमें आन्दोलन जारी रखनेका दम नहीं था। गांधी जी ऐसा ही चाहते थे लेकिन असफल रहे।गांधी जी भारतकी प्रकृति और संस्कृति वाला भारत चाहते थे। कांग्रेस सत्ताकी जल्दबाजीमें थी। वह आगे लड़ाई लड़नेकी स्थितिमें नहीं थी। कांग्रेस अपनी राजनीतिके लिए गांधी जीके विराट व्यक्तित्वका उपयोग करती थी लेकिन उनकी विचारधारा और सत्याग्रहपर कांग्रेसकी आस्था समाप्त प्राय: थी। भारतको अभी स्वतंत्रता नहीं मिली थी। पूर्ण स्वतंत्रताके लिए अभी बहुत कुछ करना शेष था। संघर्षकी जरूरत थी लेकिन कांग्रेस आगे संघर्षके लिए तैयार नहीं थी। गांधी जी देश एवं कांग्रेसके सबसे बड़े नेता थे। वे अपनी ही पार्टीको संयम और त्यागके मूलभूत भारतीय आदर्शोंके लिए तैयार नहीं कर पाये।कांग्रेसने समझौता और आत्म-समर्पणका मार्ग चुना। अंग्रेजोंने अपनी योजनानुसार ही भारत छोड़नेका कार्यक्रम पूरा किया। गांधी जी पाकिस्तान नहीं चाहते थे। भारतको ब्रिटिश तर्जकी राज-व्यवस्था मिली। ब्रिटिश संसदीय प्रणालीकी आलोचना गांधी जीने 'हिन्द स्वराज' में की थी। गांधी जीने सावधान किया था कि 'मेरा निश्चित विचार है कि भारत अंग्रेजोंकी नकल करेगा तो बर्बाद हो जायेगा।' गांधी जी ऐसा नहीं चाहते थे लेकिन वे असफल रहे।

आत्मबोध

पितृपक्षमें शुद्धता

❐ **रघोत्तम शुक्ल**

पितृपक्ष सनातन परम्परामें पूर्वजोंके प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और आदर व्यक्त करनेका पावन समय है। मान्यताओंके अनुसार आश्विन कृष्ण पक्षके इन १५ दिनोंमें यमपुरीके द्वार खोल दिये जाते हैं और सूक्ष्म शरीरधारी आत्माएं अपने परिवारोंमें तृप्ति हेतु आती हैं। परिजनों द्वारा पिण्डदान और तर्पणसे वे तृप्त होती हैं और आशीर्वाद देती है। इस पक्षमें पृथ्वी और चंद्रकी स्थिति ऐसी हो जाती है कि चंद्रमाके ऊपरके केन्द्र स्थानसे जो एक रश्मि ऊपरको जाती रहती थी, वह पृथ्वीपर आने लगती है। इसीमें पितृ प्राण समाहित रहता है। इसे श्रयिश्या श्रद्धा कहते हैं। यह मध्याह्न और अपराह्नके बीच आती है। इस समय पितरोंको किया गया अर्पण यह रश्मि उन्हें अर्पित कर तुष्ट कर देती है। इस कालको कुतुप काल कहते हैं। पितृयज्ञमें पुत्र, दौहित्र, कुश, काला तिल, कुतुप काल, गूलरकी लकड़ी और दक्षिण दिशाका बड़ा महत्व है। वास्तु शास्त्र और ज्योतिषके अनुसार, यदि घरमें नकारात्मक ऊर्जा, कबाड़ या वास्तु दोष मौजूद हो तो पितरोंका आगमन बाधित होता है और उनकी ऊर्जा खिन्न होती है। पितरोंकी कृपाप्राप्तिके लिए घरमें कुछ बातोंका विशेष ध्यान रखना चाहिए। घरकी दक्षिण दिशा इस सम्बंधमें विशेष ध्यातव्य है, क्योंकि यह यमकी दिशा है और पितृगण इसी दिशासे आकर वहाँ प्रतिष्ठित होते हैं। घरके मंदिर या किसी भी कोनेमें टूटी-फूटी मूर्तियां या फटी हुई धार्मिक तस्वीरें नहीं रखनी चाहिए। पितृपक्षके दौरान यह नकारात्मकता सात्विक एवं दिव्य ऊर्जाके प्रवाहको रोकती है, जिससे पूजा-तर्पणका पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। पितरोंके लिए बनाये जाने वाले भोग और तर्पणकी सामग्रीमें पूर्ण पवित्रता एवं स्वच्छता होनी चाहिए। ज्योतिष शास्त्रमें राहु और शनिके नकारात्मक प्रभावको कई गुना बढ़ा देता है। यह घरके सदस्योंके स्वास्थ्यपर प्रतिकूल प्रभाव डालता है और कार्योंमें अकारण रुकावटें उत्पन्न करता है। ऐसे सामानको तुरन्त साफ करें या घरसे बाहर करें। राहु केतु छायाग्रह हैं और पितृ छाया शरीरधारी। इन ग्रहोंके प्रतिकूल हो जानेपर हानि अवश्यम्भावी है। केतु विपरीत होनेपर प्रेत बाधा हो जानेका भय बना रहता है तथा ब्राह्मण एवं क्षत्रियोंसे वैर हो जाता है-दुष्टे विधत्तेचि-कुरोऽम्बुबाधनं स्वचारहीनोद्भव-कर्मजाभयम्। राजन्यविप्रे:सह वैरमंगिनां कण्डूं विषप्रेतदरं मसूरिकाम्॥ पितृपक्ष केवल तर्पण और श्राद्धतक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने परिवेशको पवित्र और ऊर्जावान बनानेका भी अवसर है। शारीरिक शुचिता भी परमावश्यक है। इसपर वराह पुराण/अध्याय-१८८ में जोर दिया गया है। पितृगण देवतावोंके भी देवता हैं। ऐसा महाभारतमें उल्लेख है। न च श्रेयाधिगच्छन्ति यत्र श्राद्ध विवर्जितम्॥ अत: श्राद्ध तन तथा आवासकी शुचिताके साथ करणीय है।

प्रकृतिके संतुलनके लिए बेजुबानोंका संरक्षण आवश्यक

❐ **योगेश कुमार गोयल**

पशुओंके कल्याण मानकोंमें सुधारको लेकर लोगोंमें जागरूकता बढ़ानेके उद्देश्यसे प्रतिवर्ष ४ अक्तूबरको विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिनमें २४ मार्च १९२५ को पशु कल्याणके बारेमें जागरूकता फैलानेके उद्देश्यसे मनाया गया था। पशुओंकी लुप्तप्राय प्रजातियोंकी दुर्दशाको उजागर करनेके लिए इटलीके फ्लोरेंसमें १९३१ में आयोजित पारिस्थितिकीविदोंके एक सम्मेलनमें विश्व पशु दिवसकी शुरुआत की गयी और तब असीसीके सेंट फ्रांसिसके पर्वके कारण यह दिवस मनानेके लिए प्रतिवर्ष ४ अक्तूबरको ही चुना गया। २००३ में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चैरिटी नेचर वॉच फाउंडेशन द्वारा लांच की गयी थी। इस दिन पशु अधिकारोंको बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संघटनोंका समर्थन करके जानवरोंके प्रति प्यार, देखभालए स्नेह और सुरक्षाको प्रोत्साहित करता है। पशुओंके अधिकारोंके लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याणके लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेमके बारेमें महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्रकी महानता और उसकी नैतिक प्रगतिका अनुमान इस बातसे लगाया जा सकता है कि वहां जानवरोंके साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवनमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवनको समृद्ध बनाते हैं, बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्रमें सभी जानवर प्रकृतिकी पारिस्थितिकीको संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरणकी रक्षा करने और मानव स्वास्थ्यको बढ़ावा देनेमें भी समान रूपसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरेपर निर्भर हैं, बल्कि एक-दूसरेके पूरक भी हैं। सही मायनोंमें दोनोंका अस्तित्व ही खुशहालीका प्रतीक है और यदि जंगलसे किसी एक जीवकी प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरणपर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभरमें कल्याण मानकोंके मिशनके साथ जानवरोंके जीवनको बेहतर बनानेके लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पशु कल्याण दिवसकी थीम है 'उनकी नजरोंसे दुनियाको देखें'। भारतमें करीब ७० फीसदी आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायोंपर निर्भर है। प्राचीन कालसे ही पशुपालन और कृषि व्यवसायोंका आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबीसे त्रस्त परिवारोंके लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारोंके लिए बीमा विकल्पके रूपमें भी कार्य करता है, क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकटके समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओंको पशुधन कहा जाता है। भारतके सकल घरेलू उत्पादमें भी पशुधनकी बड़ी भागीदारी रही है।

मानव और पशुओंके आपसी संबंध मानव जीवनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि पशुओंका मानवीय समाजमें विभिन्न रूपोंमें योगदान होता है। पशुओंके साथ रहनेसे हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नतिका अनुभव होता है। बहुतसे पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरतीपर नहीं हों तो पृथ्वीपर मनुष्यका जीना ही मुश्किल हो जायगा। अनेक मामलोंमें देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थके लिए कई जानवरोंकी निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओंके विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनानेसे लेकर खेतीबाड़ीतकमें काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरकका काम करते हैं। हाथियोंको हाथी दांत और गैंडेको उसके सींगोंके लिए बेदर्दीसे मौतके घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होनेपर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़में रहकर दूसरे जानवरोंके पीनेके लिए किनारेपर पानीका इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीनको उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़में रहकर मिट्टीकी अदला-बदलीका काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पतिकी खुराक होनेसे जंगलमें कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीरपर फसलके लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियोंका भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाये रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्यके सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहारको समझे बिना यदि उनके रहनेकी जगहोंको उजाड़नेके प्रयास किये जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं।

तुर्कीके विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डनका कहना था कि दुनियामें वन्यजीवोंकी रक्षा केवल दयालु दिलोंके प्यारसे ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशनके संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जबतक आपके भीतर प्रकृतिके बीच रह रहे जंगली जीवोंके प्रति ढेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तबतक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पायंगे। मानव जातिको यह समझना होगा कि पशुओंका जीवन किसी भी तरहसे हमारे जीवनसे कम कीमती नहीं है। जैव विविधताके जनकके नामसे विख्यात आधुनिक कालके डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालयके पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सनके अनुसार पृथ्वीपर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभाके साथ बनायी गयी रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और जॉय आफ बीयर्स सहित कुछ पुस्तकोंकी लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गये शब्दको समझ नहीं पाते, अत: यह हमारा दायित्व है कि हम उनकी ओरसे बोलें और सुनिश्चित करें कि उनकी भलाई और जीवनका सम्मान एवं सुरक्षा हो। इसके लिए प्रकृति और पशुओंके साथ अपने संबंधोंमें मनुष्यको सभ्य बनाना आवश्यक है।

क्रिप्टो को लेकर आरबीआई सतर्क

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सतर्क रुख अपनाए हुए है लेकिन इससे जुड़ी नई तकनीकों और उनके संभावित उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि वित्तीय प्रणाली की मौजूदा मजबूती को भविष्य के जोखिमों से सुरक्षा की गारंटी नहीं माना जा सकता और नए तरह के खतरों से निपटने के लिए लगातार सतर्कता जरूरी है।

कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारत क्रिप्टो परिसंपत्तियों से जुड़ी डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी और टोकन व्यवस्था जैसी तकनीकों में नवाचार का समर्थन करता है। आरबीआई इन तकनीकों का इस्तेमाल केंद्रीय बैंक के भीतर तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से भी कर रहा है। हालांकि, मौद्रिक संप्रभुता, मौद्रिक नीति और पूंजी प्रवाह से जुड़ी चिंताओं के कारण क्रिप्टोकरेंसी के प्रति सतर्कता

सिर्फ बैंकिंग प्रणाली की मजबूती पर्याप्त नहीं

बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो से जुड़ी प्रमुख चिंताओं में मुद्रा की एकरूपता और मौद्रिक नीति पर संभावित प्रभाव शामिल हैं। खासकर उन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है, जहां पूंजी प्रवाह पर कुछ प्रतिबंध लागू हैं। मल्होत्रा ने कहा कि घरेलू भुगतान के क्षेत्र में भारत ने काफी प्रगति की है और अब अधिक महत्वपूर्ण चुनौती सीमा-पार भुगतान की है। इसके लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सी.बी.डी.टी.) सहित दूसरे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय स्थिरता पर जोर देते हुए कहा कि वित्तीय प्रणाली को केवल झटकों को रोकने के बजाय उनके असर को सहने और सीमित करने में सक्षम बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एन.बी.एफ.सी.) के मजबूत बही-खातों से वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है, लेकिन आज की मजबूती को कल की सुरक्षा नहीं माना जा सकता। मल्होत्रा ने कहा कि अगला वित्तीय संकट जरूरी नहीं कि किसी बैंक या वित्तीय क्षेत्र के भीतर से ही शुरू हो। वैश्विक घटनाएं, साइबर हमले या तकनीकी विफलताएं भी वित्तीय प्रणाली में जोखिम पैदा कर सकती हैं और इनके प्रभाव कई माध्यमों से एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने वित्तीय नेटवर्क की परस्पर निर्भरता और संकट के फैलने के रास्तों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अधिक विस्तृत आंकड़ों और मजबूत निगरानी व्यवस्था की जरूरत बताई। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय मजबूती पूरे तंत्र में होनी चाहिए। इसके लिए बैंकों के साथ एनबीएफसी, वित्तीय बाजारों, भुगतान प्रणालियों, प्रौद्योगिकी ढांचा प्रदाताओं, महत्वपूर्ण तीसरे पक्षों और सीमा-पार वित्तीय नेटवर्कों की भी निगरानी और मजबूती जरूरी है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोत्तरी

नयी दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी निजी ईंधन खुदरा विक्रेता नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दामों में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर की तत्काल प्रभाव से बढ़ोतरी की है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईंधन खुदरा विक्रेताओं पर ऊंची वैश्विक ऊर्जा कीमतों के कारण बने नए दबाव के बीच यह ताजा बढ़ोतरी की गई है। यह कदम इस साल नायरा द्वारा किए गए मूल्य समायोजनों के बाद उठाया गया है। सूत्रों ने बताया कि देश भर में 7,108 पेट्रोल पंपों का संचालन करने वाली नायरा ने शनिवार के शुरुआती घंटों से पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दी हैं। इस संबंध में टिप्पणी के लिए नायरा के प्रवक्ता को भेजा गया ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। इस साल की शुरुआत में जब ईरान संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी, तब अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में हुई वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने वाली नायरा पहली ईंधन खुदरा विक्रेता थी। कंपनी ने 26 मार्च को पेट्रोल की कीमतों में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इसके बाद सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन खुदरा कंपनियों ने मई में पंप कीमतों में वृद्धि करना शुरू किया था। नायरा ने बाद में अपनी मार्च की बढ़ोतरी को वापस ले लिया था। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बाद अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने पर कंपनी ने एक जुलाई को पेट्रोल के दाम पांच रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 3 रुपए प्रति लीटर घटा दिए थे।

नई खबर...

डॉव सॉफ्ट अपने सीपास बिज़नेस को बढ़ा ने लिए ला रही आईपीओ

मुंबई -जैसे-जैसे कंपनियाँ ग्राहकों से बातचीत के लिए कई तरह के चैनलों का इस्तेमाल कर रही हैं, कम्युनिकेशंस प्लेटफ़ॉर्म एज़ ए सर्विस का दायरा पारंपरिक टेक्स्ट मैसेजिंग से आगे बढ़ रहा है। डॉव सॉफ्ट लिमिटेड कई तरह के कम्युनिकेशन चैनलों के ज़रिए इस क्षेत्र में काम करती है और अब अपने एसएमइ आईपीओ के ज़रिए पूंजी जुटा रही है। यह इश्यू सोमवार, 5 अक्टूबर को बंद होगा। मुंबई में हेडक्वार्टर वाली यह कंपनी अपने आईपीओ के ज़रिए 73.26 करोड़ जुटा रही है। इसमें 53.28 लाख शेयरों का नया इश्यू और 12.72 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। इसके लिए प्राइस बैंड 104-111 प्रति शेयर तय किया गया है और कंपनी बीएसइ एसएमई प्लेटफ़ॉर्म पर लिस्ट होने की योजना बना रही है।डॉव सॉफ्ट का सीपास बिज़नेस डॉव सॉफ्ट एसएमएस, आरसीएस, व्हाट्सएप, वॉइस, ईमेल और दूसरे डिजिटल चैनलों के ज़रिए काम करती है और कंपनियों को कस्टमर कम्युनिकेशन के लिए एक इंटीग्रेटेड प्लेटफ़ॉर्म देती है। इसकी टेक्नोलॉजी क्षमताओं में एआई - इनेबल्ड ऑटोमेशन, वर्कफ़्लो-बेस्ड एंगेजमेंट, इंटेलिजेंट चैनल सिलेक्शन और रियल-टाइम एनालिटिक्स शामिल हैं। यह एंटरप्राइज़ कम्युनिकेशन में आए बड़े बदलाव को दिखाता है, जहाँ कस्टमर के साथ बातचीत में सिर्फ़ एक मैसेजिंग चैनल पर निर्भर रहने के बजाय एसएमएस, आरसीएस, व्हाट्सएप, वॉइस, ईमेल और ऑटोमेटेड वर्कफ़्लो का मिला-जुला इस्तेमाल हो सकता है।

उम्र यह तय नहीं करती कि हमें किससे प्यार करना चाहिए-अदिति देव

'शायद यही है प्यार' रोमांस से जुड़ी वर्षों पुरानी धारणाओं को चुनौती देते हुए कलर्स की एक ताज़गी भरी प्रेम कहानी पेश करता है, जो इस बात को परखती है कि क्या उम्र वास्तव में यह तय करनी चाहिए कि हम किससे प्यार करें। 'दिल बस दिल देखता है' की सोच पर आधारित यह सीमित एपिसोड्स वाली सीरीज़ प्रीति अरोड़ा (अदिति देव शर्मा) की कहानी है, जो 35 वर्षीय आत्मनिर्भर महिला है और जिसने वर्षों तक शादी, स्थिरता और सही उम्र में घर बसाने को लेकर समाज की अपेक्षाओं का सामना किया है। दिल टूटने के बाद प्रीति की ज़िंदगी में आरव आता है, जो आकर्षक व्यक्तित्व वाला और भावनात्मक रूप से परिपक्व युवा है तथा उससे दस वर्ष छोटा है। इस अनपेक्षित रिश्ते के साथ आगे बढ़ते हुए प्रीति की यात्रा खुद को दोबारा खोजने, नई शुरुआत करने का साहस जुटाने और दुनिया को क्या सही लगता है, उससे अधिक अपने दिल की सुनने की कहानी बन जाती है। अदिति देव शर्मा, दक्ष पुरी, कुणाल करण कपूर और ऐश्वर्या सखूजा अभिनीत 'शायद यही है प्यार' प्रेम, सामाजिक धारणाओं और अपने दिल की सुनने के साहस को दर्शाता है। शो और अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अदिति देव शर्मा ने प्रीति और आरव के बीच उम्र के अंतर, रिश्तों को लेकर सामाजिक सोच को चुनौती देने वाले पहलुओं और इस कहानी के उनके दिल के बेहद करीब होने की वजहों पर खुलकर अपनी बात रखी। मैं प्रीति अरोड़ा का किरदार निभा रही हूं, जो 35 वर्ष की आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और मेहनती महिला है। वह अपने पेशेवर जीवन में सफल है, लेकिन इसके बावजूद उसे अपने माता-पिता और समाज की ओर से शादी करके घर बसाने के लिए लगातार पड़ने वाले परिचित दबाव का सामना करना पड़ता है, साथ ही दफ्तर की राजनीति भी झेलनी पड़ती है। उसने गौरव के साथ पांच साल बिताए हैं और उसे लगता है कि वह आखिरकार उस जीवन की ओर बढ़ रही है, जिसे बनाने की उससे हमेशा उम्मीद की गई थी।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.88 अरब डॉलर घटकर 765.90 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में 785.71 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। यह उछाल प्रवासी भारतीयों से जमा के लिए एक विशेष रियायती अला-बदली सुविधा के तहत मुद्रा के भारी प्रवाह के कारण आया था। इसके जरिए बैंकों ने 130 अरब डॉलर से अधिक की रिकॉर्ड राशि जुटाई थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 15.57 अरब डॉलर घटकर 615.41 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.59 अरब डॉलर घटकर 108.70 अरब डॉलर रहा। शीर्ष बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार 9.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.64 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत की आरक्षित स्थिति 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.80 अरब डॉलर रही।

नेस्ले के लो फैट डेयरी व्हाइटनर का सैंपल फेल, एफएसएसएआई ने बिक्री रोकने के दिये निर्देश

नयी दिल्ली। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (स्नस्स्ड्ढ) की जांच में नेस्ले के च्लो फैट डेयरी व्हाइटनरज् के एक सैंपल को च्अनसेफज् और तय मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है। यह सैंपल दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित द ललित होटल परिसर से लिया गया था। होटल का संचालन भारत होटल्स लिमिटेड के तहत होता है।

एफएसएसएआई के मुताबिक, सैंपल को जांच के लिए फूड एनालिस्ट की प्रयोगशाला भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में इसे खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। मामला फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के तहत नियमों के उल्लंघन से जुड़ा बताया गया है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद संबंधित फूड बिजनेस ऑपरेटर को इसकी जानकारी दी गई। स्नस्स्ड्ढ ने संबंधित पक्ष को निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच रिपोर्ट के खिलाफ अपील करने का अवसर भी दिया है। साथ ही, संबंधित स्नक्चह्र को जांच में पहचाने गए इस प्रोडक्ट की बिक्री तत्काल रोकने का निर्देश दिया गया है यानी कार्रवाई उस सैंपल से जुड़े प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक लगाने के लिए की गई है। एफएसएसएआई की उपलब्ध जानकारी में यह बताया गया है कि सैंपल को अनसेफ और सबस्टैंडर्ड पाया गया, लेकिन किस खास मानक या पैरामीटर पर यह सैंपल फेल हुआ, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में फिलहाल यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि प्रोडक्ट में कौन-सा पदार्थ तय सीमा से अधिक या कम पाया गया अथवा इससे स्वास्थ्य पर किस तरह का असर हो सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फूड एनालिस्ट की रिपोर्ट के आधार पर सैंपल को असुरक्षित और निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं माना गया है और इसी के बाद बिक्री रोकने की कार्रवाई की गई है।

क्रेडाई ने किफायती मकान बनाने के लिए सरकारी प्रोत्साहन की मांग की

कोलकाता। रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई ने कहा कि निर्माण लागत और करों की ऊंची दरों के कारण बिल्डर किफायती मकान बनाने में असमर्थ हैं। संगठन ने सस्ते फ्लैटों की मांग और आपूर्ति को गति देने के लिए सरकार से प्रोत्साहन देने की मांग की। क्रेडाई के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक फ्लैट के लिए 45 लाख रुपए की अधिकतम मूल्य सीमा को समाप्त करके किफायती आवास की परिभाषा में बदलाव करे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उद्योग जगत की इस मांग पर ध्यान देगी। पटेल ने कहा, हम पर्याप्त संख्या में किफायती मकान उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं हैं। पटेल ने कहा कि जमीन की कीमत, निर्माण की बढ़ती लागत और बिक्री मूल्य पर 30 से 50 प्रतिशत तक के ऊंचे कर किफायती आवास की आपूर्ति बढ़ाने में प्रमुख बाधाएं हैं। गौरतलब है कि डेवलपर्स बिक्री मूल्य का 30 से 50 प्रतिशत तक केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और नगर निगमों को कर के रूप में चुकाते हैं। पटेल ने कहा, हम इन बाधाओं और चुनौतियों से पार पाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सस्ते मकानों की मांग और आपूर्ति को बढ़ाने के लिए अगले छह महीनों में कुछ नीतिगत पहल की जाएगी। किफायती आवास की परिभाषा में बदलाव की मांग पर उन्होंने कहा कि क्रेडाई इस मुद्दे पर सरकार के साथ लगातार बातचीत कर रही है। पटेल ने कहा, हम चाहते हैं कि 45 लाख रुपए की अधिकतम सीमा हटाई जाए। किफायती मकान कहलाने के लिए केवल क्षेत्रफल की सीमा होनी चाहिए, जो महानगरों के लिए 60 वर्ग मीटर और गैर-महानगरों के लिए 90 वर्ग मीटर हो।

यूपीआई पर एमडीआर के विरोध में गुजरात के कारोबारियों ने मनाया नो यूपीआई डे

अहमदाबाद। गुजरात में कारोबारियों के एक वर्ग ने 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत %मर्चेंट डिस्काउंट रेट% (एमडीआर) के विरोध में शुक्रवार को %नो यूपीआई डे% मनाया। कारोबारियों का कहना है कि इससे छोटे दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई.) ने 15 अक्टूबर से कारोबारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू किया है। वहीं, 75,000 रुपए या इससे अधिक के भुगतान पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपए होगा। यह शुल्क कारोबारी को देना होगा जबकि व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन और छोटे भुगतान को शुल्क से बाहर रखा गया है। विरोध में शामिल कारोबारियों ने अपनी दुकानों पर क्यूआर कोड मशीन, साउंड बॉक्स और भुगतान स्कैनर को काले कपड़े से ढक दिया तथा सॉरी, नो यूपीआई टुडे के पोस्टर लगाए। आठ सौ से अधिक व्यापारी संगठनों वाले गुजरात ट्रेडर्स फेडरेशन के अध्यक्ष जेयेंद्र तन्ना ने कहा कि राज्यभर में विरोध को मिली प्रतिक्रिया मिली-जुली रही, हालांकि कई क्षेत्रों में कारोबारियों ने इसमें सकारात्मक भागीदारी की।

पुणे गोदाम का लाइसेंस रद्द करने का एफडीए का निर्णय निराशाजनक, गुणवत्ता को लेकर प्रतिबद्ध- सिप्ला

मुंबई। दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने कहा है कि उसकी अनुषंगी सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज के पुणे के वडकी स्थित माल भंडारण एवं वितरण (सीएंडएफ) केंद्र का दवा बिक्री और वितरण लाइसेंस रद्द करने का महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) का फैसला निराशाजनक है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज लिमिटेड के पुणे के

कंपनी गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध -सिप्ला

वडकी स्थित माल भंडारण एवं वितरण केंद्र का दवा बिक्री एवं वितरण लाइसेंस रद्द कर दिया है।

एफडीए ने बयान में कहा कि यह कार्रवाई बंबई उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नए सिरे से कार्यवाही पूरी करने के बाद की गई है। यह कार्रवाई एफडीए की 27 अगस्त को की गई पिछली कार्रवाई के बाद हुई है। उस समय विभाग ने रिएक्टिन प्लस टैबलेट की पैकेजिंग, भंडारण, दस्तावेजीकरण और बाजार से दवा वापस लेने की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में गोदाम के खिलाफ कार्रवाई की थी। सिप्ला ने बयान में कहा, कंपनी गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पुणे के वाडकी स्थित उसके सीएंडएफए के संबंध में महाराष्ट्र एफडीए का फैसले से निराश है। कंपनी ने कहा, पुणे स्थित गोदाम वितरण एवं भंडारण संबंधी प्रोटोकॉल और डिजिटल रिकॉर्ड रखने के मानकों के अनुरूप काम करता है। कंपनी महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के आदेश की समीक्षा कर रही है और आगे के विकल्पों पर विचार कर रही है।

डीजल के दाम बढ़ने से रिलायंस-नायरा जैसी कंपनियां मालामाल, पर सरकारी कंपनियों को रोज 530 करोड़ घाटा

नयी दिल्ली। दुनिया भर में डीजल की कीमतें आसमान पर हैं और इसका असर भारत की तेल कंपनियों पर बिल्कुल उल्टा पड़ रहा है। निजी रिफाइनरियां इस तेजी से जमकर कमाई कर रही हैं, जबकि सरकारी तेल कंपनियों का घाटा बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दबाव के बाद जी7 देशों ने अपने भंडार से 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल और डीजल बाजार में उतारने पर सहमति जताई है। यह रिलीज चार महीने में होगी। गुरुवार को इस खबर के बाद कच्चे तेल को डीजल में बदलने से मिलने वाले मार्जिन में हल्की गिरावट दिखी। हालांकि जानकारों को नहीं लगता कि इससे कीमतें ज्यादा नीचे आएंगी। उनके मुताबिक यह मात्रा पूरी दुनिया में एक दिन में होने वाली तेल खपत के बराबर ही है। ब्रिटेन की कमोडिटी फर्म स्पार्टा कमोडिटीज के प्रमुख जेम्स नोएल-बेसविक का कहना है कि यूरोपीय संघ और अमेरिका में डीजल के स्प्रेड और क्रैक फिलहाल तेजी में हैं। उनके हिसाब से 2027 की पहली तिमाही के लिए मौजूदा ऊंचे भाव भी कम आंके गए लगते हैं। उन्होंने कई वजहें गिनाईं- अमेरिका में डीजल का कम स्टॉक, बढ़ता मेंटेनेंस का काम, नजदीक आती सर्दी और रूस का निर्यात प्रतिबंध। कीमतें लगभग दोगुनी, मार्जिन सामान्य से कई गुना

मुंबई एयरपोर्ट से नवी मुंबई शिफ्ट होंगी 265 उड़ानें, इंडिगो और एयर इंडिया की उड़ानों पर पड़ेगा असर

नयी दिल्ली। अदाणी समूह के नियंत्रण वाली च्मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेडज् (मायल) ने विमानन कंपनियों से कहा है कि वे कुल 770 अंतरराष्ट्रीय साप्ताहिक उड़ानों में से 265 उड़ानों को 25 अक्टूबर तक नवी मुंबई हवाई अड्डे पर स्थानांतरित कर लें। इसकी वजह यह कि पुराने हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 को जनवरी से तोड़ा जा रहा है ताकि उसका पुनर्निर्माण किया जा सके। मायल ने सभी विमानन कंपनियों को भेजे संदेश में कहा कि उसने इस बदलाव को सुगम बनाने के लिए 16 सितंबर को एक बैठक बुलाई थी, लेकिन च्कई विमानन कंपनियों ने इसमें शामिल न होने का फैसला कियाज् इसके अलावा परिचालक ने कहा कि उसने विमानन कंपनियों से बदलाव की अपनी योजना 25 सितंबर तक जमा करने को कहा था, लेकिन च्कई विमानन कंपनियोंज् ने यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। मायल ने कहा कि जरूरी जानकारी के अभाव में उसने विमानन कंपनियों के च्परिचालन के उपलब्ध आंकड़ों और मुंबई हवाई अड्डे पर टर्मिनल 1 के पुनर्विकास से संबंधित च्योजना की अवधारणा के आधार पर नई हवाई अड्डे पर उड़ानों को स्थानांतरित करने का फैसला किया है। इंटरनैशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने 9 सितंबर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लिखे पत्र में नए हवाई अड्डे पर जाने के इस कदम को जबरन स्थानांतरण बताया था और मंत्रालय से इसमें दखल देने के लिए कहा था, क्योंकि स्थानांतरण की यह योजना विमानन कंपनियों के साथ बिना बातचीत किए तैयार की गई। मायल ने गुरुवार को कहा कि मुंबई हवाई अड्डे से हर हफ्ते जाने वाली 770 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में से 265 उड़ानों यानी 34.4 प्रतिशत को वह 25 अक्टूबर तक अस्थायी तौर पर बंद करने की योजना बना रहा है।

विजय माल्या के दावे पर बैंकों का पलटवार, हाई कोर्ट में पेश किया 8,752 करोड़ का हिसाब

नयी दिल्ली। विजय माल्या के उस दावे पर नया विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बैंक उनके बकाये से ज्यादा रकम पहले ही वसूल चुके हैं। अब स्क्चढ्ढ की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया है कि अगस्त 2026 तक माल्या से करीब 8,752 करोड़ की वसूली अभी बाकी थी। बैंकों के मुताबिक, डेट रिकवरी ऑफिसर अब तक करीब ?10,270 करोड़ की वसूली कर चुके हैं। हालांकि, लेंडर्स का कहना है कि इस रकम को रिकवरी सर्टिफिकेट के तहत अभी भी बकाया राशि से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

लंदन में रह रहे विजय माल्या ने 2020 में बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों को खत्म करने की मांग की थी। माल्या का तर्क था कि बैंकों ने उनका पूरा बकाया वसूल

ईडी ने आपराधिक मामलों पर दिया जोर

कर लिया है, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का आधार नहीं बचता। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने भी अपना पक्ष रखा है। पिछले महीने हाई कोर्ट ने एसबीआई को इस दावे पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। बैंकों ने अपने हलफनामे में बताया कि डेट रिकवरी ऑफिसर ने लेंडर्स ग्रुप के बॉन्ड अंडरटेकिंग के आधार पर करीब ?10,270 करोड़ की अस्थायी रिकवरी की है।

बैंकों के अनुसार, डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल में मुकदमा दायर होने से पहले 544.58 करोड़ की वसूली हुई थी। जनवरी 2026 में दाखिल पिछले हलफनामे में कानूनी और अन्य खर्चों को छोड़कर करीब ?8,135.63 करोड़ बकाया बताया गया था। 31 अगस्त तक यह रकम बढ़कर ?8,751.86 करोड़ हो गई। इस मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होनी है।

ईडी ने हाई कोर्ट में कहा है कि करीब 14,132 करोड़ की संपत्तियां एसबीआई को वापस की जा चुकी हैं। हालांकि, एजेंसी का तर्क है कि संपत्तियों की रिकवरी से बैंकों के सिविल दावे प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन इससे पीएमएलए के तहत चल रही आपराधिक कार्यवाही अपने आप खत्म नहीं होती। बैंकों ने यह भी बताया कि मामले में अटैच की गई कुछ शेयरहोल्डिंग अभी सुरक्षित है और उनकी बिक्री नहीं हुई है। कंसोर्टियम छ्वक्रज्ञ की कार्रवाई और अटैच की गई संपत्तियों की बिक्री या वापसी के जरिए आगे की रिकवरी का प्रयास कर रहा है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग घटने से गेहूं के भाव 15/20 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। उठाव न होने से बासमती चावल की कीमतों में 300 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। जबकि दाल मिलों की मांग बढने़ से दलहनों में चना-अरहर-उड़द के भाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। तेल मिलों की मांग बढने़ से सरसों में 50 रुपये क्विंटल की तेजी रही। जबकि उठाव न होने से खाद्य तेलों में राइसब्रान ऑयल व बिनौला तेल में 50 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। अखाद्य तेलों में भी आपूर्ति कमजोर होने से मजबूती का रुख रहा। आवक की अपेक्षा मांग बढने़ से गुड़ व चीनी की कीमतों में 50/100 रुपये क्विंटल की तेजी रही। किराना जिंसों में मांग बढने़ से धनिया-जीरा व हल्दी के भाव 200/500 रुपये प्रति क्विंटल उछल गए। बिकवाली कमजोर होने से बड़ी इलायची में भी 50 रुपये किलो की तेजी रही। इसके विपरीत मांग घटने से मगजतरबूज के भाव 10 रुपये प्रति किलो घट गए।

अनाज-दाल

फ्लोर मिलों की मांग कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से गेहूं 15/20 रुपये मुलायम होकर मिल डिलीवरी 2940/2950 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 2960/2970 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। मांग कमजोर होने से आटा भी 10 रुपये मुलायम होकर 1615/1620 रुपये तथा मैदा 1675/1685 व सूजी के भाव 1765/1775 रुपये प्रति 50 किलो रह गए। ऊंचे भाव पर ग्राहकी का समर्थन न मिलने तथा मुनाफा वसूली आने से बासमती चावल 200/300 रुपये घटकर 1121 सेला 10100/10200 रुपये तथा स्टीम 10800/10900 रुपये व 1509 चावल सेला के भाव 8200/8300 रुपये स्टीम 8400/8500 रुपये तथा 1401 स्टीम के भाव 9800/9900 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। दाल मिलों की मांग बढने़ तथा बिकवाली कमजोर होने से दलहनों में उड़द 100 रुपये बढक़र रंगून एसक्यू 10440/10450 रुपये तथा देसी माल के भाव 8300/9300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली कमजोर होने से मूंग 100 रुपये बढक़र राजस्थान की 8500/8800 रुपये तथा अरहर रंगून 9475/9500 रुपये एवं देसी के भाव 10100/10200 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। राजस्थानी चना भी मांग बढने़ से 125/150 रुपये बढक़र 7275/7300 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दलहनों में तेजी का रुख होने के कारण मिलों की बिकवाली कमजोर होने से उड़द दाल 200 रुपये बढक़र 11300/13300 रुपये तथा

मूंग दाल 9800/12100 रुपये एवं अरहर दाल के भाव 13000/13500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली के अभाव में काबली चना भी 500 रुपये बढक़र महाराष्ट्र के भाव 8800/9000 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

तेल-तिलहन

तेल मिलों की मांग बढने़ तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से सरसों 50 रुपये बढक़र 8500/8550 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। हरियाणा व राजस्थान की बिकवाली कमजोर होने से सरसों तेल 17050 रुपये प्रति क्विंटल पर टिका रहा। जबकि रिफाइंड वालों की मांग सुस्त पडने़ तथा आवक बढने़ से बिनौला तेल 50 रुपये मुलायम होकर 14450 रुपये तथा राइसब्रान ऑयल 12950 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। वनस्पति घी निर्माताओं की पूछपरख से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल के भाव 12000 रुपये प्रति क्विंटल पर टिके रहे। अखाद्य तेलों में औद्योगिक मांग निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से अरंडी तेल के भाव 15800/15900 रुपये तथा राइसफैटी के भाव 11800/11850 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

गुड़-चीनी

उत्तर प्रदेश की मंडियों के मजबूत समाचार आने व मांग बढने़ से गुड़ चाकू के भाव 100/200 रुपये बढक़र 6200/6300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली कमजोर होने से पेड़ी के भाव 6000/6100 रुपये तथा ढैया के भाव 6200/6300 रुपये प्रति क्विंटल पर टिके रहे। मिलों द्वारा अंडर बिलिंग किए जाने के कारण तथा ग्राहकी निकलने से चीनी मिल डिलीवरी के भाव 50 रुपये बढक़र 4500/4650 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 4900/5000 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने से हल्दी के भाव 500 रुपये बढक़र ईरोड 19200/19300 रुपये तथा सेलम फली के भाव 20100/24800 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। जीरा भी मांग बढने़ से 500 रुपये बढक़र 23900/24200 रुपये तथा अजवायन 500 रुपये बढक़र 18000/27000 रुपये तथा राई 18500/18700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बड़ी इलायची भी मांग बढने़ से 50 रुपये तेज होकर 1500/1540 रुपये प्रति किलो हो गई। जबकि मांग कमजोर होने से मगजतरबूज 10 रुपये मुलायम होकर 590/600 रुपये प्रति किलो रह गया।

सराफा

विदेशों के मंदे समाचार आने के बावजूद रुपया कमजोर होने के कारण बिकवाली घटने से सोने के भाव 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 1000 रुपये प्रति किलो बढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डॉलर में मजबूत का रुख होने तथा निवेशकों की लिवाली सुस्त पडने़ से सोना 15 डॉलर घटकर 4145 डॉलर प्रति ओंस रह गया। विदेशों में आई नरमी के बावजूद रुपया कमजोर होने के कारण बिकवाली घटने से सोना 600 रुपये बढक़र किलोबार 152000 रुपये तथा स्टैंडर्ड 152800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 8 ग्राम वाली गिन्नी भी 112000 रुपये पर मजबूत रही। विदेशों में चांदी के भाव भी 6050 सेंट प्रति ओंस बोले जाने तथा बिकवाली घटने से चांदी हाजिर 1000 रुपये बढक़र 231000 रुपये प्रति किलो हो गई।

अनाज-दाल साप्ताहिक समीक्षा

गत सप्ताह मंडियों में प्रतिस्पर्धात्मक खरीद से सभी तरह के बासमती धान व चावल में भारी तेजी आ गई। इसके प्रभाव से यहां भी 500/700 रुपए की तेजी आ गई। अंतिम दिन मुनाफावसूली बिकवाली से 300/400 रुपए का मंदा आ गया। हाजिर माल की कमी से जौ के भाव भी 500 रुपए छलांग लग गए। दलहनों में उड़द एफएक्यू 550 रुपए एवं एसक्यू बढ़ गए। नई मूंग 300 रुपए, मसूर 50 रुपए, देसी चना 100 रुपए, काबुली चना 700 रुपए प्रति कुंतल तेज हो गए। अन्य में मिला जुला रूख रहा। आलोच्य सप्ताह हरियाणा पंजाब यूपी की मंडियों में 1509 धान की आवक भरपूर रही, लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक खरीद चलने से 400 रुपए बढक़र 1509 धान के भाव यूपी हरियाणा की मंडियों में नमी व लेंथ के हिसाब से 4000/4350 रुपए प्रति कुंतल के बीच हो गया। इसका चावल भी 500/700 रुपए बढक़र सेला 8500/8600 रुपए एवं स्टीम 8700/8800 रुपए प्रति कुंतल हो गए। पुराना चावल भी 1718, 11 21 एवं 1401 में उसी अनुपात में तेजी आ गई। एक साथ आई धान व चावल में भारी तेजी के बाद मुनाफावसूली बिकवाली से अंतिम दिन 300/400 रुपए की गिरावट आ गयी।इधर जौ, लगातार खपत वाले उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक लिवाली चलने से 500 रुपए छलांग लगाकर गंगानगर पहुंच में 2900/2920 रुपए प्रति कुंतल हो गया। यहां भी 2900/2950 रुपए की ऊंचाई पर जा पहुंचा। दलहनों में उड़द एफएक्यू 550 रुपए बढक़र 9650/9700 एवं एसक्यू 470 रुपए बढक़र 10450 रुपए प्रति क्विंटल की ऊंचाई पर जा पहुंचे। दाल छिल्का भी 400 रुपए बढक़र 11400/13200 रुपए एवं धोया 11200/12200 रुपए की ऊंचाई पर जा पहुंचे। मूंग भी 300 रुपए बढक़र नया 8500/8800 रुपए प्रति कुंतल हो गई। मसूर भी बिल्टी में 50 रुपए बढक़र 6900/6925 रुपए ढाई किलो कंडीशन में बिक गई। मोठ में भी मंडियों में नये माल की आपूर्ति घटने से 200 रुपए की बढ़त पर 7800 रुपए का व्यापार हो गया। इधर देसी चना भी उत्पादक मंडियों से माल कम आने तथा दालों की पकड़ मजबूत होने से 250/300 रुपए बढक़र 7300/7350 खड़ी मोटर में बिक गया। उत्पादक मंडियों से माल कम आने एवं एमपी से निर्यातकों की लिवाली से काबुली चना भी 1000/1100 रुपए बढक़र मीडियम 8600/8900 रुपए प्रति कुंतल हो गया। छोटे-मोटे माल भी इसी अनुपात में बढ़ाकर बोले गए। राजमां चित्रा इंडियन ब्राज़ील 118/120 रुपए प्रति किलो की ऊंचाई पर जा पहुंचा। चीन पुराना भी काफी तेज बोले गए। अन्य अनाज दाल में मिला-जुला रुख रहा।

नीलगाय से टकराकर बाइक अनियंत्रित, मासूम की मौत

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के जयपालपुर गांव के निकट नेशनल हाईवे पर शनिवार को अचानक सामने आई नीलगाय से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार चार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सात वर्षीय बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन घायलों को भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रयागराज जिले के मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिसई सिपाह निवासी सकील अहमद (35) पुत्र अब्दुल अपनी पत्नी खुशनुमा (32), सरवरी (36) पत्नी फकरे आलम और अलफैज (7) पुत्र फकरे आलम, निवासीगण शेखरपुर, थाना देल्हूपुर, प्रतापगढ़ के साथ दोपहिया वाहन से प्रतापगढ़ से जौनपुर की ओर जा रहे थे। जयपालपुर के पास हाईवे पर अचानक नीलगाय सामने आ गई। उसे बचाने के प्रयास में बाइक नीलगाय से टकरा गई और अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में चारों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुंगराबादशाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी सतहरिया भेजा। चिकित्सकों ने अलफैज को मृत घोषित कर दिया। वहीं सकील अहमद, खुशनुमा और सरवरी गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार कराया जा रहा है। इस बाबत थानाध्यक्ष गजानंद चौबे का कहना है कि हादसे में सात साल के बच्चे की मौत हुई है। अनुरोध पर शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

१०२ शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण

मछलीशहर। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 102 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि और राजस्व से संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक रही। शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार ने राजस्व टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार सुरेंद्र कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार राज कुमार सोनकर, खण्ड विकास विकास अधिकारी अंजली नायब तहसीलदार शुभम गौतम, अधिशासी अधिकारी विजय कुमार सिंह समेत राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एबीवीपी ने पीयू में चलाया सदस्यता अभियान

चार दर्जन विद्यार्थियों ने ली सदस्यता

सरायख्वाजा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की पूर्वांचल विश्वविद्यालय इकाई की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों से संगठन के उद्देश्यों और छात्र हितों से जुड़े

कार्यों की जानकारी साझा करते हुए उन्हें सदस्यता दिलाई गई। अभियान में करीब चार दर्जन विद्यार्थियो ने एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान का आयोजन विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष शानू सिंह, इकाई उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, सदर तहसील संयोजक सचिन सिंह, पूर्व जिला संयोजक शिवम सिंह और अन्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें संगठन की गतिविधियों और छात्र हित में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। विद्यार्थी विस्तारक शैलेंद्र ने विद्यार्थियों से संगठन से जुड़कर शैक्षिक एवं छात्र गतिविधियों में सहभागिता करने की अपील की। अभियान के दौरान इकाई उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, उदय प्रताप सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

डीएम व एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

जौनपुर। तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। इस दौरान अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयावधि में निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्टिपरक न्याय दिलाया जाए। साथ ही राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एनएच-७३१बी पर भिड़ी बाइक, तीन घायल

चौकीखुर्द के मेला बारी के पास हादसा, दो की हालत गंभीर

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौकी खुर्द गांव स्थित हनुमान मंदिर मेला बारी के पास शनिवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बदलापुर निवासी लालजी तिवारी और चौकी कला निवासी हीरालाल यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हीरालाल मछलीशहर से तेरहवीं का निमंत्रण देकर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-731बी पर सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क से हटाकर एंबुलेंस को सूचना दी। घायल लालजी तिवारी को सीएचसी मछलीशहर भेजा गया, जबकि हीरालाल यादव को परिजन निजी वाहन से मुंगराबादशाहपुर ले गए। तीसरे घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइकों को कब्जे में लेकर यातायात सुचारु कराया।

किशोर को मारने पीटने के आरोप में एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

डोभी। चंदवक थानाक्षेत्र के महुली रतनूपुर गांव में दलित किशोर को मारने पीटने के आरोप में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। महुली रतनूपुर गांव निवासी बनवारी सोनकर ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि मेरा बेटा मोहित 28 सितंबर को सुबह छः बजे किराना की दुकान पर बिस्कुट लेने गया। दुकान पर बैठे डिम्पल पुत्र पारस नाथ ने मेरे लड़के को यह कहते हुए गाली देने लगे कि सुबह सुबह नीच जाति का कहा से आ गया। बेटे ने कहा बिस्कुट दीजिए तो जाति सूचक गाली देने लगे। इसके बाद उसे थप्पड़ मार दिया। बेटा घर आया तो बताया। मैं पूछने गया तो मुझे भी गालियां दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

अज्ञात व्यक्ति पर मारने पीटने का लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज

तेजीबाजार। क्षेत्र के चौखड़ा गांव निवासी प्रदीप कुमार गौतम ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बीते 30 सितम्बर शाम को मै दुबे के घर के पास बैठा था, उसी समय एक लड़का सलामतपुर की तरफ से आया और मुझसे पूछा कि यहां क्यों बैठे हो तो मैने बताया कि किसी का इंतजार कर रहा हूं इतने में वो मुझे गाली-गलौज देते हुए मारने लगा, जिससे मुझे बहुत चोट लगी हैं, और जान से मारने की धमकी भी दिया है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाई हैं। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर एक अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

शिव मंदिर में २१ किलो का घंटा चोरी

डोभी। चंदवक क्षेत्र के चान्देपुर गांव स्थित शिवमंदिर का 21 किलो का घंटा चोर शुक्रवार रात में चुरा ले गए। सुबह जानकारी होने पर मंदिर के पुजारी उमाशंकर सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

डोभी। चंदवक थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की मां ने पुत्री के गायब हो जाने के संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मां ने लिखित तहरीर दी कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री 1अक्टूबर की रात से गायब है। बहुत खोजने के बाद भी पता नहीं चला।

जमीन संबंधी विवाद के मामले में मुकदमा दर्ज

डोभी। चंदवक क्षेत्र के चंदवक गांव में बीते 30 सितंबर को जमीन संबंधी विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। अजीत सोनकर पुत्र सामू ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि जमीन संबंधी विवाद में पड़ोसियों ने लाठी डंडे से मारा पीटा। जान मारने की नीयत से धारदार हथियार से जान लेवा हमला किया। थाने में प्रार्थना पत्र दिया।कोई कार्रवाई नहीं हुई।शांतिभंग में चालान कर दिया गया। एसपी के निर्देश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए वार्डो में कराई गई फॉगिंग

जफराबाद। बरसात के बाद बढ़े मच्छरों के प्रकोप और डेंगू-मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर पंचायत जफराबाद द्वारा शुक्रवार को देर शाम तक नगर के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग कराई गई। नगर पंचायत की टीम ने वार्ड ताड़तला, चक महमूद, शेखवाड़ा समेत मुख्य बाजार व अन्य वार्डों में फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान नालियों, जलजमाव वाले स्थानों और कूड़ा-कचरा वाले संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रूप से फॉगिंग की गई ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। इस संबंध में चेयरमैन उम्मे रहिला ने बताया कि बरसात के मौसम के बाद मच्छर जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए नगर पंचायत द्वारा रोस्टर बनाकर प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से फॉगिंग कराई जा रही है। अधिशासी अधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी वार्डों को कवर करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर से तय की गई है और यह फ़ांगिंग अभियान जारी रहेगा।

बच्चों के विवाद में महिला की पिटाई, तीन पर मुकदमा

मछलीशहर। बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जमुहर पश्चिम का पूरा गांव निवासी सुधा पत्नी सीताराम यादव के अनुसार शुक्रवार को बच्चों के आपस मे विवाद हुआ था। आरोप है कि पड़ोस की सुमन पत्नी गुलाब बिंद, उसके बेटे कुलदीप और बेटी आंचल ने गाली-गलौज की। विरोध पर लाठी-डंडा और लात-घूंसों से पिटाई कर दी।पीड़िता ने बताया कि आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर गए। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर ले गए, जहां इलाज हुआ। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एसपी के निर्देश पर चला चेकिंग अभियान पांच का चालान

पवांरा। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सिंह के निर्देश पर शनिवार की शाम कुंवरपुर टोलप्लाजा पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने तीन सवारी, बिना हेलमेट व कागजात के अभाव में पांच दो पहिया वाहनों का ईचालान काटा। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट जरुर लगाये व गाड़ी का पूरा कागजात लेकर चले व तीन सवारी न चले। अन्यथा की स्थित में चालान काटा जायेगा। इस चेकिंग अभियान से दो पहिया वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा। कई तो चालान कटने के डर से आड़े-तिरछे रास्तों का सहारा लेते हुए नजर आये।

रामनारायण साहू सर्वसम्मति से साहू समाज के अध्यक्ष मनोनीत

मुंगराबादशाहपुर। सर्व वैश्य समाज के वरिष्ठ सलाहकार रामनारायण साहू उर्फ रमई नेता को शुक्रवार की शाम आयोजित साहू समाज की बैठक में सर्वसम्मति से साहू समाज का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में साहू धर्मशाला समिति के महामंत्री शैलेन्द्र साहू द्वारा नये अध्यक्ष के लिए रामनारायण साहू रमई नेता के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर उपस्थित साहू समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दिया। मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी। बैठक में साहू समाज के लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष रामनारायण साहू रमई नेता को बधाई देते हुए कहा कि यह नया दायित्व उनके कुशल नेतृत्व, समाज के प्रति अटूट निष्ठा और निरंतर सेवा भाव का प्रतिफल है। वक्ताओं ने पूर्ण विश्वास जताया कि उनके अनुभवी नेतृत्व में साहू समाज उन्नति, संगठन और एकता के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों एवं शुभचिंतकों ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी कार्यकाल की मंगल कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, शिव पूजन साहू, संतलाल साहू, शैलेन्द्र साहू, लालता प्रसाद साहू, विजय साहू, लालचंद साह, महेंद्र साहू राकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, जगदीश प्रसाद साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, बैजनाथ साहू, अरविंद साहू, गुलाब चंद्र साहू, अखिलेश साहू सहित साहू समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

आपराधिक मुकदमे में नामजद पत्रकारों को चिन्हित कर कारवाई की मांग

सुजानगंज। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों ने पत्रकारिता की आड़ में कथित रूप से लोगों पर दबाव बनाने, प्रताड़ित करने और रंगदारी वसूलने जैसे आरोपों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने की मांग प्रशासन से की है।

वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि कुछ लोग पत्रकारिता के नाम का कथित तौर पर दुरुपयोग कर आमजन पर धौंस जमाने का प्रयास करते हैं। आरोप है कि ऐसे लोगों द्वारा पत्रकारिता की प्रतिष्ठा को प्रभावित करने के साथ-साथ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के संवाददाताओं के प्रति भी नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया जाता है। पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की है कि आपराधिक मुकदमों में नामजद अथवा वांछित ऐसे व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर उनकी पहचान और दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाए तथा यदि आरोप प्रमाणित हों तो कानून के अनुसार न्यायोचित कार्रवाई की जाए। वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता समाज की समस्याओं को सामने लाने और जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का माध्यम है। इसलिए पत्रकारिता के नाम पर किसी भी व्यक्ति द्वारा कथित रूप से कानून हाथ में लेने या आमजन को भयभीत करने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की कि पत्रकारिता की आड़ में कथित अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों और वास्तविक पत्रकारों के बीच स्पष्ट अंतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि पत्रकारिता की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा बनी रहे।

राजनीतिक नहीं समान विचार वालों का संघटन है राष्ट्रवादी नौजवान सभा - धनंजय सिंह

बलिदानियों को याद करना हमारा कर्तव्य : बृजेश सिंह प्रिंशु

देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना सच्ची श्रद्धांजलि : राजदेव सिंह

सिकरारा। लहू में जोश, आंखों में इंकलाब रखते हैं, हम देश पर मिटने का ख्वाब रखते है। कुछ इसी जोश के साथ राष्ट्रवादी नौजवान सभा के तत्वावधान में शुक्रवार की शाम बंसफा गांव में सई नदी के तट पर स्थित नागेश्वर धाम मंदिर पर शाम इंकलाबी कार्यक्रम का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम में युवाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारत माता की जयकारे, इंकलाब जिंदाबाद व वंदे मातरम के नारों के साथ साथ देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों व कार्यक्रमो पर युवा झूमते नजर आए।

राष्ट्रवादी नौजवान सभा के संस्थापक पूर्व सांसद धनंजय सिंह व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसु के साथ पूर्व विधायक राजदेव सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार भगत सिंह व पूर्व प्रधानमंत्री

लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। अपने सम्बोधन में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी नौजवान सभा कोई राजनैतिक संगठन नही है और न कभी कोई राजनैतिक संगठन बनेगा। यह संगठन समान विचार वाले लोगो का संगठन होगा। पूर्व सांसद ने कहा कि आप विभिन्न राजनैतिक दलों में राजनीति करते रहिए, लेकिन आप का चिंतन समाज और राष्ट्र के प्रति अच्छा होना चाहिए। जब भी कोई सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दे हो उसके लिए एकत्रित होकर खड़े रहिये, आवाज उठाइये, सरकार को जगाइए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका हो, उसका क्या योगदान हो उस विषय पर कुछ काम किया जाये तो बेहतर होगा। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसु ने कहा कि बलिदानियों के बलिदान को याद करना हमारा कर्तव्य है। बलिदानियों की गाथाओं को वर्तमान व आने वाली पीढ़ी उनके पदचिन्हों पर अच्छे से चल सके इसके लिए राष्ट्रवादी नौजवान सभा की यह अच्छी पहल है। इसमें सभी को साथ आना चाहिए। पूर्व विधायक राजदेव सिंह ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय करनी होगी। देशभक्ति के संदेश को जन जन तक पहुंचना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सिंह ने अभ्यागतों का स्वागत व सचिव राना सिंह ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर चंचल सिंह, डा. समर बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, राजीव सिंह, परवेन्द्र सिंह पम्मू, पूर्व प्रमुख आशुतोष सिंह, डा. अब्बासी, प्रशांत कुमार, दिनेश सिंह, राय अभय सिंह, रीगन सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन दीपक सिंह ने किया।

जिउतिया पर माताओं ने रखा निर्जला व्रत

जौनपुर। पुत्र की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर शनिवार को जनपद में माताओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ जिउतिया (जीवित्पुत्रिका) व्रत रखा। पूरे दिन निर्जल रहकर माताओं ने अपने पुत्रों के लिए व्रत किया और मंदिरों व नदी किनारे पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हुआ। महिलाएं पूजा की थाली और पूजन सामग्री लेकर मंदिरों तथा नदी किनारे पहुंचीं। स्नान के बाद विधि-विधान से भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना की और व्रत कथा का श्रवण किया। इस दौरान पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ और धार्मिक माहौल देखने को मिला। जिउतिया व्रत को लेकर घरों में भी विशेष तैयारियां की गईं। माताओं ने प्रसाद के लिए ठेकुआ, चीनी के लड्डू, बेसन के लड्डू, चना और विभिन्न प्रकार के फल तैयार किए। पूजा के दौरान इन सभी प्रसाद और फलों को अर्पित कर पुत्रों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की गई। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाओं में उत्साह

रहा। दोपहर बाद पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों और नदी किनारे पहुंचीं महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजन किया। पूरे जनपद में जिउतिया व्रत को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

पराऊगंज संवाददाता के अनुसार :छातीडीह गांव समेत क्षेत्र के अन्य गांवों में जीवित्पुत्रिका व्रत (जिउतिया) का पूजन बड़े ही विधि-विधान और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही गांव के पोखरों और मंदिरों पर माताओं की भीड़ उमड़ी रही। माताओं ने निर्जला व्रत रखकर जीमूतवाहन भगवान की कथा सुनी और अपने पुत्रों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। छातीडीह, कुटीर चक्के, भड़ेहरी, खालिसपुर खुर्द, मरही, बिंद, थोर, रेहारी, छतरीपुर, टुसौरी, बनपुरवा, पराऊगंज, सहित पूरे क्षेत्र में जगह-जगह पूजन के लिए पंडाल सजाए गए थे। महिलाओं ने टोकरियों में पूजन सामग्री, धान की नई फसल और श्रृंगार का सामान लेकर गोठ बनाकर पूजन किया। आचार्य अवनीश दुबे ने बताया कि यह व्रत संतान की मंगल कामना के लिए सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस दिन माताएं पूरे दिन बिना जल के व्रत रखती हैं, और शाम को कथा सुनने के बाद दूसरे दिन प्रात: व्रत का पारण करती हैं।

समाधान दिवस का बहिष्कार कर लेखपालों ने दिया धरना, किया प्रदर्शन

३१ लेखपालों ने जमा किया अतिरिक्त प्रभार का बस्ता चरणबद्ध आन्दोलन की घोषणा

केराकत। उत्तरप्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर तहसील इकाई से सम्बद्ध लेखपालों ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार करने के साथ ही मुख्यालय पर धरना देने के साथ ही प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व इकाई के अध्यक्ष त्रिभुवन यादव, मंत्री अंकित सिंह, पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन यादव, सतीश कुमार आदि कर रहे थे। लेखपालों के मांग पत्र में आठ सूत्रीय मांगें दर्ज हैं जिसमें वेतन विसंगतियों को दूर करना,भत्ते में वृद्धि करने तकनीकी कार्यों हेतु मोबाइल और लैपटॉप उपलब्ध कराने की मांगें शामिल हैं। चरणबद्ध आन्दोलन में ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, मोटर साइकिल रैली, आदि शामिल हैं, धरना और

प्रदर्शन में मुख्य रूप से अनिल यादव, शिवांगी मिश्रा, आलोक दीक्षित, अर्चना वर्मा, अंकुर सिंह, नेहा पाण्डेय, अजीत राय, श्वेता सिंह एवं आनन्द राय आदि लोग शामिल रहे।

धूमधाम से मनायी गयी राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

खण्ड विकास अधिकारी अरविंद कुमार यादव समेत सभी अधिकारी व कर्मचारी रहे मौजूद

डोभी। क्षेत्र के विकास खण्ड कार्यालय सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम में मनाई गई। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने कहाँ कि गांधीजी एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जिसने न तलवार उठाई और न ही किसी सेना की कमान संभाली, फिर भी सत्य और अहिंसा से पूरी दुनाय को नया रास्ता दिखाया। आप समझ गए होंगे कि हम किसकी बात कर रहे हैं, यह नाम है मोहनदास करमचंद गांधी। जिनका जीवन केवल देश की आजादी की लड़ाई तक सीमित नहीं था, बल्कि उनके विचार आज भी करोड़ों लोगों को सच बोलने, अन्याय के खिलाफ खड़े होने और शांति के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देते हैं। 2 अक्टूबर को उनकी जयंती अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी जानी जाती है। गांधी जी का जीवन हमें सादगी और स्वच्छता का संदेश देता है। आज के दिन हमें केवल बापू को याद नहीं करना है। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम हमेशा सच बोलेंगे और देश की भलाई के लिए काम करेंगे इस मौके पर एडीओं पंचायत रमेश यादव एडीओं एजी दयानन्द सिंह एडीओं कापरेटीव अशोक सिंह जेई अनिल सिंह लिपिक धनंजय कुमार सचिव प्रवीण कुमार सिंह अजीत कुमार दीपक कुमार राजेश यादव सुनित कुमार मनोज कुशवाहा हरिहर राम मंगलदास संजीव कुमार रमेश गौतम रितेश यादव पंकज गौतम बृजेश गौतम अमित सिंह समेत सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

आवासीय बालिका विद्यालय में हुआ ध्वजारोहण

शाहगंज। गांधी जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश जायसवाल रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि वेद प्रकाश जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात छात्राओं एवं उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान किया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत करने के साथ ही महात्मा गांधी की प्रिय प्रार्थना 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान वेद प्रकाश जायसवाल ने छात्राओं को कहानी सुनाकर गांधी जी के जीवन एवं उनके विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई, सजावट एवं 2 अक्टूबर के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यालय की बेहतर व्यवस्था और छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य, वार्डन एवं शिक्षकों को बधाई दी तथा सभी को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आदित्य सिंह खुदौली (प्रधानाचार्य), वार्डन एकता, नीलम, शिक्षिका किरण मौर्य, प्रियंका सिंह, अंकित शुक्ला, हर्षित यादव, रूमा मौर्य, कल्पना सिंह, प्रियंका वर्मा सहित विद्यालय की छात्राएं एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

मछलीशहर। उप्र तहसील इकाई लेखपाल संघ ने तहसील परिसर में धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार को सौंपा। यूपी लेखपाल तहसील इकाई संघ के अध्यक्ष जगवीर गौतम ने बताया कि बढ़ते कार्यभार, संसाधनों के अभाव, लंबित पदोन्नति, वेतन विसंगति और अवकाश में भी ड्यूटी जैसी समस्याओं से लेखपाल काफी समय से जूझ रहे हैं। लंबे समय से मांगों के निस्तारण की मांग की जा रही है, लेकिन शासन व राजस्व परिषद द्वारा कोई वर्तमान समय में सकारात्मक कार्रवाई न होने से लेखपाल संवर्ग आन्दोलित है। तथा प्रदेश के समस्त लेखपाल चरण बद्ध तरीके से 17 अक्टूबर से सम्पूर्ण कार्य करने के लिए विवश है, यदि जनमानस को कोई असुविधा होती है, तो सारी जिम्मेदारी शासन व राजस्व परिषद की होगी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आशीष पटेल ने किया। इस मौके पर अशोक कुमार सरोज, लालचंद श्रीवास्तव, राहुल पटेल, दुर्जन राम, संतोष कुमार वर्मा, सूरज कुमार पाल,कुलदीप यादव, हिमांशु सिंह, चंद्रप्रकाश सुनील कुमार समेत सभी लेखपाल मौजूद रहे।

सीमा द्विवेदी ने शिक्षक सभागार भवन का किया लोकार्पण

सिकरारा। राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बघौरा परिसर में नवनिर्मित

शिक्षक सभागार भवन का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ ही बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। विद्यालयों में नए कक्षों, सभागारों एवं स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व जनता की आवश्यकताओं को पूरा करना है, जिसका निर्वहन वह पूरी ईमानदारी से कर रही हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने स्वागत संबोधन में कहा कि विकासखंड में शिक्षकों के लिए कोई सभागार उपलब्ध नहीं था। इस समस्या से सांसद को अवगत कराने पर उन्होंने अल्प समय में शिक्षकों को भव्य एवं बहुउद्देशीय सभागार की सौगात प्रदान की, जिसके लिए समस्त शिक्षक उनके आभारी हैं। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में सांसद को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्लॉक के शिक्षकों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक लल्लन उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय मिश्र, हीरालाल गौतम, राजेंद्र उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष अजय पांडेय, मृत्युंजय सिंह, मयेंद्र सिंह, राजीव सिंह, सतीश सिंह, देशबंधु यादव, जितेंद्र उपाध्याय, रवि मिश्र, राजीव उपाध्याय, शैलेश सिंह देव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र उपाध्याय ने की। संचालन शैलेश चतुर्वेदी तथा आभार ज्ञापन अनुपम श्रीवास्तव ने किया।

पौधरोपण, उसकी देखभाल करना भी हम सबकी जिम्मेदारी - कपिल मुनि

दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर परिसर में हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मुंगराबादशाहपुर। धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण करने से जहां वातावरण शुद्ध रहता है, वहीं श्रद्धालुओं को भी स्वच्छ व सुंदर माहौल मिलता है। उक्त बातें नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने शनिवार 3 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा-2026 कार्यक्रम के तहत नगर के बहोरिक पुर मोहल्ला स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर परिसर में आयोजित पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए अपने संबोधन में कहा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण करना भी हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में पौधा रोपण करना चाहिए। पौधा रोपण करने के साथ ही साथ उसकी देखरेख सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं नगर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा शासन के निर्देश पर समय समय पर विशेष पौधरोपण अभियान का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी सहित सभासदों नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा क्षेत्र के प्रबुद्धजनों द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान

जी स्वामी मंदिर परिसर में पौधा रोपण कर स्वच्छता व हरियाली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य, अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी राजस्व निरीक्षक रामानुज शुक्ला सहित सभासदों एवं क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों ने मंदिर प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया।

नाले में डूबने से मासूम की मौत

पटेहरा। क्षेत्र के बभनी थपनवा गांव में शनिवार सुबह एक दयविदारक हादसा सामने आया। आंगनबाड़ी केंद्र से पढ़ाई कर घर लौट रहा चार वर्षीय मासूम सड़क किनारे नाले में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मासूम के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, बभनी थपनवा गांव निवासी संतोष पटेल का चार वर्षीय पुत्र लक्ष्य पटेल शनिवार सुबह गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने गया था। दोपहर में छुट्टी होने के बाद वह अकेले ही पैदल अपने घर के लिए निकला। रास्ते में सड़क किनारे गहरे नाले में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में जा गिरा। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब मासूम लक्ष्य घर नहीं पहुंचा, तो परिजन चिंतित होकर उसकी खोजबीन में निकले। तलाश करते हुए जब परिजन नाले के पास पहुंचे, तो पानी में बालक का शव उतराता दिखाई दिया। यह देखते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने तुरंत नाले में कूदकर लक्ष्य को बाहर निकाला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान ले गए। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मासूम की जांच की। सीएचसी मड़िहान के चिकित्सक डॉ. आर. एस. वर्मा ने बालक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर द्वारा मासूम को मृत घोषित करते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और अस्पताल परिसर चीख-पुकार से गूंज उठा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लक्ष्य के पिता संतोष पटेल कई वर्ष पूर्व घर से अचानक लापता हो गए थे, जिनके हाल ही में दिल्ली में होने की जानकारी मिली थी। मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुखद हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है और ग्रामीणों ने सड़क किनारे खुले पड़े नालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया है।

पुत्र के दीर्घायु को लेकर की कामना

चुनार। संतान की मंगलकामना और दीर्घायु के लिए मनाया जाने वाला महापर्व जीवितपुत्रिका (जीउतिया) शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने संतान की सुख-समृद्धि और लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। सुबह स्नान के बाद महिलाओं ने जीउतिया व्रत की कथा सुनी। शाम को पारंपरिक गीत गाते हुए बालूघाट, टेकौर शिवाला घाट, पमपू घाट, बहरामगंज घाट और टमलगंज घाट समेत विभिन्न घाटों व तालाबों पर पहुंचकर जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने समूह में कथा श्रवण कर संतान की खुशहाली की कामना की। पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद ने घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था कराई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ गायत्री यादव और कोतवाल विजय शंकर सिंह पटेल पुलिस बल के साथ घाटों का भ्रमण करते रहे।

आठ सूत्री मांग को लेकर प्रदर्शन

चुनार। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई ने लंबित मांगों को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी अनेग सिंह को सौंपा। तहसील अध्यक्ष अजय मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे लेखपालों ने कहा कि 2800 ग्रेड पे की मांग करीब दस वर्षों से लंबित है। मांग पत्र में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण, वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची जारी करने, डीसीपी प्रक्रिया, विभागीय परीक्षा परिणाम घोषित करने, स्थायीकरण में तेजी, भत्तों में वृद्धि, संबद्ध लेखपालों को कार्यमुक्त करने तथा ग्राम सचिवालयों में आधारभूत सुविधाएं व सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। अध्यक्ष ने कहा कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 17 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन के तहत संपूर्ण कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान मंत्री विक्रम, संतोष चौधरी सहित कई लेखपाल मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम।

तैरता कफ सिरप।

पानी में तैरती मिलीं हजारों कफ सिरप की खाली शीशियां, वीडियो वायरल

ड्रमंडगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में यूपी एम पी बार्डर के पास पुल के नीचे स्थित एक गड्ढे में हजारों कफ सिरप की खाली शीशिओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। इतनी बड़ी संख्या में शीशियां मिलने से कफ सिरप की आपूर्ति और उसके संभावित दुरुपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर लोग तरह तरह के सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में कुछ युवा नशीले कफ सिरप के सेवन की गिरफ्त में आ रहे हैं। कुछ लोगों ने पूर्व में सिरप के सेवन से मौत होने की बात भी कही है, हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। स्थानीय लोगों की मांग है कि मौके पर मिली शीशियों की जांच कराई जाए फिलहाल मामले में शीशियों की पहचान, उनके स्रोत और वायरल वीडियो की आधिकारिक जांच के निष्कर्ष सामने आना बाकी है।

मड़िहान बाजार में उमड़ी व्रती महिलाओं की भीड़

खिलौने, फल और बांस की टोकरियों की सजी रहीं दुकानें

मड़िहान। जितिया (जीवित्पुत्रिका) पर्व को लेकर शनिवार को मड़िहान कस्बे का बाजार गुलजार रहा। पर्व की खरीदारी के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं और उनके परिजन बाजार पहुंचे। कस्बे में खिलौने, फल, बांस की टोकरियों और पूजन सामग्री की दुकानें सजी रहीं। जितिया पर्व माताओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन माताएं अपनी संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना से व्रत रखती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत के नाम से भी प्रसिद्ध इस पर्व पर महिलाएं श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर संतान के मंगल की कामना करती हैं। पर्व को लेकर शनिवार को मड़िहान बाजार में खरीदारी के लिए अच्छी-खासी भीड़ रही। महिलाओं ने फल, पूजन सामग्री और बांस की टोकरियों की खरीदारी की। वहीं बच्चों के लिए रंग-बिरंगे खिलौनों की दुकानों पर भी भीड़ नजर आई। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए कस्बे में पहुंचे। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही से पूरे दिन बाजार में चहल-पहल और पर्व का उत्सवी माहौल बना रहा।

बच्चों, महिलाओं को किया जागरूक

मीरजापुर। गांधी जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में पॉक्सो अधिनियम-2012 को लेकर विशेष विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद न्यायालय परिसर में गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सोनाली मिश्रा ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक व्यक्ति को पॉक्सो कानून के तहत विशेष संरक्षण प्राप्त है। बच्चों के साथ लैंगिक दुर्व्यवहार, उत्पीड़न और अपराध दंडनीय हैं। सोशल मीडिया, मोबाइल और इंटरनेट के जरिए होने वाले साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील की गई। इस दौरान जनपद न्यायालय परिसर से प्रभात फेरी निकालकर लोगों को बाल सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के साथ किशोरों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें वितरित की गईं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार-द्वितीय ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112, बाल कल्याण समिति और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से सहायता एवं नि:शुल्क विधिक सेवाएं उपलब्ध हैं।

माताओं ने संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए रखा निर्जला व्रत

कछवां। आदर्श नगर पंचायत कछवां सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को जीवित्पुत्रिका का पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ परंपरागत विधि-विधान से मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने अपनी संतानों की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा।पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। तड़के स्नान-ध्यान के बाद व्रती महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत का संकल्प लिया। पूरे दिन निराहार और निर्जला रहकर महिलाओं ने भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना की तथा उनकी कथा सुनी। व्रती महिलाओं ने पूरे दिन नियम-निष्ठा और श्रद्धा के साथ व्रत का पालन किया।शाम होते ही नगर के विभिन्न पूजा स्थलों पर श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ जुटने लगी। नगर के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, विशेषकर दशमीहवा पोखरा और कश्यप कुंड, पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। सिर पर फल, फूल, खिलौने, अंकुरित अनाज एवं अन्य पूजन सामग्री से सजी टोकरियां लेकर महिलाएं मंगलगीत गाते हुए पूजा स्थलों तक पहुंचीं। पूजा स्थलों और घाटों पर महिलाओं ने वेदियां बनाकर धूप-दीप, फल-फूल एवं अन्य पूजन सामग्री के साथ भगवान जीमूतवाहन की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने अपनी संतानों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और जीवन में आने वाले संकटों से रक्षा की प्रार्थना की।

बेलवन प्लांट का जहर, फसलें बर्बाद और स्वास्थ्य तबाह

मीरजापुर। जनपद के पहाड़ी विकास खंड के बेलवन गांव में नियमों को ताख पर रखकर चलाए जा रहे पिलर और निर्माण सामग्री प्लांट ने तबाही मचा दी है। प्लांट और भारी वाहनों से उड़ने वाली बेहिसाब धूल से खेतों की हरी-भरी फसलें सूख रही हैं, जिससे किसानों के सामने भुखमरी का संकट खड़ा हो गया है।फसलों के साथ-साथ यह जहरीला प्रदूषण ग्रामीणों की जिंदगियों पर भारी पड़ रहा है। हवा में फैल रहे महीन धूल-कणों के कारण गांव के बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं में सांस की गंभीर बीमारियां, दमा, और आंखों में जलन जैसी समस्याएं तेजी से फैल रही हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार,लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से ग्रामीणों के फेफड़ों को अपूरणीय क्षति पहुंच रही है, जिससे आम जनजीवन का स्वास्थ्य पूरी तरह खतरे में पड़ गया है। एनजीटी और सीपीसीबी के नियमों की सरेआम धज्जियां राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सख्त मानकों के विपरीत, इस प्लांट के चारों ओर न तो कोई वृक्षारोपण है और न ही पानी के छिड़काव या एंटी-स्मोग गन की व्यवस्था है। घनी आबादी और कृषि भूमि के बीच संचालित इस इकाई द्वारा हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत इस अवैध प्लांट पर भारी जुर्माना, आपराधिक मुकदमा और तत्काल सीज करने का प्रावधान है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्लांट का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। वहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आरके सिंह ने कहा है कि नियमों के विपरीत चल रहे इस प्लांट की जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संचालित प्लांट।

संक्षेप

जिउतिया का व्रत सम्पन्न

अहरौरा। जीवित्पुत्रिका व्रत पूजा के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है नगर के प्रमुख पोखरा सहुवाईन, पियरवा पोखरा नई बाजार एवं कुवों तालाबों पर माताएं अपने संतान के दीर्घायु की कामना से भगवान मूतवाहन की पूरे विधि विधान से पूजा कर रही हैं। बता दें कि माताएं इस पूजा के दौरान निर्जलीय व्रत रखती हैं और माताओं ने भगवान जीमूतवाहन की पूजा की और उनकी कथा सुन संतान के सलामती के साथ घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं रही। संतान की आयु बढ़ाने और उन्हें हर तरह का सुख उपलब्ध कराने की कामना वाली भावना के साथ महिलाएं यह व्रत करती हैं यह निर्जला व्रत होता है। इस व्रत में नहाय खाय की परंपरा होती है। इसी दौरान ग्रामीण सहित नगर क्षेत्र के पोखरा सहुवाईन पर सैकड़ो महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ घाट पर पहूंचकर पूजन अर्चन किया।

बाल लीलाओं का किया वर्णन

पड़री। जद्दूपुर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित विष्णुधर द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने पूतना मोक्ष, माखन चोरी, चीर हरण और गोवर्धन पूजा प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। पूतना मोक्ष प्रसंग में उन्होंने अविद्या से दूर रहकर सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। माखन चोरी लीला को उन्होंने जीवात्मा को संसार के बंधनों से मुक्ति की ओर ले जाने वाला आध्यात्मिक प्रतीक बताया। वहीं, चीर हरण प्रसंग को माया के आवरण से मुक्ति का संदेश बताया। गोवर्धन पूजा प्रसंग में कथा व्यास ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पर्वत, पेड़-पौधे और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना मानव का दायित्व है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

अपने कार्य को सिद्ध करने को शत्रु से भी करनी चाहिए मित्रता - पं. विष्णु शंकर

नरायनपुर। चौकी क्षेत्र नरायनपुर के बैकुंठपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन वाराणसी से आये कथा मर्मज्ञ पं. विष्णु शंकर ने प्रवचन दिया। उन्होंने भगवान श्री राम का जन्म, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, वामन अवतार और राजा बली, गज व ग्राह की कथा, समुन्द्र मंथन, नंदोस्तव और बाल लीलाओं व भक्ति भजन का संगीतमय प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने समुंद्र मंथन कथा से संदेश दिया कि अपने कार्य को

सिद्ध करने के लिए शत्रु से भी मित्रता कर लेनी चाहिए। वामन अवतार और राजा बली कथा में भगवान विष्णु के वामन रुप धरने और राजा बली से तीन पग भूमि मांगने की कथा सुनाकर संदेश दिया कि अहंकार का नाश और भगवान के प्रति समर्पण ही जीवन का मार्ग है। श्रीराम जन्म की कथा व श्रीकृष्ण की विस्तृत कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कृष्ण कि कथा कहने वाले वक्ता, सुनने वाले श्रोता व पूछने वाले तीनों को पवित्र कर देती है। आचार्य पुरोहित पं. अजय पाठक, पं. अमित पाठक सहयोगी ब्राह्मण पं. तपेश मिश्रा, पं. राहुल मिश्रा ने भागवत आरती के बाद प्रसाद वितरण कराया। इस दौरान एडवोकेट प्रेमनाथ जायसवाल, मंगला जायसवाल, रमेश जायसवाल, महेश जायसवाल, अशोक, आशीष, सुमित, सुभाष, दीपक, ओमप्रकाश, श्रवण, गौतम, विजय, दिलीप, अजीत, दिनेश आदि तमाम महिला पुरुष श्रोता भागवत कथा रस का पान किया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिमी की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत आज नगर के लालडिग्गी के सामने स्थित साई मंडपम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में रजिस्ट्रेशन सुबह 11:30 बजे से शुरू होगा और दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। आम जनता से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाएं। भाजपा के मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने शक्ति केंद्रों के बूथों और मोहल्लों में आम जनता को शिविर की जानकारी देकर उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज मौजूद रहेंगे।

सत्ता परिवर्तन के लिए पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी आप - पवन तिवारी

मीरजापुर। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश काशी प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष पवन तिवारी एडवोकेट ने कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य के साथ पूरी मजबूती से मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की तैयारी प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है। पवन तिवारी दो अक्टूबर की शाम मिर्जापुर स्थित पार्टी के जिला कार्यालय बी. सिंह एकेडमी, भरूहना पहुंचे। यहां जिला अध्यक्ष प्रो. बी. सिंह, प्रदेश सचिव रामशंकर साहू, जिला महासचिव संतोष पांडेय समेत वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव, स्नातक एमएलसी चुनाव और मिर्जापुर में प्रस्तावित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर मैराथन चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह 13 अक्टूबर को सोनभद्र के घोरावल में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी किसे समर्थन देगी, इस पर संजय सिंह से वार्ता के बाद दो दिन में निर्णय लेने की बात कही।बैठक के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय के बड़े भाई स्वर्गीय अनिल कुमार पांडेय के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक के बाद पवन तिवारी वरिष्ठ नेताओं के साथ वासलीगंज स्थित सुनील कुमार पांडेय के आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

खड़ी डंपर से टकराया ट्रक, खलासी घायल

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के टेढ़वा चौकी अंतर्गत मुजेहरा खुर्द स्थित आदर्श ढाबा के पास हनुमान मंदिर के बगल में अलसुबह एक सड़क हादसा हो गया। ड्राइवर को झपकी आने के कारण तेज रफ्तार ट्रक आगे खड़ी डंपर में जा टकरा गई। हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया, लेकिन खलासी के पैर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर दिनेश कुमार यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम भैसोड़, बिलाई, थाना हलिया ट्रक लेकर जा रहा था। साथ में खलासी सूरज कुमार आदिवासी पुत्र भरतलाल निवासी भैसोड़ थाना हलिया बैठा था। मुजेहरा खुर्द हनुमान मंदिर के पास पहुंचते ही ड्राइवर को नींद आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी डंपर में टकरा गई। जोरदार टक्कर से ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही टेढ़वा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सहयोग से घायल खलासी को तत्काल ट्रामा सेंटर औराई भेजा गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस वापस आकर गाड़ी के पास सुरक्षा में तैनात है। हादसे में किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं है। ड्राइवर और खलासी दोनों सुरक्षित हैं।

पचास कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र

चुनार। सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्री सम्मान एवं स्वस्थबालक, बालिका पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवारर को विकास खण्ड नरायनपुर ब्लाक सभागार में उप जिलाधिकारी अनेग सिंह व खण्ड विकास अधिकारी रामराज कुशवाहा की गरिमामई उपस्थिति मे किया गया। क्षेत्रीय बाल विकास परियोजना अधिकारी नरायनपुर ब्लाक रेनू पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में

विभागीय सेवाओं व उद्देश्यों की प्राप्ति तथा पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं सामुदायिक जागरूकता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली कुल 50 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को माल्यार्पण, ।अंगवस्त्रम, प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेल्दी बेबी प्रतियोगिता अन्तर्गत आंगनवाडी नगर क्षेत्र से चयनित कुल पांच स्वस्थ बच्चों के साथ उपस्थित माताओं को उपहार एवं कापी पेंसिल इत्यादि देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान मुख्य सेविकाकुमुद विश्वकर्मा, सन्तोषी देवी, कार्यालय के प्रधान सहायक अरविंद कुमार, मनोरमा, सीमा, अर्चना श्रीवास्तव, मंजू, बीना, आशा आदि सहित बडी संख्या मे कार्यकत्रिया उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यकत्री पूर्णिमा ने किया।

फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का लगाया आरोप

पति को घर से उठा ले जाने का आरोप, भाई को बुलाने का दबाव

मीरजापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांधी घाट, नई बस्ती बथुआ निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। महिला निधि पत्नी श्याम बाबू गुप्ता का आरोप है कि पुलिस उसके पति को घर से जबरन पकड़कर थाने ले गई और अब उसके भाई आदर्श को थाने लाने का दबाव बनाया जा रहा है। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पति को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की गुहार लगाई है। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार महिला का कहना है कि उसका भाई आदर्श गलत संगत में पड़ गया है और आए दिन गलत गतिविधियों में लिप्त रहता है। इसी वजह से परिवार के लोगों ने उससे दूरी बना ली है और उसे घर से भी निकाल दिया गया है। आरोप है कि 2 अक्टूबर की दोपहर करीब

3:30 बजे महिला के पति श्याम बाबू घर में आराम कर रहे थे। इसी दौरान कोतवाली देहात पुलिस के कुछ कर्मी अन्य लोगों के साथ उसके घर पहुंचे और कथित तौर पर बिना अनुमति घर में घुस गए। महिला का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके पति को पकड़कर जबरन वाहन में बैठा लिया। विरोध करने पर उसे और उसकी सास को धक्का देकर घर के अंदर कर दिया गया। इसके बाद पुलिस उसके पति को थाने ले गई। महिला के मुताबिक, वह अगले दिन से लगातार थाने के चक्कर लगा रही है और पति को हिरासत में लेने का कारण पूछ रही है, लेकिन उसे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा। महिला का आरोप है कि पुलिस की ओर से कहा जा रहा है कि पहले उसके भाई आदर्श को लेकर आओ, तभी पति को छोड़ा जाएगा। साथ ही पति को फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। महिला ने एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और उसके पति को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की मांग की है।

संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल, टीकाकरण और जांच प्रभावित

छानबे। स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर तैनात एएनएम और सीएचओ की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। क्षेत्र में कार्यरत 34 एएनएम और 21 सीएचओ, कुल 55 संविदा स्वास्थ्य कर्मी बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हड़ताल के कारण उपकेंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण का कार्य प्रभावित है। जांच के लिए पहुंच रहीं गर्भवती महिलाओं को बिना जांच कराए लौटना पड़ रहा है।

संतान की दीर्घायु की कामना में निर्जला रहीं माताएं, विधि-विधान से किया जीवित्पुत्रिका व्रत

चंदौली। जनपद के विभिन्न स्थानों पर जीवित्पुत्रिका पर्व बड़ी श्रद्धापूर्वक से मनाया गया। इस दिन माताएं अपने संतान कि दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती है। दिन भार निर्जला व्रत रहने के पश्चात साय: स्नान कर नए वस्त्र धारण कर पूजन सामाग्री के साथ नजदीक के मंदिरों एवं जलाशयों पर जा कर ज्यूतबंधन भगवान की विधिविधान से पूजन-अर्चन किया । इस क्रम में **कमालपुर प्रतिनिधि के अनुसार**- स्थानीय क्षेत्र के तालाब किनारे शनिवार को जीवित्पुत्रिका पर्व श्रद्धा भाव से किया गया। क्षेत्र के बभनियांव, बहेरी, जुमुर्खा, इनायतपुर, कोहना कमालपुर, पिपरी, पसाई, जनौली, आदि गांव की महिलाएं तथा पुरुष शनिवार को निर्जल व्रत रखते हुए शाम को फल, फूल, नारियल आदि प्रसाद लेकर शाम तीन

बजे गांव के तालाब किनारे बैठकर पूजा अर्चन किया। स्थानीय कस्बा के दो तालाब पहला दूधियवा, तथा दूसरा चौरसिया मंदिर स्थित है। दोनों तालाब के किनारे भारी संख्या में महिलाएं इकठ्ठा होकर अपने पुत्र की मंगल कामनाएं को लेकर आस्था प्रकट की। चौरसिया मंदिर के पास स्थित सरोवर पर कमालपुर तथा जमुर्खा दोनों गांव की महिलाएं देखी गई। कस्बा के मध्य में स्थित तालाब होने से तालाब के किनारे बच्चों के खाने पीने तथा खिलौने की दुकान लगी हुई थी। बच्चे अपने गार्जियन से हठ कर खिलौने आदि खरीदवाने में बेचैन रहें। कस्बा के दोनों तालाबों पर महिला एवं पुरुष पुलिस व्यवस्था देखने को मिली। जीवित्पुत्रिका पर्व माताएं अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर करती हैं।

पड़ाव प्रतिनिधि के अनुसार-संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर जीवित्पुत्रिका पर्व पर माताओं ने निर्जला व्रत रखा। जलीलपुर नई बस्ती गांव की व्रती महिलाओं ने चौरहट स्थित मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। गांव की गलियों में नाबदान का पानी जमा होने के बावजूद माताओं की आस्था पर इसका असर नहीं पड़ा। कुछ महिलाएं साधन से मंदिर पहुंचीं तो कई महिलाएं नाबदान के पानी से भरी गलियों से होकर मंदिर तक पहुंचीं। मंदिर में पहुंचकर महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। **इलिया प्रतिनिधि के अनुसार**-पुत्र की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की मंगलकामना को लेकर माताओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। शनिवार को क्षेत्र के सैदूपुर, बरहुआ,सरैया इलिया, खरौझा, उसरी सहित विभिन्न गांवों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर लोक आस्था और मातृत्व की गहरी संवेदना को जीवंत कर दिया। पूजा स्थल पर महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर पहुंचीं। पूजा की थालियों में फल, फूल, मिष्ठान, धूप-दीप और अन्य पूजन सामग्री सजी रही। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान से अपनी संतानों की लंबी उम्र और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। इस दौरान महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी और एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं। **बबुरी प्रतिनिधि के अनुसार**- क्षेत्र में जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) पर्व शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पुत्र की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा। शाम होते

ही महिलाएं सज-धजकर पूजा-अर्चना के लिए विभिन्न पूजा स्थलों पर पहुंचीं। बबुरी कस्बे के शिव मंदिर पोखरे तथा बस स्टैंड के समीप चंद्रप्रभा नदी के किनारे बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं एकत्रित हुईं। महिलाओं ने समूहों में बैठकर विधि-विधान से पूजा-पाठ किया और अपने पुत्रों की दीर्घायु की कामना की। पूजा स्थलों पर पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा। व्रती महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर पर्व की रस्में पूरी कीं। **चकिया प्रतिनिधि के अनुसार**- संतान के सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर शनिवार को चकिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित्पुत्रिका व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा अपनी संतानों के मंगलमय जीवन की कामना की। मुजफ्फरपुर, रघुनाथपुर, भभौरा, हेतिमपुर, शिकारगंज, सिकंदरपुर, पिपरिया और महादेवपुर समेत विभिन्न गांवों में सुबह से ही पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। व्रती महिलाओं ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर व्रत का संकल्प लिया। दिनभर उपवास रखने के बाद निर्धारित विधि से पूजा संपन्न की गई। पारण के अवसर पर महिलाओं ने सूर्य को अर्घ देकर व्रत का समापन किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार जीवित्पुत्रिका व्रत का संबंध महाभारत काल की कथा से माना जाता है। मान्यता है कि अश्वत्थामा द्वारा उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु को ब्रह्मास्त्र से नष्ट किए जाने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने उसे पुनर्जीवन प्रदान किया था।

सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल ने नेशनल कबड्डी में जीता कांस्य पदक

पड़ाव। सेठ एम.आर.जयपुरिया स्कूल्स, पड़ाव कैंपस के अंडर-14 बालक कबड्डी टीम ने सी.बी.एस.ई नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। विद्यालय की टीम ने प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले राउंड में युएई की टीम तथा दूसरे राउंड में छत्तीसगढ़ की टीम को पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में टीम का मुकाबला कर्नाटक से हुआ, जिसमें जयपुरिया स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, रणनीति और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 33-18 के शानदार अंतर से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 58 विद्यालयों के 960 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अंडर-14 वर्ग में 17 विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। विशेष उपलब्धि यह रही कि बालक कबड्डी टीम ने पहली बार सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया और अपने पदार्पण वर्ष में ही कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार बजाज ने टीम के खिलाड़ियों, कोच मंगल पाण्डेय एवं खेल विभाग को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, टीम भावना और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

हृदयाघात से समाजसेवी की मौत

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के भलेहटा गांव निवासी समाज सेवी रामप्रवेश शर्मा की बुधवार की देर रात हार्टअटैक के कारण हेरिटेज हास्पिटल में असामयिक मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जैसे ही समाजसेवी के निधन की सूचना ग्रामीणों को लगी कि शोक की लहर दौड़ गयी। सम्भ्रान्त जनों ने एक शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखरकर मृत आत्म को श्रद्धान्जली दी। इस दौरान समाज सेवी जितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रामप्रवेश एक मृदुभाषी, सज्जन, सादा जीवन उच्च विचार की पराकाष्ठा की एक मिशाल रहे उनके निधन से समाज की बहुत बड़ी अपूर्णनीय क्षति हुई है उसकी भरपाई कर पाना नामुमकीन है। ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद घड़ी में शान्ती प्रदान करे। इस दौरान रामाशीष, दिनेश प्रसाद, राजेश शर्मा,दशरथ शर्मा, गुलाब शर्मा,शिवप्रकाश शर्मा सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

व्यापारी को मारपीट कर एक लाख २० हजार की लूट

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ सराय टेढ़की पुलिया के पास शुक्रवार की रात में बदमाशों ने लाठी डंडे से मारपीट कर व्यापारी से 1 लाख 20 हजार रुपए लूट लिये। जब तक शोर मचाते तब तक अंधेरे का लाभ उठाकर बदमाश फरार हो गए । वे सकलडीहा से तगादा करके अपने घर सराय लौट रहे थे। पीड़ित ने तत्काल बलुआ थाने पर पहुंचकर आप बीती बतायी। व्यापारी ने तहरीर दिया । इसे लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। बलुआ सराय गांव के रहने वाले रतन बरनवाल की चहनिया कस्बा में पतंजलि के थोक व्यापारी है। शुक्रवार की रात में सकलडीहा से व्यापारियों के यहां से बकाया क्लेक्शन करके अपने घर सराय लौट रहे थे। सराय वाया रानेपुर मार्ग पर तिराहा से कुछ दूर पर चार मुँह बांधे बदमाशों ने बाइक रोककर लाठी डंडे से हमला कर दिये। सर पर चोट लगने के कारण वे गिर पड़े । बदमाशों ने झोले और पर्स में रखा 1 लाख 20 हजार रुपए लेकर रानेपुर की तरफ फरार हो गए। जब तक वे शोर मचाते तब तक अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। घायलावस्था वे तत्काल बलुआ थाने पहुंचे और तहरीर दिया। व्यापारियों के साथ इस तरह से छिनैती की घटना से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है । व्यापार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने कहा कि व्यापारियों संग इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही है । भयमुक्त सरकार की घोषणा करने वाले सरकार में इस तरह की घटनाओं से व्यापारी दहशत में है । यदि जल्द ही घटना का खुलासा नहीं हुआ तो लोग आंदोलन को बाध्य होंगे ।

संक्षिप्त

श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चकिया। विकासखंड के बरौझी गांव में प्रभात पटेल के नेतृत्व में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के प्रथम दिन कथावाचक दीनबंधु शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं श्रीमद्भागवत गीता के महत्व का वर्णन सुनाया। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। कथा के समापन के बाद विधायक कैलाश आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आरती में सहभागिता की और जयकारे लगाए। आयोजन में ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

लालबहादुर शास्त्री के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

मुगलसराय। स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री पार्क में शास्त्री जयंती धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर चंदौली लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लाल बहादुरर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, देशभक्ती, समाजसेवा के प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्श हम लोगों के लिए प्रेरणाश्रोत है। देश के नवनिर्माण व विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

नरौली गंगा घाट पर पितरों को तर्पण के लिए उमड़े लोग

धानापुर। क्षेत्र के नरौली गंगा घाट पर पितृपक्ष में जीवित्पुत्रिका के दिन शनिवार को तर्पण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने श्रद्धाभाव से अपने पितरों का श्राद्ध किया। पंडित मुन्ना मिश्रा के मार्गदर्शन में हर साल की तरह इस साल भी विधि-विधान से तर्पण किया गया, जो पितृ विसर्जन तक चलेगा। सुबह 6:30 से 7:30 बजे तक श्रद्धालु गंगा में नाभि तक जल में खड़े होकर जौ, चावल, काली तिल और फूल से तर्पण करते हैं। पंडित मुन्ना मिश्रा ने बताया कि तर्पण पूर्वजों के लिए की जाने वाली पूजा है। 15 दिनों तक यह पूजा करने से पितरों की कृपा मिलती है, जिससे परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कहा कि इससे पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है। इस मौके पर सनत कुमार त्रिपाठी, रमेश पाल, भरत रस्तोगी, पप्पू पांडेय, वीरेंद्र मौर्य, नागेंद्र सिंह, राजा यादव, डब्बू गुप्ता, अनंत बहेलिया, कैलाश बहेलिया, रामाधार बहेलिया, दिनेश सेठ, अमरनाथ ठठेरा, राकेश चौरसिया, आलोक केशरवानी,अजय मिश्रा, पुद्दन सेठ, सत्यम रस्तोगी, टीनू रस्तोगी, सोनू रस्तोगी, अवधेश ठठेरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

जीवित्पुत्रिका पर्व पूरी श्रद्धा,भक्ति के साथ मना

सैयदराजा । नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रो में शुक्रवार को जीवित्पुत्रिका पर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। क्षेत्र की माताओं ने अपने बेटों की लंबी उम्रए उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के साथ यह व्रत रखा। दोपहर दो बजे के बाद नगर पंचायत के प्रमुख मंदिरों, पोखरों और पूजा स्थलों पर व्रती महिलाओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया जो सूर्यास्त के बाद व्रती महिलाये अपने अपने घरो के लिए प्रस्थान की । दोपहर के बाद से ही महिलाएं हाथों में पूजन सामग्री और फल लेकर पूजा स्थलों पर पहुंचने लगी थीं। पूजा स्थलों पर एकत्र होकर महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी और परंपरागत तरीके से पूजा की। कई महिलाओं ने अपने घरों में भी पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की।

छात्र-छात्राओं को बांटे गये छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र

चंदौली। वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत पूर्वदशम (कक्षा 9-10) और दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के पात्र छात्र-छात्राओं को शनिवार को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह लोकभवन सचिवालय में आयोजित हुआए जहां मुख्यमंत्री ने छात्रों को स्वीकृति पत्र सौंपे। पूरे प्रदेश में हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) जनपद के महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिले के कुल 4,598 विद्यार्थियों के बैंक खातों में 113.97 लाख (1.03 करोड़ से अधिक) रुपये की धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सैयदराजा विधायक ने पात्र छात्र-छात्राओं को अपने कर-कमलों से छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

आपरेशन के दौरान महिला की मौत

धानापुर। थाना क्षेत्र के महराईया स्थित एक हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले में पुलिस ने अस्पताल प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान इंद्रजीत प्रजापति के रूप में हुई है। उसके खिलाफ धानापुर थाने में गैर इरादतन हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि ऑपरेशन के लिए डॉक्टर के नहीं आने पर उसने स्वयं मरीज का ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई थी। मामले की जांच के दौरान आरोपी की भूमिका सामने आने पर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को धानापुर पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

आबकारी विभाग ने विभिन्न स्थानों पर चलाया चेकिंग अभियान

सकलडीहा। गांधी जयंती के अवसर पर आबकारी विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग एवं निगरानी अभियान चलाया। अभियान के दौरान शराब की दुकानों, संदिग्ध स्थानों और प्रमुख मार्गों पर जांच की गई। विभागीय टीम ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी रखने की बात कही। आबकारी इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री अथवा तस्करी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शराब विक्रेताओं को भी निर्धारित नियमों का पालन करने, निर्धारित समय पर ही बिक्री करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की टीम ने आमजन से भी अपील की कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। अभियान के दौरान आबकारी विभाग की टीम विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रही और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

लीग मुकाबले के लिए खिलाड़ियों ने दिखाये दमखम

चंदौली। पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल टूर्नामेंट 2026 अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 का आयोजन जनपद चंदौली के जे एस पब्लिक स्कूल कासिमपुर में 1 अक्टूबर से लगातार आगे बढता हुआ तीसरे दिन के स्वच्छ आसमान तले प्रारंभ हुआ। प्रात:काल स्वच्छ आसमान तले भगवान भास्कर की उपस्थिति में खेल का प्रारंभ हुआ। सभी खिलाड़ी अपनी पूरी ऊर्जा उत्साह और जोश के साथ एक दूसरे से भिड़ने को तैयार दिखे। तीसरे दिन के खेल मे अंडर.14 मे दुद्दुपूडी इंग्लिश स्कूल संग नोजगे पब्लिक स्कूल राजस्थान मे नोजगे ने 11-7 से अपने नाम कर लिया। दूसरा मैच केएन मोदी ग्लोबल स्कूल गाजियाबाद संग हजारीलाल पब्लिक स्कूल दिल्ली मे केएन मोदी ने जबरदस्त टक्कर देकर 7-6 से अपने नाम कर लिया। तीसरा मैच ग्रेट इंडियन सैनिक स्कूल रायपुर संग बिरला पब्लिक स्कूल दोहा कतर मे बिरला ने 2-1 से अपने पाले मे रखा। ग्रेट इंडियन स्कूल रायपुर और अवर ओन इंग्लिश स्कूल शारजाह यूएई मे यूएई ने 3-1 से खेल को अपने पाले मे रखा। दुद्दुपूडी इंग्लिश स्कूल संग अवर ओन इंग्लिश स्कूल शारजाह यूएई मे दुद्दुपूडी ने 9-1 से अपने नाम कर लिया। अंडर-17 में सनबीम अकैडमी वाराणसी और भारत नेशनल पब्लिक स्कूल दिल्ली मे दिल्ली ने 6-0 से एकतरफा बर्चश्व बनाए रखा। वेलामल चेन्नई संग ब्रिलिएन्ट पब्लिक स्कूल अलीगढ मे चेन्नई ने 12-3 से अपने नाम कर लिया। इस प्रतियोगिता में आए देश विदेश की कुल 26 टीमों ने भाग किया है। जिन्हें दो पोलों में बांटकर। खेल को खेलाया जा रहा है। प्रत्येक टीम एक दूसरे से लीग मैच के लिए खेल रही है। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल का मैच खेला जायगा। सबकी सुविधाविद्यालय प्रांगण मे हो रहे इस नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण यू ट्यूब चैनल पर लाइव भी चलाया जा रहा है। खेल का आँखों देखा हाल जेएस पब्लिक स्कूल लाइव के चैनल पर भी देखा जा सकता है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

चहनियां। चहनिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. संदीप सिंह के देखरेख में किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। कैंप में दर्जनों लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया । शिविर में सीबीसी, मलेरिया, टाइफाइड, शुगर, टीबी, डायबिटीज,वायरल बुखार आदि मरीजों का पंजीकरण,जांच और निशुल्क दवा का वितरण किया गया । शिविर में संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि सरकार द्वारा इस तरह की विभिन्न योजनाएं चलाकर लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है। पहले की अपेक्षा अब स्वास्थ्य सेवाएं काफी योजनाओं को लेकर आया है। लोगों के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ा नहीं जा रहा है। सरकार की योजना आयुष्मान कार्ड से लोग बड़े बड़े हॉस्पिटलों में इलाज करा रहे है। इस दौरान डा. शिशिर मिश्रा, डा.दीक्षा, डा. सुरेंद्र कुमार, डा. विजय कुमार, एलटी अमित कुमार, चुलबुल कुमार, फार्मासिस्ट मुकेश कुमार सिंह, एचईओ राकेश प्रताप सिंह, एआरओ विक्रांत सिंह, आरबीपीएम रोशन आरा, एएनएम साधना पांडे, सुनीता देवी, अर्चना देवी, अजय भारती आदि उपस्थित रहे ।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम

सैयदराजा। नगर पंचायत सैयदराजा के लोहियानगर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में 03 अक्टूबर को प्राचार्य प्रोफेसर रमेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सैयदराजा द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात छात्रा शिखा कुमारी द्वारा सरस्वती वंदना और अनुष्का अग्रहरि व सौम्या गुप्ता द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्रा दिव्य ज्योति पांडेय ने विकसित भारत की संकल्पना विषयक भाषण प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. रमेश कुमार सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विधायक को इस संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाकर पूरा महाविद्यालय परिवार आह्लादित है और विधायक द्वारा छात्राओं से संवाद के माध्यम से छात्राओं की बहुत सी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक ने सेवा संकल्प अभियान पर चर्चा करते हुए सरकार द्वारा विगत वर्षों में कराए गए विकास कार्यों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उहोंने संवाद के दौरान छात्राओं द्वारा बताई गई विभिन्न समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। आगे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और छात्राओं से आह्वाहन किया कि वे भी विकसित भारत के सपनों को साकार करने में अपना सार्थक योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विकसित भारत की संकल्पना विषयक भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में प्राचार्य द्वारा अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ सर्वेश तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सुनील कुमार ने किया। उक्त अवसर पर डॉ हेमंत कुमार निराला, डॉ अजय कुमार सोनकर, डॉ अभय राज यादव, डॉ अवनीश कुमार सिंह, अनुराग सिंह, रितेश कुमार सिंह, डॉ ऋतेष गौरव, डॉ नीरज सिंह, डॉ श्रद्धा मिश्रा, संकट मोचन झा, अमित कुमार, प्रमोद कुमार केसरी,पवन कुमार,शिवशंकर कुमार एवं राजन पांडेय सहित सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रहीं।

३५ प्रार्थना पत्रों में पांच का हुआ निस्तारण

चकिया। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी विकास मित्तल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस 35 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 5 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारियों से न्याय की गुहार को लेकर फरियादियों ने जमीन विवाद, जाति प्रमाण पत्र मे प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, साफ-सफाई सहित विभिन्न मामले को लेकर फरियादियों ने प्रार्थना पत्र अधिकारियों को दिया उप जिलाधिकारी विकास मित्तल ने प्रार्थना पत्रों को संज्ञान में लेते हुए निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया और समय सीमा के अंदर गुणवत्ता युक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ अजीत सिंह चौहान विकास खंड अधिकारी अनिल राय सिंह, विद्युत उपखंड अधिकारी सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कृष्ण-सुदामा मिलन की कथा सुन श्रोता हुए भावुक

चहनियां। महुआरी खास गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कृष्ण-सुदामा मिलन के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। कथा व्यास पंडित राधारमणाचार्य महाराज ने जैसे ही सुदामा चरित्र का वर्णन किया, पूरा पंडाल भक्ति और करुणा के भाव में डूब गया। महाराज ने कहा कि सुदामा की दरिद्रता नहीं, उसकी निस्वार्थ भक्ति और सच्ची मित्रता महान है। जब फटे वस्त्रों में सुदामा द्वारिका पहुंचे तो द्वारकाधीश स्वयं सिंहासन से दौड़ पड़े और अपने बचपन के मित्र को गले लगा लिया। भगवान ने सुदामा के लाए हुए तंदुल को बड़े प्रेम से खाया और बिना मांगे ही सुदामा को सब कुछ दे दिया। यह कथा सिखाती है कि भगवान को धन नहीं,प्रेम चाहिए। कथा के अंतिम दिन प्रसाद वितरण, हवन-पूजन और आरती के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत समापन किया गया। कथा के दौरान पूरे सप्ताह गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे आयोजक दीपक कुमार सिंह उर्फ रिंकू, यजमान मोहन सिंह, यज्ञाचार्य पंडित सूर्यमुनि तिवारी, अमन तिवारी, मनोज पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी, प्रसिद्ध तबला वादक पंडित अनिल दुबे, हारमोनियम पर विनोद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समस्त ग्रामवासी।

पानी न पहुंचने पर किसानों का प्रदर्शन

कमालपुर। विकास खण्ड बरहनी के कजेहरा गांव के पास बड़ी नहर में जलकुंभी जमा हो जाने से पानी का प्रवाह बाधित हो गया है जिससे पानी आगे नहीं बढ़ने से धान की फसल को समुचित पानी नहीं मिलने से प्रभावित हो रही हैं। शनिवार को पास पड़ोस के किसान नहर के पास एकत्र होकर सिंचाई विभाग सहित संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर आक्रोश जताएं। किसानों का कहना है कि धान की फसल को इस समय सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है। नहर में बड़ी मात्रा में जलकुंभी जमा होने से पानी आगे नहीं जा रहा है। खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है और फसल प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि नहर की सफाई कराने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की जा चुकी है। नहर साफ-सफाई कराने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन नहर से जलकुंभी हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती। किसानों ने कहा कि समय रहते नहर की सफाई नहीं कराई गई तो धान की फसल को नुकसान हो सकता है। प्रदर्शन करने वाले किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल नहर की सफाई कराने और पानी का प्रवाह सुचारु कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

किसान कल्याण केंद्र में नि:शुल्क बीज वितरण कार्यक्रम

सकलडीहा । किसान कल्याण केंद्र सभागार में सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लाक प्रमुख अवधेश कुमार सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव की उपस्थिति में 55 किसानों को चना, मटर एवं सरसों का नि:शुल्क बीज दिया गया। किसानों को सम्बोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख द्वारा प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सेवा संकल्प अभियान के तहत किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क बीज उपलब्ध कराने का उद्देश्य कृषि लागत को कम करना और पैदावार को बढ़ाना है। किसान कल्याण केंद्र के माध्यम से हमारी कोशिश है कि सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम किसान तक पहुंचे। सरकार की योजनाएं पूरी तरह से किसानों के हित में समर्पित हैं और हम हर स्तर पर किसानों के साथ खड़े हैं। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा किसानों को समय पर उन्नत किस्म के दलहन और तिलहन (चना, मटर एवं सरसों) के नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए जा रहे हैं, ताकि वे कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। इस पहल से न केवल भूमि की उर्वरता शक्ति बढ़ेगी,बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। कृषि विभाग की प्राथमिकता है कि आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान को पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने बताया कि बुकिंग के लिए किसानों को पोर्टल पर बुकिंग के लिए आह्वान किया गया। इसके अलावा 50 प्रतिशत अनुदान वाले बीज भी 80 प्रतिशत के पास पहुंच गया है। किसान भाइयों से अनुरोध है की कृपया अपनी बुकिंग समय से कराकर लाभ प्राप्त करें।

गाजीपुर समाचार

एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। तहसील परिसर में आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी रणविजय सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान राजस्व, पुलिस, बिजली और विकास विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं ।तहसील दिवस में सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सीमांकन और नामांतरण से संबंधित रहीं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच की जाए और दोनों पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल

मरदह, गाजीपुर। थाना के देवापुर चट्टी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल-थाना क्षेत्र के वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर स्थित देवापुर चट्टी के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार रायपुर बाघपुर मठिया गांव निवासी रामचंद्र यादव साइकिल से अपने रिश्तेदारी में बोगना गांव गए थे। वापस घर लौटते समय देवापुर चट्टी के सामने कट के पास अज्ञात बाइक चालक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।टक्कर से रामचंद्र यादव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

रेलवे ट्रैक किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

दिलदारनगर (गाजीपुर) ़ उसिया गांव के ककरही डेरा के पास शनिवार की सुबह डाउन लाइन किनारे 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई।हालांकि ट्रेन से गिरकर युवक की मृत्यु होने की आशंका है।थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय ने बताया है कि आसपास के थानों में भी सूचना भेजकर युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

भांवरकोल, गाजीपुर। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान शुक्रवार की शाम कुंडेसर शेरपुर मार्ग पर एक युवक के पास से 1 किलो 6श्श्ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार युवक मुन्ना राम उर्फ सोखा इसी थाना क्षेत्र के शेरपुर कला गांव का रहने वाला है।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि थाने के एस आई विपिन कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ शुक्रवार की शाम कुंडेसर शेरपुर मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना मिली कि एक युवक झोला में गांजा लेकर शेरपुर की ओर जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवक को रोककर तलाशी लेने पर उसके पास मिले झोले में एक किलो छः सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर धोखाधड़ी का आरोप

दिलदारनगर (गाजीपुर)न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने नपं के वार्ड स 8 के सभासद सुरेन्द्र गुप्ता की तहरीर पर फर्जी तरीके से अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी अभिलेखों में हेरफेर और धोखाधड़ी करने के मामले में मां व पुत्रों पर मुकदमा दर्ज किया है।पीड़ित सुरेन्द्र गुप्ता ने न्यायलय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि कस्बा निवासी मृतक मोहन प्रसाद की पत्नी ललिता देवी तथा उनके पुत्र मनीष और अनीश मूल रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। वर्ष 1998, 2000, 2010 और 2013 के जनसूचना अधिकार के तहत प्राप्त अभिलेखों व विभिन्न जमीन रजिस्ट्रियों में इस परिवार की जाति पिछड़ा वर्ग ही दर्ज पाई गई है। पूर्व की रजिस्ट्रियों में भी इन्होंने स्वयं को पिछड़ा वर्ग ही लिखा था कि वे अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य नहीं हैं। आरोप है कि जमीन के एक बैनामे को निरस्त कराने और नगर पंचायत में नामांतरण रद्द कराने की साजिश के तहत आरोपियों ने बड़ा फर्जीवाड़ा किया।

अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के मलिनाथपुर गांव निवासी बाबूलाल राम के प्रार्थना पत्र पर मरदह पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध बकरी चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।बाबूलाल के अनुसार रात्रि में अज्ञात चोर उनके झोपड़ी में बंधी सात बकरियां खोलकर लेकर चले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

मोना के नेतृत्व में कांग्रेस को मिलेगी मजबूती

नंदगंज-गाजीपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' एवं कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद की नियुक्ति पर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ (इंटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़ तथा उत्तराखंड के प्रभारी, नंदगंज निवासी विनय जायसवाल ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन कर संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की सुपुत्री होने के साथ ही प्रतापगढ़ से विधायक भी हैं। प्रमोद तिवारी को कांग्रेस का वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता माना जाता है। ऐसे में उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और कांग्रेस की मजबूत पृष्ठभूमि का लाभ निश्चित रूप से प्रदेश संगठन को मिलेगा। विनय जायसवाल ने कहा कि श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' का कांग्रेस की विचारधारा और संगठन से पुराना जुड़ाव है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोना मिश्रा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा पुनः हासिल करेगी और आने वाले समय में पार्टी को मजबूत जनाधार मिलेगा।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022439
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोनः- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
W ebsite : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

सूर्योदय : ०५.५१
सूर्यास्त : ०५.४२
तापमान
अधि. : ३४.०
न्यून. : २५.०

भारी बारिशसे क्षतिग्रस्त सड़कें-बिजली व्यवस्था तत्काल दुरूस्त हो-योगी

लखनऊ, (आससे.)। भारी बारिश के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में प्रभावित हुई बिजली और सड़क व्यवस्था को जल्द सामान्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम ने बारिश से क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों और तारों को जल्द दुरुस्त कराने के साथ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करने पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के कारण लोगों को लंबे समय तक बिजली संकट का सामना न करना पड़े और मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त विद्युत ढांचे की स्थिति का आकलन करने और आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य तत्काल कराने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली के खंभों, तारों और अन्य उपकरणों को दुरुस्त कर आपूर्ति व्यवस्था को जल्द सामान्य करने को कहा गया है। सीएम ने स्थानीय स्तर पर टीमों को सक्रिय रखते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने भारी बारिश से खराब हुई सड़कों की भी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। जलभराव और बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को चिह्नित कर आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराने को कहा गया हैए ताकि लोगों के आवागमन में किसी तरह की बाधा न हो। सीएम ने अधिकारियों को बिजली और सड़क जैसी जरूरी जनसुविधाओं को जल्द सामान्य स्थिति में लाने के लिए समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और व्यवस्थाओं की बहाली के कार्यों में किसी तरह की देरी न होने पर जोर देते हुए कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संबंधित अधिकारी प्राथमिकता तय करें और प्रभावित लोगों को जल्द राहत पहुंचाए।

हैदराबाद में सेना के तीन जवान गिरफ्तार

तेलंगाना (एजेंसी)। तेलंगाना में भारतीय सेना के तीन जवानों समेत सात लोगों ने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मल्कजगिरी पुलिस कमिश्नर बी. सुमति ने बताया कि शनिवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें सेना के तीन जवान भी शामिल हैं। इन सभी को सैन्य ठिकाने से हथियार चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। चोरी का मुख्य आरोपी, तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले के रहने वाले पूर्व हवलदार उप्पुथाला मल्लेश (37), को 11 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। उस पर 30 और 31 अगस्त की रात बोलारम स्थित कोट और बटालियन मैगजीन से हथियार (एके-203 असॉल्ट राइफल और गोला-बारूद) चोरी करने का आरोप है। चोरी का सामान आरोपी ने नागरकुर्नूल में पिता के घर पर छिपाकर रखा गया था।

नौकरी की मांग को लेकर एम्बुलेंस ड्राइवरों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

लखनऊ (आससे.)। राजधानी में शनिवार को नौकरी की मांग को लेकर एम्बुलेंस ड्राइवरों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए ड्राइवरों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कोरोना काल में मिले मेडल और सर्टिफिकेट भी उपमुख्यमंत्री को वापस करने की बात कही। एम्बुलेंस ड्राइवरों का कहना है कि डिप्टी सीएम नौकरी देने का आश्वासन देते हैं, लेकिन अब उनसे मिलने पहुंचने पर पुलिस उन्हें खदेड़ रही है। ड्राइवरों के मुताबिक, पिछले पांच साल में वे 50 से अधिक बार ब्रजेश पाठक से मिल चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। ड्राइवरों ने बताया कि शुक्रवार को गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन के दौरान प्रशासन ने शनिवार को डिप्टी सीएम से मुलाकात कराने का वादा किया था। इसी वादे के तहत वे शनिवार को मिलने पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की और हिरासत में लेने लगी। प्रदर्शन कर रहे सलील अवस्थी का कहना है कि 2021 से हम लोग नौकरी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से 9000 कर्मचारी रोजगार के लिए सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके लखनऊ पहुंचते हैं। डिप्टी सीएम वादा करते हैं कि नौकरी मिलेगी। अब जब उनके दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस भगा रही। शरद ने बताया कि 9000 कर्मचारियों के सामने 5 साल से रोजी रोटी का संकट है। साल 2012 में नियुक्ति हुई। 2012 से लेकर 2021 तक 108 और 102 एम्बुलेंस में सेवा दिया। 2021 में 9000 कर्मचारियों को बिना कारण बताए जीवीकेईआरआई निजी कंपनी है, जिसके माध्यम से भर्ती हुई थी) निकाल दिया। 5 साल से भटक रहे हैं हमें हर हाल में नौकरी चाहिए हम कोरोना योद्धा हैं। जब कोई किसी को नहीं पूछता था तब हम लोगों की जान बचा रहे थे। कोरोना काल में हीरो थे अब जीरो हो गए।

यूपी : होमगार्ड भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 के तहत 41,424 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्रदेश के 75 जिलों में रिक्त पदों के सापेक्ष 41,424 अभ्यर्थियों का चयन किया है। चयनित अभ्यर्थियों की जिलेवार मेरिट सूची बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।होमगार्ड के पदों पर भर्ती के लिए बोर्ड ने 18 नवंबर 2025 को ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, अभिलेखों की जांच, शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई गई। सभी चरणों में सफल अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा में मिले सामान्यीकृत अंकों के आधार पर मेरिट तैयार की गई।अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ जमा किए गए अधिमानी अर्हता के प्रमाणपत्रों के आधार पर निर्धारित अतिरिक्त अंक भी दिए गए।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में लालू तेजस्वी, राबड़ी को राहत

पटना (आससे)। आईआरसीटीसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी समेत 9 लोगों के खिलाफ आरोप तय होने की प्रक्रिया फिलहाल टल गई है. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली इस सुनवाई के लिए अब 30 अक्टूबर की अगली तारीख तय की गई है.अदालत की कार्यवाही और कानूनी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए अधिवक्ता वरुण जैन ने कहा, अदालत ने आरोप तय करने का आदेश सुनाया था और आज औपचारिक रूप से आरोप तय किए जाने थे. आदेश में यह उल्लेख है कि पूर्ववर्ती अदालत आरोप तय करके इसे इस अदालत को भेजेगी. यह पूरी तरह से एक प्रक्रियात्मक मुद्दा है. अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) से यह स्पष्टीकरण मांगा है कि औपचारिक आरोप तय करने के संबंध में क्या प्रक्रिया अपनाई जानी है. जांच एजेंसी इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और 30 अक्टूबर को अदालत को सूचित करेगी. आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, यह कोर्ट की प्रक्रिया के अनुसार है. हम सहयोग करेंगे. यह मामला उस समय से जुड़ा है, जब लालू प्रसाद यादव केन्द्र में रेल मंत्री थे. सीबीआई के आरोप के मुताबिक, रेलवे के पुरी और रांची स्थित बीएनआर होटलों के रखरखाव और संचालन का ठेका सुजाता होटल को देने में गड़बड़ी हुई.इससे पहले 11 सितंबर को दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा फैसला सुनाया था. कोर्ट ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की थी. यह जांच सीबीआई, नई दिल्ली द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई थी।

भाजपा से डॉ.आकाश अग्रवाल व डॉ.संजयन त्रिपाठी ने भाजपा से नाता तोड़ा,सपा में शामिल

लखनऊ (आससे.)। विधान परिषद सदस्य डॉ.आकाश अग्रवाल व गोरखपुर के भाजपा नेता डॉ.संजयन त्रिपाठी ने भाजपा से नाता तोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। बिना देर किये समाजवादी पार्टी ने दोनों नेताओं को उम्मीदवार घोषित कर दिया। शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने डॉ.आकाश अग्रवाल को आगरा शिक्षक क्षेत्र व डॉ.संजय त्रिपाठी को फैजाबाद-गोरखपुर शिक्षक क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिया, और पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को मैदान से हटा दिया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पूर्व में घोषित दोनों प्रत्याशियों प्रकाश चंद्र गुप्ता और कमलेश यादव की सहमति से आज शामिल होने वाले नेताओं को प्रत्याशी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता नेता इस चुनाव को अपना चुनाव मानकर लड़ेंगे। डॉ.आकाश अग्रवाल और डॉ.संजयन त्रिपाठी के साथ समाजवादी पार्टी के शिक्षक, स्नातक क्षेत्र के घोषित सभी प्रत्याशियों को पूरी मेहनत से जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज जिन लोगों ने त्याग किया है उनका हमेशा सम्मान होगा और जब समय आएगा तो उनको सम्मानजनक स्थान दिया जाएगा।

सात उपभोक्ता बिजली चोरी करते मिले,एफआईआर

लखनऊ(आससे.) । मध्यांचल निगम के एमडी संदीप भागिया के निर्देश पर शनिवार को राजधानी के कई इलाकों में बड़े विद्युत बकायेदारों व विद्युत चोरी में संलिप्त उपभोक्ताओं के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गोमती नगर क्षेत्र की रेड टीम ने उपकेन्द्र सेक्टर-5 के अन्तर्गत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 26 उपभोक्ताओं के परिसरों को चेक किया गया। जिसमें एक उपभोक्ता तापेश्वर नारायण ठाकुर निवासी जश्न लॉन खरगापुर अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते मिले। इसके अलावा लखनऊ मध्य क्षेत्र में विशेष मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। इस दौरान छह उपभोक्ता अरफ्त,ईशा आबदी,रफी हुसैन, राजा कश्यप, इरफान आसिफ व नूरजहाँ डायरेक्त केबिल डालकर बिजली चोरी करते मिले।

अलग ड्रोन फोर्स नहीं बनायेंगे : वायुसेना प्रमुख

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय वायुसेना की वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ड्रोन को लेकर वायुसेना की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि ड्रोन भारतीय वायुसेना के लिए कोई नई या क्रांतिकारी क्षमता नहीं हैं, बल्कि यह लंबे समय से मौजूद क्षमताओं के विस्तार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि वायुसेना में ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की संख्या, प्रकार और क्षमताएं लगातार बढ़ाई जा रही हैं। हालांकि, उन्होंने अलग से ड्रोन फोर्स बनाए जाने की संभावना से इनकार किया। एपी सिंह ने कहा कि ड्रोन और अन्य हथियार प्रणालियों को अलग-अलग काम करने के बजाय एक साथ इस्तेमाल करना ज्यादा प्रभावी होगा। उनके मुताबिक, युद्ध के मैदान में अलग-अलग हथियारों को एक-दूसरे से अलग रखकर संचालन करने के बजाय उनके बीच तालमेल जरूरी है। उन्होंने कहा कि ड्रोन को मौजूदा व्यवस्था का हिस्सा बनाकर दूसरे हथियारों और प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। वायुसेना में पहले से ऐसी क्षमताओं के लिए विशेष इकाइयां मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है।

वायुसेना प्रमुख ने लोइटरिंग म्यूनिशन की भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन हथियारों ने अराजकता पैदा करने और कुछ एयर डिफेंस संपत्तियों को निशाना बनाने में मदद की थी। उन्होंने दोहराया कि ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन भारतीय वायुसेना की क्षमताओं का हिस्सा कई दशकों से रहे हैं। अब इनकी संख्या के साथ-साथ इनके प्रकार और क्षमताओं का भी विस्तार किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि स्मित ने जिस तरह की हिम्मत दिखाई, वह बेहद खास है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। एपी सिंह ने कहा कि कैप्टन मच्छार ने मुश्किल हालात में शारीरिक और मानसिक मजबूती का शानदार परिचय दिया। उन्होंने जिस साहस के साथ स्थिति का सामना किया, वह दूसरों के लिए भी सीख है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि संकट के समय धैर्य बनाए रखना और सही फैसला लेना बेहद जरूरी होता है। कैप्टन मच्छार ने अपने साहस और दृढ़ता से यह साबित किया कि कठिन परिस्थितियों में हिम्मत और सूझबूझ कितनी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि कैप्टन मच्छार की कार्रवाई से देश के लोगों को प्रेरणा मिलती है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की संख्या को लेकर भी स्थिति बताई। उन्होंने स्वीकार किया कि वायुसेना के विमानों की संख्या घट रही है और जिन विमानों के समय पर शामिल होने की उम्मीद थी, उनकी डिलीवरी में देरी हुई है।

उन्होंने कहा कि वायुसेना इस अंतर को पाटने के लिए तेजस मार्क-1, मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट और भविष्य के मार्क-2 लड़ाकू विमान जैसे प्लेटफॉर्म पर काम कर रही है।

शेष

आप की...

उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान के प्रति असम्मान तथा नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद प्रियंका कक्कड़ ने राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वह केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ वोट चोरी के मुद्दे पर मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी छोड़ने के कारणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने पार्टी में बदलाव और उसके कामकाज को लेकर असहमति जताई। श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस मानववाद और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध है।

स्वामी प्रसाद...

की अटकलें लगाई जा रही थीं। मौर्य दिल्ली में राहुल गांधी से मिलने 10 जनपथ पहुंचे थे। मुलाकात के दौरान प्रियंका गांधी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम भी मौजूद रहे। बैठक के बाद मौर्य ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ रहेगी। उन्होंने राहुल गांधी के सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर रुख को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया। मौर्य ने इस दौरान समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सड़क पर संघर्ष करने के बजाय प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए लड़ाई लड़ते हैं। उन्होंने किसी उद्योगपति को राज्यसभा भेजे जाने को समाजवाद पर दाग बताया और कहा कि इंडिया गठबंधन को सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ना चाहिए।स्वामी प्रसाद मौर्य का राजनीतिक सफर कई दलों से होकर गुजरा है।

अखिलेश...

नथवानी को बनाना एक चौंकाने वाला मास्टर स्ट्रोक है। एनडीए और भाजपा से जुड़ाव रखने वाले पृष्ठभूमि के व्यक्ति को टिकट देकर अखिलेश ने सभी को हैरत में डाल दिया है। इसके अलावा, अखिलेश यादव की नजरें रालोद के असंतुष्ट विधायकों और सुभासपा (ओपी राजभर की पार्टी) के उन विधायकों पर टिकी हैं जो मूलतः सपा के चिह्न पर चुनाव लड़े थे। राज्यसभा चुनाव हमेशा से शक्ति प्रदर्शन और धन-बल के सामंजस्य का प्रतीक रहे हैं। यादव परिवार का कॉरपोरेट घरानों से संबंध कोई नया नहीं है; मुलायम सिंह यादव के दौर में भी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट काउंसिल के जरिए बड़े उद्योगपतियों को जोड़ा गया था। इस चुनाव का संदेश केवल यहीं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव की राजनीतिक हवा का रुख भी तय करेगा।

भारतने...

अंतिम स्थानों में अभी थोड़ा बदलाव हो सकता है क्योंकि रविवार को घुड़सवारी की कुछ प्रतियोगिताएं निर्धारित हैं जिनमें भारत का निकटतम प्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान (२१ स्वर्ण, २५ रजत और २४ कांस्य से कुल ७० पदक) भी मुकाबले में है। क्रिकेट में श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर १९ रन से जीत दर्ज की, वहीं हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में हाकी खिलाडियों ने भी काकामिगाहारा में मलेशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में ५-१ से जीत हासिल की। हाकी टीम इस स्वर्ण पदक ने २०२८ में लास एंजिलिस में होने वाले ओलम्पिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई कर गई। दिन के एक और स्वर्ण विजेता बेहद शांत स्वभाव वाले ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत रहे। उन्होंने ५७ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत का फिर लोहा मनवाया।

ज्ञानेश कुमार...

हालांकि, प्राथमिकी में उन आयोजकों और संगठनों का विवरण दिया गया है, जिन्होंने प्रदर्शन का आह्वान किया था या उसमें हिस्सा लिया था। शुक्रवार को छात्र संगठनों, राजनीतिक दलों के नेताओं और नागरिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगाए गए आरोपों के बीच कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए जंतर-मंतर पहुंचने का प्रयास किया था। प्राथमिकी में इन आरोपों पर निर्वाचन आयोग का पक्ष और उसकी ओर से दिए गए जवाबों का विस्तृत उल्लेख नहीं किया गया है। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत नयी दिल्ली जिले में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रदर्शन से पहले ये आदेश जारी किए गए थे।

संविधान खत्म...

नेक्स्ट मुंबई' का सदस्य बताने वाले लोगों के एक समूह ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान समूह के सदस्यों ने पार्टी के विरोध में अपनी नाराजगी जाहिर की। हालांकि, प्रदर्शन किस वजह से किया गया और इसमें शामिल लोगों की प्रमुख मांगें क्या थीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और जंतर-मंतर के आसपास के इलाकों में धारा 163 लागू की गई है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी सचिन शर्मा ने सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी।

यूपी : ४.६०..

बुक खरीदिए। पाठ्यक्रम के साथ ही महापुरुषों की आत्मकथा, ज्ञानवर्धक व धार्मिक पुस्तकों को पढ़िए, अपना बुक बैंक बढ़ाइए। सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट दे रही है, 60 लाख को मिल चुका है। शेष को भी जल्द दिया जाएगा।सीएम ने कहा कि पहले 100 में से 60-70 बच्चों को ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलता था। बाबू और अन्य लोग इस पर डाका डालते थे। आज खाता खोलकर छात्रों का पैसा सीधे उसमें भेजा जाता है। हमारे समय यह व्यवस्था नहीं थी, लेकिन पीएम ने जीरो अकाउंट पर बैंक खाते खुलवा दिए। सीएम योगी ने कहा कि गत वर्ष 69 लाख बच्चों को 6200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। 9 वर्ष में 4 करोड़ से अधिक बच्चों को छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति मिली है, जबकि 2017 के पहले यह राशि और छात्रों की संख्या भी कम थी। पहले की सरकारें युवाओं को प्रोत्साहन नहीं देती थी और न समय से छात्रवृत्ति मिलती थी।सीएम ने कहा कि गत वर्ष अनुसूचित जाति-जनजाति के 26.26 लाख विद्यार्थियों को 2750 करोड़, अल्पसंख्यक वर्ग के 5.89 लाख बच्चों को 360 करोड़, पिछड़ा वर्ग के 37 लाख विद्यार्थियों को 3072 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। अल्प आय वर्ग वर्ग के 9.40 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई। तय किया गया कि 2 अक्टूबर (अवकाश के कारण 3 अक्टूबर) और 26 जनवरी तक हर हाल में छात्रों तक राशि पहुंच जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जेईई व नीट की तैयारी के लिए युवा दूसरे राज्यों में जाते थे।

15 एआईएस...

जिम्मेदारी दी गई है। वहीं डॉ. उज्ज्वल कुमार को उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पद से विशेष सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म बनाया गया है। जे. रिभा को विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म से प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। योगी सरकार ने शनिवार को बड़े पैमाने पर पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। कुल 38 अफसरों को इधर-से-उधर किया गया है।जिसमें लखनऊ, मुरादाबाद, सहारनपुर, जौनपुर, मऊ, देवरिया, संतकबीरनगर, रामपुर समेत कई जिलों के अपर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी शामिल हैं। राकेश कुमार सिंह एडीएम (वि/रा) लखनऊ से अपर आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद व नीरज शुक्ला अपर आयुक्त, आवास विकास प्रबंध निदेशक पीसीएफ व डॉ चन्द्र भूषण प्रबंध निदेशक पीसीएफ से अपर निदेशक, डॉ राम मनोहर लोहिया अकादमी व सचिन कुमार सिंह अपर निदेशक, मंडी परिषद से विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा व ध्रुव खाडिया सीडीओ जौनपुर से सीडीओ मऊ व विवेक कुमार श्रीवास्तव सीडीओ मऊ से सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद प्रयागराज व नरेंद्र बहादुर सिंह एडीएम (वि/रा) लखीमपुर खीरी सीडीओ जौनपुर बनाये गये। शौर्य प्रताप शाही अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा से निदेशक, पंचायती राज व अमित कुमार सिंह निदेशक, पंचायती राज से प्रबंध निदेशक पीसीडीएफ व प्रकाश बिन्दु प्रबंध निदेशक, पीसीडीएफ से सचिव, चिकित्सा शिक्षा व माला श्रीवास्तव सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म से निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म व डॉ उज्वल कुमार प्रबंध निदेशक, मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन से विशेष सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म व जेठीभा विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म से प्रबंध निदेशक, मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन बनाये गये। अर्चना गहरवार कुलसचिव केजीएमयू से कुलसचिव एकेटीयू व रीना सिंह कुलसचिव एकेटीयू से कुलसचिव, केजीएमयू बनाये गये।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद् 09335414722
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002

आज का राशिफल — रविवार, 4 अक्टूबर 2026

मेष-	आज रात्रि 6/32 बजे तक अनुकूलता, इच्छा की पूर्ति तदुपरान्त कार्यों में अड़चनें, आर्थिक हानि।
वृषभ-	कार्यसिद्धि का सुयोग, मनोरंजन में रुचि, व्यय की अधिकता, परिजनों का सहयोग।
मिथुन-	आर्थिक प्रगति, सलाह से कामयाबी, सुसमाचार की प्राप्ति, प्रोन्नति, दायित्व का निर्वाह।
कर्क-	आज रात्रि 6/32 बजे तक निराशा, तदुनन्तर स्थिति में सुधार, तनाव से मुक्ति, मन प्रसन्न।
सिंह-	आज रात्रि 6/32 बजे तक योजना फलीभूत तत्पश्चात् कठिनाइयाँ प्रभावी, कर्ज की अधिकता।
कन्या-	सद्विचारों का उदय, आपसी सम्बन्ध मधुर, श्रेष्ठजनों का सम्पर्क, मन में प्रसन्नता।
तुला-	विवादित मसला हल, उत्तरदायित्व की पूर्ति, नवस्थल की यात्रा, शिक्षा में रुचि।
वृश्चिक-	आज रात्रि 6/32 बजे तक योजना अधूरी तदुपरान्त आरोग्यसुख, धर्म में आस्था, मन प्रसन्न।
धनु-	आज रात्रि 6/32 बजे तक कार्यक्षमता में वृद्धि तदुनन्तर स्वास्थ्य प्रभावी, धन की क्षति।
मकर-	कठिनाइयों में कमी, निर्णय लाभप्रद, प्रतियोगिता में सफलता, सम्मानपरक कृत्य।
कुम्भ-	योजना साकार, मनोविनोद, विवाद हल, चित्त प्रसन्न, अनुकूल परिवर्तन, कार्य में रुचि।
मीन-	आज रात्रि 6/32 बजे तक अस्थिरता तत्पश्चात् कार्य सफल, निर्णय हितकर, दाम्पत्य सुख।

आज है जिनका जन्मदिन — 4 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन कठिनाइयों से परिपूर्ण रहेगा। जीवन में अनेकों बार उतार-चढ़ाव के क्षण आयेंगे। सम्पर्क क्षेत्र के सीमति होगा। जिससे अकेलेपन की अनुभूति होगी। किसी के भी विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में विफलता का सामना करना पड़ेगा। रचनात्मक गतिविधियों में भी रूचि लेंगे। आपके कार्यों में नवीनता की झलक मिलेगी। दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। बाहरी आडम्बरों एवं तड़क-भड़क की ओर झुकाव अधिक रहेगा। जरूरत से ज्यादा उतावले होंगे जो कि आपकी प्रगति में बाधक होगा। सहयोगियों से असहयोग ही प्राप्त होगा। इष्ट देवी-देवता की आराधना अवश्य करें। दैनिक जीवन में चित्र विचित्र चमकीले रंग का प्रयोग अधिकतम करें। काले रंग की वस्तुओं का दान भी करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। परोपकार की भावना अपनाएँ। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 4, 13, 22, 31
अंक : 1, 2, 7
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
जन्मरत्न : गोमेद उपरत्न : काला अकीक
जड़ी : सफेद चन्दन की जड़ दिशा : आग्नेय
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

सुडोकू ४०७३

		1					3	
				9				
				6				
	8						5	
7			5		3	1		
	9							
								6
		2			1			
						4	8	

४०७२

जापान में लहराया तिरंगा

भारत ने किया स्वर्ण का बचाव

पुरुष क्रिकेट : पाकिस्तान को १९ रन से हराया, अभिषेक, तिलक का अर्द्धशतक

निशिन (एजेन्सियां)। अभिषेक शर्मा (६१) और तिलक वर्मा (आजेय ५१) के तूफानी अर्द्धशतकों की मदद से भारत ने हसन नवाज (९६) की आक्रामक पारी के बावजूद रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को १९ रन से हराकर शनिवार को यहां एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट में अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। इससे पहले भारत की महिला टीम ने श्रीलंका को हरा कर स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने २० ओवर में छह विकेट पर २११ रन बनाये फिर पाकिस्तान को २० ओवर में छह विकेट पर १९२ रन पर रोक दिया। बड़े लक्ष्य का पीछा कर रहे पाकिस्तान ने आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन इस दौरान उसने विकेट भी गंवाये। स्पिनर अक्षर और वाशिंगटन ने उसके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। वाशिंगटन सुंदर ने कप्तान साहिबजादा फरहान (१०) को डीप मिडविकेट पर कैच कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। अक्षर ने इसके बाद नये बल्लेबाज उस्मान खान (तीन) को पवेलियन की राह दिखा दी। उन्होंने माज सदाकत (२३) के तीखे तेवरों पर भी विराम लगाया जिससे पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर ३९ रन हो गया। लेकिन हसन नवाज और साइम अयूब (२२ गेंद, २९ रन) ने भारत की पेशानी पर बल ला दिये। इन दोनों ने विशेषकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को निशाना बनाया जिन्होंने तीन ओवर में ४४ रन लुटाए। पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद तो देखते हुए कप्तान अय्यर ने अभिषेक को भी गेंद सौंपी जिन्होंने दो ओवर में २३ रन दिये। ऐसे मौके पर शिवम दुबे फिर से गोल्डन आर्म साबित हुए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर ही साइम को आउट कर दिया जिसमें वाशिंगटन ने दौड़ लगाकर कैच लेकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। वाशिंगटन ने इसके बाद अब्दुल समद (नौ) को चलता किया। पाकिस्तान को आखिरी दो ओवर में ४४ रन चाहिए थे। जसप्रीत बुमराह ने १९वें ओवर में ११ रन दिए जबकि शिवम दुबे ने अंतिम ओवर में ३३ रन का बचाव किया। उन्होंने आखिरी गेंद पर नवाज को आउट करके उन्हें शतक पूरा नहीं करने दिया और पाकिस्तान को २० ओवर में छह विकेट पर १९२ रन पर रोक दिया। नवाज ने ५१ गेंद में ९६ रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके, सात छक्के शामिल थे।अक्षर पटेल, शिवम दूबे और वाशिंगटन सुंदर ने दो-दो विकेट आपस में बाटें। इससे पहले पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिषेक ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शानदार बल्लेबाजी की और २० गेंद में अर्द्धशतक बनाकर विपक्षी टीम के स्पिन आक्रमण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। अभिषेक ने धीमी गेंदबाजी का भरपूर फायदा उठाते हुए विकेट के दोनों तरफबेफिक्र होकर से छक्के जड़े। अराफात ने अपनी गति में बदलाव करके अभिषेक को स्टंप आउट कराया। अभिषेक ने २८ गेंद में तीन चौके, सात छक्के की मदद से ६१ रन बनाये। भारत ने पावरप्ले में दो विकेट खोकर ८१ रन बनाये। वैभव सूर्यवंशी (नौ गेंदों में १५ रन) ने लेग स्पिनर साद मसूद की गेंदों पर दो छक्के लगाए। सूर्यवंशी आफ स्पिनर अयूब की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलने की कोशिश में आउट हो गये। कप्तान अय्यर और किशन दोनों ही ११ से १५ ओवरों के बीच बड़े शाट नहीं लगा पाए। किशन (२०) के तेज सीधी और थोड़ी ज्यादा उछाल वाली गेंद पर बोल्ड होने के बाद लेग स्पिनर अबरार ने अय्यर (२१) की संघर्षपूर्ण पारी समाप्त की। इस तरह से दो विकेट पर ९३ रन से भारत का स्कोर अचानक ही पांच विकेट पर १३३ रन हो गया। जब ऐसा लग रहा था कि भारत २०० रन तक भी नहीं पहुंच पायेगा तब तिलक वर्मा और शिवम दुबे की जोड़ी ने आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया। तिलक ने २२ गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से ५१ रन की अजेय पारी खेली जबकि शिवम ने पवेलियन लौटने से पहले १५ गेंद में दो चौके, दो छक्के की मदद से २७ रन बनाये जिससे भारत का स्कोर २० ओवर में छह विकेट पर २११ रन हो सका।

चैम्पियन टीम का यह प्रतिबिंब है-अय्यर

निशिन (एजेन्सियां)। स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि शनिवार को एशियन खेल के फाइनल में पाकिस्तान को १९ रन से हराने से पहले टीम ने बहाने बनाने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार ढलने का विकल्प चुना। अय्यर ने फाइनल के बाद कहा अगर मुझे एक शब्द का इस्तेमाल करना हो तो मैं कहूंगा कि बेहद खुश। जिस दिन से हम जापान पहुंचे, उस दिन से मूसलाधार बारिश हो रही थी और हम लगभग एक सप्ताह तक अभ्यास नहीं कर सके लेकिन लड़कों ने जिस तरह खुद को तैयार किया और हम साथ-साथ ट्रेनिंग भी कर रहे थे। हमने शिकायत नहीं की, हमने कोई बहाना नहीं बनाया। तो यह अपने आप में एक चैम्पियन टीम की निशानी थी और आज उसी का प्रतिबिंब था। अय्यर ने टीम के सामूहिक प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा जब आप फाइनल खेल रहे होते हैं तो आप चाहते हैं कि हर एक खिलाड़ी आगे आये और अपना योगदान दे और आज हमने यही देखा। अभिषेक ने हमें वह शुरुआत दी और फिर तिलक ने पारी का अंत किया। गेंदबाजी में वाशिंगटन ने वह जिम्मेदारी संभाली, अक्षर हर समय अपने अंदाज में रहे और बुमराह के बारे में हम जानते ही हैं।

फिर सुनहरी हुई भारतीय हाकी

पुरुष टीम ने मलयेशिया को ५-१ से हकाकर जीता स्वर्ण पदक

काकामिगाहारा (एजेन्सियां)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हाकी टीम ने मलयेशिया को ५-१ से हराकर एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत ने इसके साथ ही २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए भी टिकट पक्का कर लिया है। एशियाड में पहली बार हुआ है जब भारत की पुरुष और महिला हाकी टीमों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। यह पहली बार है जब पुरुष टीम ने एशियाड में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया है। भारत ने इससे पहले २०२३ हांगझू एशियाई खेल में भी स्वर्ण जीता था। मुकाबले की शुरुआत दोनों टीमों ने बेहद सतर्क अंदाज में की। शुरुआती १० मिनट तक भारत और मलयेशिया की ओर से कोई पेनल्टी कार्नर या गोल का बड़ा मौका नहीं बना। इसके बाद भारत को पहला पेनल्टी कार्नर मिला। शुरुआती प्रयास सफल नहीं रहा लेकिन दूसरे मौके पर हरमनप्रीत सिंह ने शानदार ड्रैग-फ्लिक के जरिए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। भारत ने १-० की बढ़त हासिल कर ली लेकिन भारत की बढ़त ज्यादा देर नहीं टिक सकी। मलयेशिया ने जोरदार वापसी करते हुए शेलो सिल्वरियस के शानदार गोल से स्कोर १-१ कर दिया। सिल्वरियस ने सर्कल के बाईं तरफ से मिले मौके को हाफ-वाली में तब्दील किया और गेंद को नेट की छत में पहुंचा दिया। इसके बाद पहले क्वार्टर के अंत तक स्कोर १-१ रहा। मुकाबले के दूसरे चरण में भारत ने फिर से बढ़त हासिल की। जुगराज सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर जोरदार ड्रैग-फ्लिक लगाई जिसे रोकना मलयेशियाई गोलकीपर के लिए मुश्किल साबित हुआ। जुगराज का यह गोल भारत को २-१ की बढ़त दिलाने वाला साबित हुआ। इस गोल के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने हर्डल बनाकर इसका जश्न मनाया। २-१ से आगे होने के बाद भारत ने मलयेशिया पर लगातार दबाव बनाये रखा। भारत के पास तीसरे क्वार्टर में गोल करने के कई मौके आये लेकिन टीम इसमें सफल नहीं हुई। पहले पेनल्टी कार्नर पर जुगराज से गोल मिस हुआ और इसके बाद नीलकांत मैदानी गोल करने से चूक गये। फिर भारत को एक और पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत गोल नहीं कर सके। भारत ने हालांकि रेफरी से अपील की क्योंकि उन्हें लग रहा था कि पेनल्टी कार्नर पर शॅट मारते वक्त मलयेशियाई खिलाड़ी के स्टिक से गेंद लगी है लेकिन रिप्ले में दिखा कि गेंद नहीं लगी थी। इसके बाद भारत को एक और पेनल्टी मिली और हरमनप्रीत ने फिर शाट लगाया लेकिन मलयेशियाई खिलाड़ी से डिफ्लेट होकर गेंद गयी जिस पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। ४२वें मिनट में हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर ३-१ कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत की नजरें बढ़त को मजबूत करने पर थी। मलयेशिया से कुछ चूक हुई जिसका फायदा भारत ने बखूबी उठाया। भारत को चौथे क्वार्टर में लगातार पेनल्टी कार्नर मिले। मलयेशिया ने डिफेंस में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन ५४वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा ने मैदानी गोल कर स्कोर ४-१ कर दिया। इसके बाद भारत को एक और पेनल्टी कार्नर मिला। हरमनप्रीत ने ५७वें मिनट में इसे गोल में बदलकर भारत की ५-१ से सुनहरी जीत लिख दी। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही हरमनप्रीत और मनप्रीत के नाम बड़ी उपलब्धि जुड़ गयी। हरमनप्रीत लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं। वहीं मनप्रीत सिंह तीन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। वह २०१४ और २०२३ में भी स्वर्ण जीत चुके हैं।

१७ साल की कुमकुम का तीर ले आया सोना

तीरंदाजी : नीरजने धीरज को हराकर रिकर्व का जीता कांसा

नागोया (एजेन्सियां)। भारतकी १७ वर्षीय युवा तीरंदाज कुमकुम मोहद ने एशियाई खेलमें शनिार को इतिहास रच दिया। महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाके बेहद उतार-चढ़ाव और रोमांचसे भरे फाइनलमें कुमकुमने दक्षिण कोरिया की दिग्गज तीरंदाज ओह येजिन को शूट-आफ में पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एशियाई खेलके इतिहास में यह पहला मौका है जब भारतने महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजीमें स्वर्ण पदक जीता है। मौजूदा एशियाई खेलोंमें कुमकुमका यह दूसरा स्वर्ण पदक है जबकि भारतीय तीरंदाजोंका इस साल यह पांचवां स्वर्ण रहा। स्वर्ण पदकके मुकाबलेकी शुरुआत भारतीय तीरंदाज के लिए आसान नहीं रही। दक्षिण कोरिया की ओह येजिन ने पहला सेट २९-२७ से जीतकर बढ़त बनाई। इसके बाद दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और सेट २९-२९ से बराबर रहा जिससे कुमकुम १-३ से पिछड़ गयी। हालांकि दबाव के बावजूद १७ साल की कुमकुम ने हिम्मत नहीं हारी और तीसरे सेट में लगातार तीन परफेक्ट १० लगाकर शानदार वापसी की और मुकाबले को ३-३ से बराबर कर दिया। चौथे सेट में एक आठ के स्कोर के कारण कुमकुम को सेट गंवाना पड़ा और वह ३-५ से पीछे हो गयी। अब पांचवां सेट कुमकुम के लिए करो या मरो का बन चुका था। यहां भारतीय सनसनी ने अपने अदम्य साहस और सटीक निशानेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पांचवां सेट जीता और मुकाबले का स्कोर ५-५ से बराबर कर लाइव मैच को शूट-आफ में धकेल दिया। शूट-आफ में स्वर्ण पदक का फैसला केवल एक-एक तीर से होना था। दबाव के इस पल में दक्षिण कोरिया की ओह येजिन चूक गयी और केवल आठ का स्कोर ही कर सकीं। इसके ठीक बाद कुमकुम मोहद ने बिना किसी झिझक के सटीक निशाना साधते हुए परफेक्ट १० जड़ा और भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिला दिया। कुमकुम ने फाइनल से पहले सेमीफाइनल में चीन की जिंगयी झू को ६-२ से हराया था। उन्होंने मुकाबला २८-२७, ३०-३०, २९-२९, २९-२८ से जीता। वहीं नीरज चौहान नेपुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में अपने हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त धीरज बोम्मादेवरा को ६-४ से हराकर कांस्य पदक जीता। नीरज ने कांस्य पदक के प्लेआफ मैच में धीरज को २९-२६, २७-२८, २८-२९, ३०-२८, २९-२८ से हराया। इस तरह से वह तरुणदीप राय के बाद एशियाई खेलों में व्यक्तिगत रिकर्व पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गये। इसके साथ ही भारत ने तीरंदाजी में अपने अभियान का समापन पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य के साथ किया।

प्रणवी उर्स ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

गोल्फ: टीम स्पर्धा में भी आया रजत

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने एशियाई खेलमें शनिवारको इतिहास रचते हुए महिला व्यक्तिगत गोल्फमें भारतका पहला स्वर्ण पदक जीत लिया। २३ वर्षीय प्रणवीने बेहद रोमांचक फाइनल राउंडमें अपना धैर्य बनाये रखा और ७२वें होलपर पार हासिल करते हुए १५-अंडर २६५ के कुल स्कोरके साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रणवीने तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए चार-अंडर ६६ का स्कोर बनाया था। इसके दमपर वह फाइनल राउंडसे पहले तीन स्ट्रोक की बढ़तके साथ शीर्षपर थीं। हालांकि आखिरी राउंडमें उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और तीसरे होलपर ट्रिपल बोगीने उनकी पूरी बढ़त को खत्म कर दिया। तीसरे होलपर खराब प्रदर्शन के बाद प्रणवी ने शानदार वापसी की। उन्होंने छठे, १०वें और १३वें होल पर बर्डी लगाकर दबावके बीच अपनी स्थिति मजबूतकी। फाइनल राउंड में उन्होंने ईवन-पार ७० का स्कोर बनाया और चार दिनोंके खेलके बाद १५-अंडर २६५ के कुल स्कोर के साथ पीला तमगा अपने नाम किया। प्रणवी उर्सने शीर्ष स्थान पर रहते हुए चीन की यिन रुओनिंग को एक स्ट्रोकसे पीछे छोड़ा। यिन ने फाइनल राउंड में ६७ का स्कोर बनाया और कुल २६६ के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। सिंगापुर की शैनन टैन ने भी २६६ का कुल स्कोर बनाया जिसके बाद प्लेआफमें उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रणवीने अदिति अशोक और दीक्षा डागरके साथ मिलकर भारत को टीम स्पर्धा का रजत भी दिलाया। चीन ने २२-अंडर ५३८ के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत १४-अंडर ५४६ के साथ दूसरे स्थान पर रहा। टीम पदक के लिए तीनों खिलाड़ियोंमें से हर राउंड के दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर को गिना गया। ओलम्पियन अदिति अशोकने फाइनल राउंडमें ६७ का स्कोर बनाया। उन्होंने लगातार पांच बर्डी लगाकर शानदार प्रदर्शन किया हालांकि इस दौरान एक डबल बोगी और एक बोगी भी हुई। अदितिने व्यक्तिगत लीडरबोर्डपर २८२ के कुल स्कोरके साथ संयुक्त १४वां स्थान हासिल किया। दीक्षा डागरने फाइनल राउंडमें ७७ का स्कोर बनाया। चार दिनोंके खेलके बाद उनका कुल स्कोर १२-ओवर रहा और वह व्यक्तिगत लीडरबोर्डपर संयुक्त २३वें स्थान पर रहीं। प्रणवी, अदिति और दीक्षा की कोशिशोंसे भारत ने महिला टीम गोल्फमें अपना अब तकका सर्वश्रेष्ठ एशियाई खेल प्रदर्शन किया। प्रणवीके स्वर्णसे पहले एशियाई खेलमें महिला गोल्फमें भारत का एकमात्र पदक अदिति अशोक के नाम था।

राहुलके शतकसे भारत मजबूत

तीसरा एकदिनी

मुल्लांपुर (एजेन्सियां)। लोकेश राहुलने नाबाद १२९ रन की आक्रामक शतकीय पारी और रोहित शर्मा (९२) तथा ऋतुराज गायकवाड़ (५७) की अर्द्धशतकीय पारियोंके बूते भारतने शुरुआती झटकोंसे उबरते हुए शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचमें वेस्टइण्डीज के खिलाफ सात विकेटपर ३५१ रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कप्तान शुभमन गिलने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करनेका फैसला किया। श्रृंखला में शानदार फार्म में चल रहे गिल (एक) अपने घरेलू मैदान पर प्रभावित नहीं कर सके। वह जेडन सील्स की शार्ट गेंद को स्क्वायर लेगकी ओर खेलने की कोशिशमें विकेट के पीछे शाई होप को कैच दे बैठे। सील्सने अगली ही गेंदपर विराट कोहली को खाता खोलने से पहले ही बोल्ड कर दिया जिससे भारत ने तीन ओवरके भीतर चार रन पर दो विकेट गंवा दिए। सील्स और मैथ्यू फोर्डने कसी हुई गेंदबाजी जारी रखते हुए भारत पर दबाव बनाए रखा और पावरप्ले के दौरान रन बनाने पर अंकुश लगाया। पहले १० ओवरमें भारत केवल २८ रन ही बना सका। इस दौरान वेस्टइण्डीजने रोहित शर्माको आउट करने की कोशिश में अपने दोनों रिव्यू भी गंवा दिए। रोहित और ऋतुराज गायकवाड़ने धीरे-धीरे मैच पर भारतका नियंत्रण वापस कायम किया। दोनोंने १५वें ओवरके बाद रन गति बढ़ाई और भारतको १०० रनके पार पहुंचाया। इसके बाद रोहितने १८वें ओवरमें अपना ६३वां एकदिनी अर्द्धशतक पूरा किया। अनुभवी सलामी बल्लेबाजने फिर अल्जारी जोसेफको निशाना बनाया। उन्होंने शॅर्ट गेंद को पुल करके चौका लगाया और अगली ही गेंद पर कवर के ऊपर से शानदार शाट खेलकर और चार रन बटोरे। रोहित कीमो पालकी गेंदको पुल करने की कोशिशमें ज्वेल एंड्रयू को कौच दे बैठे जिससे वह शतक पूरा करने से आठ रन से चूक गये। उन्होंने ८५ गेंदमें १० चौके, तीन छक्केकी मददसे ९२ रन बनाये। तीसरे विकेटके लिए १३७ रनकी साझेदारी टूटनेके पांच गेंद बाद गायकवाड़ भी पवेलियन लौट गये। उन्होंने अपना दूसरा एकदिनी अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन सील्सने उन्हें अपना तीसरा शिकार बनया। इसके बाद केएल राहुल और नमन धीर ने भारतीय पारी की रनगतिको और तेज किया। दोनों ने ४३ गेंदों में ६५ रनकी साझेदारी की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटमें पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे धीर ने २१ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कोंकी मदद से ३० रन बनाये। वह गुडाकेश मोतीकी गेंद पर ड्राइव खेलनेकी कोशिशमें आउट हुए। राहुलने भी अब आक्रामक तेवर दिखाते हुए फाइन लेगके ऊपर से जोरदार छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया और इसके बाद सील्सकी गेंद को साइट स्क्रीनकी दिशा में भेजते हुए एक और छक्का जड़ दिया। राहुल ने अंतिम ओवर में २१ रन बटोरे। इससे भारत का स्कोर ५० ओवरमें सात विकेटपर ३५१ रन हो गया। राहुल ने ८७ गेंदमें १० चौके, छह छक्के की मदद से १२९ रन की अजेय पारी खेली।

स्मरण के शतक से शेष भारत को बढ़त

श्रीनगर (एजेन्सियां)। शेष भारत ने रविचंद्रन स्मरण की सयंम भरी १२६ रन की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत शनिवार को यहां ईरानी कप मैच के तीसरे दिन स्टंप तक आठ विकेट पर ३०६ रन बनाकर जम्मू-कश्मीर के खिलाफ २६५ रन की बढ़त हासिल कर ली। स्मरण ने १३१ गेंद की पारी में १५ चौके और पांच छक्के लगाये जबकि सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान ने ५५ रन बनाये। इससे शेष भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया। मेजबान टीम की ओर से साहिल लोटरा (३-७१) और उमर नजीर मीर (३-८७) ने प्रभावी गेंदबाजी की लेकिन ऋषभ पंत (आठ) और सरफराज खान (शून्य) की नाकामी के बावजूद शेष भारत के बल्लेबाजों ने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे पंत का लगातार दूसरी बार प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्हें लोटरा ने पगबाधा आउट कर दिया। इससे पहले पांचवें नंबर पर उतरे सरफराज खराब फुटवर्क के कारण आउट हो गए। शेष भारत की टीम कल जम्मू-कश्मीर से १७ रन से पीछे थी और उसने एक विकेट ही गंवाया था। शेष भारत के सांगवान और सुदीप कुमार घरामी (३३) ने अच्छी शुरुआत करते हुए ५० रनकी साझेदारीकी। सांगवानको दूसरे छोर पर सारांश जैनका साथ मिला और दोनों ने तीसरे विकेटके लिए ७० रन जोड़कर शेष भारतको आगे कर दिया। सांगवानने आउट होनेसे पहले १६० गेंदोंमें तीन चौकों और एक छक्केकी मदद से ५५ रन बनाए। इसके बाद नजीरने सारांश (२५) को और चार गेंदों के अंतरालमें सरफराजको आउट कर दिया लेकिन स्मरणको मानव सुथार (१६) के रूप में भरोसेमंद साथी मिला जिनके साथ उन्होंने छठे विकेटके लिए ५२ रन जोड़े, फिर मुकेश चौधरी (नाबाद नौ) के साथ नौवें विकेट की साझेदारी में नाबाद १०९ रन जोड़ दिए।

अमन का गोल्डेन ‘पंच’

कुश्ती : अंतिम को रजत, दीपक लाये कांस्य

नागोया (एजेन्सियां)। अमन सहरावतने एशियाई खेलोंमें अपने कांस्य पदकको स्वर्णमें बदल दिया जबकि महाद्वीपीय खिताब जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय महिला पहलवान बनने की अंतिम पंघालकी कोशिशको जापान की मेई मियोक ने विफल कर दिया। मियोका ने शनिवार को यहां अंतिम को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी जिससे भारतीय पहलवानको रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतने कुश्ती प्रतियोगितामें छह पदकों (दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य) के साथ अपना अभियान समाप्त किया। यह २०२३ के हांगझोउ एशियाई खेलों में शीर्ष स्थान से चूकने के बाद भारत के इस प्रतियोगिता में सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक रहा। अमन ने पुरुषोंके ५७ किलोग्राम वर्ग में उत्तर कोरिया के चोंग सोंग हानको १०-७ से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह कुश्ती में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक था। इससे पहले शुक्रवारको सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीला तमगा अपने नाम किया था। भारत ने एशियाई खेलोंमें कुश्तीके दो स्वर्ण पदक २०१८ के जकार्ता खेलों के बाद पहली बार जीते हैं। जकार्ता में बजरंग पूनिया और विनेश फोगाटने स्वर्ण पदक हासिल किए थे। हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले अमन के सामने हान ने रक्षात्मक रवैया अपनाया। अमन ने अपना पहला स्कोरिंग मूव लगाते ही अंक हासिल करना शुरू किया और फिर एक और टेकडाउन करके स्कोर ४-१ कर दिया। उन्होंने बाएं पैर से हमला करते हुए हान को मैट पर पटक दिया और ६-१ की बढ़त बना ली। इसके बाद हान ने अपने बाएं घुटने का उपचार कराया। खेल दोबारा शुरू होने के बाद उन्होंने लगातार तीन स्कोरिंग मूव बनाकर ७-६ की मामूली बढ़त हासिल कर ली। अमन ने अहम मौके पर अपना संयम बनाए रखा और दो और टेकडाउन करके १०-७ से जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल इस बार अमन सहरावत की तरह स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सकीं। उन्हें महिलाओं के ५३ किलोग्राम वर्ग में २०२४ की विश्व चैम्पियन जापान की मियोका के हाथों १-९ से करारी हार का सामना करना पड़ा। मियोका ने पूरे मुकाबले में अंतिम को कोई दमदार दांव लगाने का मौका नहीं दिया। वहीं दीपक पूनिया ने पुरुषों के ९७ किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने मंगोलिया के गनखुयाग गनबातार को २-१ से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले २७ वर्षीय दीपक ने इससे पहले चीन के जुनपेंग झोउ को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर १२-२ से हराया था। इसके बाद हांगकांग के विंसेंट फंग वुई ली के खिलाफ वाकओवर मिलने के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उन्हें उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव के हाथों कड़े मुकाबले में ८-९ से हार का सामना करना पड़ा। सागर जगलान ने मंगोलिया के तुलगा तुमुर ओचिर पर ८-१ से जीत हासिल करके पुरुषों के ७४ किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन उन्हें ईरान के योनेस इमामिचोगेई से हार का सामना करना पड़ा। बाद में जगलान ने रेपेचेज राउंड में उज्बेकिस्तान के रजामबेक जामालोव को ७-३ से हराया लेकिन कांस्य पदक के मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकोझा कैपानोव से हार गये। मनीषा भानवाला महिला ६५ किलोग्राम वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर हो गयी।

शिकायतों की झड़ी, चन्द का समाधान

डीएम ने १११में ११ मामले निबटाये

मऊ। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने तहसील सदर में जन सुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन सुनवाई के दौरान कुल 111 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं, 9 शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गईं। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 62 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा 18 शिकायतें पुलिस विभाग, 11 शिकायतें विकास विभाग तथा शेष शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का प्रभावी निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा प्रत्येक शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से शिकायत लंबित न रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, उप जिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसमस्याएं सुनने बैठे सीडीओ को मिला तबादले का पैगाम

मधुबन(मऊ)। मुख्य विकास अधिकारी विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व,पुलिस,विकास,विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायतें शामिल रहीं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी दीपक कुमार, सीओ दिनेश दत्त मिश्रा, तहसीलदार अशोक कुशवाहां, बीडीओ अनिल मौर्या, डा. राजीव कुमार पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। तहसील दिवस में ही पता चला कि उनका तबादला भी हो गया है।

बाढ़ का खतरा टला

मधुबन(मऊ)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के देवरांचल में बाढ़ से घिरे लोगों ने शनिवार को राहत की सांस लिया । सरयू नदी का पानी घटना शुरू हो गया है। खतरा बिन्दु को पार कर चुकी नदी शुक्रवार की रात से घटना शुरू हो गई है । हाहानाला रेगुलेटर पर तैनात जेई इमरान अहमद के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे नदी का जलस्तर 66.60 मीटर रिकार्ड किया गया। शुक्रवार सुबह 8 बजे यह 66.86 था। यानी नदी का पानी बीते 24 घंटे में 26 सेंटीमीटर घटा है। यहाँ खतरा बिन्दु 66.31 मीटर है। हालांकि नदी अभी भी खतरा बिन्दु से 29 सी 0मी 0 ऊपर से बह रही है मगर पानी घटने की रफ्तार यही रही तो अगले कुछ दिनों में यहाँ बाढ़ की स्थिति में सुधार देखा जा सकता है। एसडीएम मधुबन दीपक सिंह लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरिक्षण कर अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। एसडीएम दीपक कुमार ने बताया कि फिलहाल हालात पूरी तरह नियंत्रण में है। बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को बिना अनुमति तहसील मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश है। लेखपाल, कानूनगो एवं अन्य राजस्व कर्मी लगातार स्थिति की मानिटरिंग कर रहे हैं। जरूर पड़ने पर अतिरिक्त नाव लगाई जाएगी। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से पैनिक न होने और प्रशासन के सहयोग की अपील किया है।

सीने पर सटा दी बन्दूक,मधुबन पुलिस ने नहीं लिखी एफआईआर

न्यायालय के आदेश पर सात नामजद और तीस-चालीस अज्ञात पर मुकदमा

मधुबन(मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के रमऊपुर के हरि चौहान पुत्र श्रीपत चौहान का आरोप है कि मेरे सहन आबादी की जमीन को हड़पने की नीयत से गांव के रामकृपाल पुत्र वासुदेव ने दीवानी न्यायलय में वाद दाखिल किया था । इस मुकदमे में हमने हाजिर होकर जवाब दाखिल कर दिया । 17 जुलाई की सुबह सात बजे से रामकृपाल, रामा चौहान पुत्रगण वासुदेव, रामप्रवेश पुत्र मदन, विशाल पुत्र रामकृपाल, ब्रजेश, अमर पुत्रगण रामप्रताप अपने तीस चालीस अन्य साथियों के साथ विवादित जमीन पर आकर जबर्दस्ती मेरी नांद, खुटा, हैण्ड पम्प, मड़ई आदि तोड़ कर लाखों रूपया का नुकसान कर दिया जब मैंने मौके पर पहुंच कर इस का विरोध किया तो रामकृपाल आदि ने अपनी लाइसेंसी बंदूक की नाल मेरे सीने पर रख कर जान से मारने की धमकी देने लगे, तथा उपरोक्त सभी लोग लात घूसा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । इस मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उपरोक्त सात नामजद और तीस चालीस अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसी क्रम में विशेनपुर दुबारी के रामजन्म ने भी जमीन पर कब्जा करने और मारने-पीटने के मामले में न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराया है।

सड़क हादसे में राजबली इण्टर कालेज के निदेशक की मौत

एयरबैग खुलने के बाद भी नहीं बची जान

रतनपुरा (मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के गड़वा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-128 बी पर शनिवार की तड़के करीब छह बजे कार और सीमेंट लदे ट्रेलर की आमने-सामने की भीषण टक्कर में गड़वा गांव निवासी एवं राजबली इंटर कालेज के निदेशक एवं कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र यादव के भाई जितेंद्र यादव उम्र 56वर्ष की मौत हो गई। कार की अगली सीट के दोनों एयरबैग दुर्घटना के दौरान खुल गए थे, इसके बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी।

एक लाख का चेक लेकर पहुंचे एसडीएम

मधुबन(मऊ)। ककराडीह में हाईटेंशन तार की चपेट में आकर सुग्रीव साहनी की मौत के बाद एसडीएम दीपक सिंह और नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन प्रति. निधि शंकर मद्धेशिया एक लाख का चेक लेकर मृतक की पत्नी सुगनी देवी के पास पहुँचे और संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिया और कहा कि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर आगे की काररवाई की जायेगी।

इन्तेखाब आलम ने इन्दिरा गांधी की प्रतिमा लगाने के लिए फिर सौंपा

घोसी तहसील में छह मामले निबटे

घोसी(मऊ)। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी और उपजिलाधिकारी घोसी अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुआ। समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुल 62 मामले सामने आए जिनमें छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी घोसी सतेंद्र भूषण तिवारी, तहसीलदार अनीश सिंह, नायब तहसीलदार अमरनाथ यादव, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, एसडीओ इंद्रबहादुर मौर्या, कानूनगो मतीन खान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष इन्तेखाब आलम ने कल्याणपुर में इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पुनः स्थापित करने की मांग की है और कहा कि नेशनल हाइवे निर्माण के दौरान उनकी प्रतिमा तोड़ दी गयी थी। एसडीएम ने 15 दिन में लगवाने की बात कही। आश्वासन पूरा न होने पर कांग्रेसियों ने नाराजगी प्रकट करते हुए आज पुनः ज्ञापन सौंपा।

छात्र-छात्राओं को समझाया नैतिक शिक्षा का महत्व

मऊ। चन्द्रा इण्टर नेशनल स्कूल में बच्चों को माउंट आबू ब्रह्माकुमारी के आए मुख्य वक्ता बी.के. भगवान भाई ने नैतिक शिक्षा का ज्ञान तथा महत्व को बताया तथा बच्चों को राजयोग भी कराया। विद्यालय के प्रबन्धक एडवोकेट विजय बहादुर पालने बी.के. भगवान भाई को पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इंजीनियर बी.के. जितेंद्र भाई, बी.के.सौम्या बहन भीउपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में चन्द्रा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य के.सी.पीटर ने ब्रह्माकुमारी संस्था का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नहर पुलिया की क्षतिग्रस्त रेलिंग से हादसे का खतरा

रतनपुरा (मऊ)। रतनपुरा कस्बे के डीह तिलक ठाकुर स्थित शारदा सहायक नहर की पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई वाहनों की टक्कर के कारण पुलिया की रेलिंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि उसका एक हिस्सा टूटकर नहर में गिर पड़ा है।

माताओं ने रखा खर-जिउतिया, पारण आज

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर व आस-पास के क्षेत्रों में शनिवार को जीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया) का पावन पर्व संतानों की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और आरोग्य की कामना के लिए भक्तिभाव एवं निष्ठा के साथ मनाया गया। माताओं ने 24 घंटे से अधिक का कठिन निर्जला उपवास रखकर भगवान जीमूतवाहन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। रविवार को खर जिउतिया का पारण किया जायेगा।

सहायता देने पहुंचे पूर्व सांसद

मऊ। घोसी के पूर्व सांसद अतुल राय ने इस्लामाबाद दक्षिण टोला में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मरे लोगों के घर पहुँचकर आर्थिक सहायता प्रदान की।

पिकअप के धक्के से ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

मधुबन (मऊ)। खिरीकोठा गांव के पास पिकअप के धक्के से ई रिक्शा चालक भटौली का महेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

पांच पुलिसकर्मियों के गैर जनपद स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। उपनिरीक्षक राजीव सिंह एवं राम प्यारे यादव, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार एवं जितेंद्र कुमार पांडेय तथा कांस्टेबल दयानाथ मौर्य के तबादले पर कोतवाली में विदाई दी गयी।

सहजानन्द का स्वागत

दोहरीघाट/घोसी(मऊ) शनिवार भाजपा के नव मनोनीत प्रदेश मंत्री मऊ जिले के प्रभारी सहजानंद राय का गोरखपुर से मऊ जाते समय जिले की सीमा दोहरीघाट एवं घोसी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उल्लास पूर्ण माहौल में फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश चंद्र पांडे भाजपा नेता भाजपा जिला अध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ,संतोष राय, संदीप राय, मिंटू ,प्रेम शंकर राय, आजाद कुमार ,विकास वर्मा ,विनय कुमार ,शिवदेनी उर्फ साधु, सुभाष मौर्य ,पप्पू गुप्ता ,पवन राय, नरेंद्र मल्ल, गणेश मल्ल ,बद्री नाथ मौर्य ,सुरेश उपाध्याय ,अभिषेक राय ,आलोक राय ,आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान जारी

मऊ। नगर पालिका के ईओ डा. मणिभूषण तिवारी के नेतृत्व में शहर के मुंशीपुरा, सहादतपुरा आदि मुहल्लों के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क की पटरी, कूड़ा स्थल, झाड़ी, घांस की कटाई-छंटाई एवं सफाई की गयी तथा स्थानीय लोगों को अपने आस-पास पड़ी गन्दगी को साफ करने एवं कराने हेतु प्रोत्साहित भी किया गया।

कोटेदार संघ के अध्यक्ष बने इकबाल

मधुबन(मऊ)। इकबाल अहमद को कोटेदार संघ का फतहपुर मंडाव ब्लाक का अध्यक्ष बनाया गया है।

निधन पर शोक

मऊ। पत्रकार रजनीकान्त पाण्डेय के पितृ शोक पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिद्वार राय ने दु:ख प्रकट किया है।

संक्षिप्त समाचार

नदी में डूबे बालक का शव बरामद

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वलीदपुर के मोहल्ला पश्चिम के पास शुक्रवार को तमसा नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबे 12 वर्षीय मोहम्मद रेहान का शव 26 घंटे बाद शनिवार दोपहर धरहरा घाट के पास बरामद हुआ। एनडीआरएफ टीम ने करीब दो किलोमीटर दूर नदी में कड़ी मशक्कत और लगातार खोजबीन के बाद शव बरामद किया।

पिकअप में पीछे से घुसे बाइक सवार की मौत

घोसी(मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के लुदुही के पास शनिवार को सड़क हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तिलई खुर्द गांव निवासी अनीस राजभर पुत्र बंगाली के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार अनीस बाइक से जा रहा था। लुदुही के पास उसकी बाइक आगे चल रही पिकअप में पीछे से जा घुसी। अनीस हाल ही में सऊदी अरब से कमाकर अपने घर लौटा था। घर लौटने के कुछ ही समय बाद हादसे में उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव में भी शोक का माहौल है।

जलाशयों के किनारे कथा सुनने जुटीं महिलाएं

नदवासराय (मऊ) महा पर्व जिवित पुत्रिका व्रत के पावन अवसर पर नदवासराय एवं आस-पास क्षेत्रों में सभी माताओं ने निर्रजल व्रत रख कर अपने पुत्र की लम्बी आयु व जीवन में आने वाली सारी बाधाओं से दूर रखने की कामना की और दुआएं मांगी। इस अवसर पर ग्राम सभा नदवासराय, भिखारीपुर ,रेवरीडीह ,सिरसिया, भीरा ,सियाबस्ती, इटौरा चौबेपुर, देवकली, रामपुर,आरीपुर बरबोझी, सरायगंगा पली, आदि गांवों के जलासयों पर सभी माताओं ने समूह बनाकर अलग- अलग जगह पूजा अर्चना किया। नदवासराय क्षेत्र में जलासय किनारे भारी संख्या मे महिला पुरुष ने उपवास रख कर पूजा अर्चना कर दुआ मांगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बांटी छात्रवृत्ति

मऊ। तालीमुद्दीन स्कूल जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने छात्रवृत्ति वितरण में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी,डीआईओएस गौतम प्रसाद,अल्पसंख्यक विभाग प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मुहम्मदाबाद गोहना में चार मामले निबटे

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रवेंद्र कुमार ने की और 63 प्रार्थना पत्र में से चार मामले का निस्तारण किया। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, उप जिला अधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ,तहसीलदार सुधांशु शेखर ,पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ,खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर फैयाज अहमद, वन दरोगा विनोद आर्य एवं समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी अजय बहादुर सिंह, सतपाल सिंह ,संजीव पांडे, शैलेश श्रीवास्तव आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मधुबन के लेखपालों ने की नारेबाजी

मधुबन(मऊ)। स्थानीय तहसील परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी आठ सूत्रीय मागों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित पत्र उपजिलाधिकारी दीपक सिंह को सौंपा। शनिवार को लेखपाल संघ अध्यक्ष शरद कुमार यादव कि अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। इस अवसर में मुख्य रुप से लेखपाल संघ मंत्री बृजेन्द्र गोंड, आलोक सिंह , प्रशान्त राय, नितेश मौर्य, आशुतोष राय, दिनेश शाह, नितीश राय, मनीष श्रीवास्तव, अनिल कुमार, धन्नजय प्रसाद, अविनाश चन्द सहित दर्जनों लेखपाल उपस्थित रहे। **मुहम्मदाबाद गोहना संवाददाता के अनुसार**- लेखपाल संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार आदि लेखपालों ने मांग किया उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री को ज्ञापन सौंपा **।घोसी संवाददाता के अनुसार**- लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अरविंद पांडेय एवं महामंत्री सौरभ राय के नेतृत्व कार्यों का बहिष्कार किया गया। 10 अक्टूबर को थाना दिवस पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा। 12 अक्टूबर को तहसील व जिला मुख्यालय पर रक्तदान शिविर तथा 14 अक्टूबर को मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। इसके बाद 17 से 23 अक्टूबर तक तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मांगों का समाधान नहीं होने पर 24 अक्टूबर से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की गई है।

बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- ०५ से ११ अक्तूबर , २०२६

मेष -

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको कोई भी कार्य बहुत सूझबूझ के साथ समय पर करने की आवश्यकता रहेगी। इस सप्ताह आपको आलस्य और अभिमान दोनों से बचना होगा। सप्ताह की शुरुआत में सेहत को लेकर सावधान रहें। मौसमी बीमारी और कार्यक्षेत्र में हुए अचानक से बड़े बदलाव आपकी चिंता और परेशानी का कारण बन सकते हैं। इस दौरान कार्यक्षेत्र में विरोधी सक्रिय रहेंगे और आपके कार्यों में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। कुल मिलाकर सप्ताह के पूर्वार्ध में कार्यों में व्यवधान आ सकता है। नौकरी में ट्रांसफर आदि के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों से समय बेहतर बनाने का प्रयास करें। इस दौरान परिश्रम और प्रयासों का प्रतिफल नहीं मिलने से आपका मन थोड़ा खिन्न रह सकता है।मेष राशि के जातकों को इस सप्ताह वाहन चलाते समय सावधानी अपेक्षित है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को कागजी और सरकारी काम समय से निपटाना चाहिए अन्यथा बेवजह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। रिश्ते-नाते की दृष्टि से भी यह समय थोड़ा प्रतिकूल कहा जाएगा। पारिवारिक शांति भंग होने के योग बन रहे हैं। ऐसे में स्वजनों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें और धन संबंधी मामलों में सावधानी बरतें।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में ? हं हनुमते नमः:-मंत्र का एक माला जप अवश्य करें।

तुला -

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिले-जुले फल देने वाला रहेगा। इस सप्ताह आपको किसी भी महत्वपूर्ण फैसले को क्रोध में आकर या फिर भावना में बहकर लेने से बचना चाहिए। इस सप्ताह शुभचिंतकों की सलाह-मशविरा से काम करना उचित रहेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो सप्ताह के पूर्वार्ध में जोखिमपूर्ण धन निवेश से बचें। यह समय आपके लिए थोड़ा प्रतिकूल कहा जाएगा। हालांकि यह स्थिति लंबे समय तक नहीं रहेगी और सप्ताह के उत्तरार्ध में चीजें एक बार फिर आपके अनुकूल होती नजर आ सकती हैं। यह समय नौकरीपेशा लोगों और व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए राहत देने वाला कहा जाएगा। कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज को सराहा जाएगा। जिसके कारण आपके उत्साह में वृद्धि होगी और आप बड़ी से बड़ी नई जिम्मेदारी को लेकर उसे निभाने का प्रयास करेंगे। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी समय शुभ कहा जाएगा। इस सप्ताह आपके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। सत्ता-सरकार से जुड़े लोगों की मदद से लाभ की योजना से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। सप्ताह के अंत में आप कोई नई व्यावसायिक योजना भी बना सकते हैं। प्रेम संबंध और वैवाहिक जीवन में अनुकूलता बनी रहेगी।

उपाय- प्रतिदिन देवी दुर्गा की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

वृष -

वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह यदि आप अपने कार्य को योजनाबद्ध तरीके से करते हैं तो आपको अपेक्षा से अधिक सफलता और लाभ की प्राप्ति हो सकती है तो वहीं लापरवाही करने पर नुकसान की भी आशंका बनी रहेगी। सप्ताह की शुरुआत शुभता लिए कही जाएगी। इस दौरान आपकी रोजी-रोजगार से जुड़ी समस्याओं में कमी आ सकती है। वृषभ राशि के जातकों के इस सप्ताह बात से काम बनेंगे और बात से बिगड़ेंगे भी। ऐसे में आप अपनी वाणी और व्यवहार में संयम रखें अन्यथा अनावश्यक विवाद हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। सप्ताह के मध्य में अचानक से कुछ एक बड़े खर्च आ सकते हैं, जिसके कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है। इस दौरान संतान से जुड़ी कोई समस्या भी आपकी चिंता का कारण बन सकती है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस दौरान सचेत रहने की जरूरत रहेगी। धन का लेनदेन और कारोबारी डील बेहद सावधानी के साथ करें। प्रेम संबंध की दृष्टि से यह सप्ताह सामान्य रहने वाला है। लव पार्टनर के साथ सुखद समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। दांपत्य जीवन में भी जीवनसाथी से सुख-सहयोग प्राप्त होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का पूरा फल मिलेगा।

उपाय- प्रतिदिन पारद शिवलिंग की पूजा करें।

वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में भूमि-भवन या फिर पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद आपकी चिंता का कारण बन सकते हैं। इस दौरान पिता के साथ किसी बात को लेकर अनबन होने की आशंका रहेगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको इस सप्ताह कारोबारी डील या निवेश करते समय बहुत सचेत रहने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में आपको कागजी काम बेहद सावधानी के साथ समय पर करने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान चीजों को बाद के लिए टालना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। यदि आप पार्टनरशिप में कारोबार करते हैं तो हिसाब-किताब सही रखें। सप्ताह के मध्य में सत्ता-सरकार से जुड़े मामले आपको परेशान कर सकते हैं। इस दौरान किसी के साथ वाद-विवाद करने से बचें अन्यथा आप बेवजह की परेशानियों में घिर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह का उत्तरार्ध प्रतिकूल कहा जाएगा। इस दौरान स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को इस दौरान उच्चाधिकारियों से अच्छे सम्बन्ध बनाने का प्रयास करना चाहिए और नियमों की अवहेलना करने से बचना चाहिए। रिश्ते-नाते को बेहतर बनाने के लिए स्वजनों और आत्मीयजनों के साथ संवाद बनाए रखें। प्रेम संबंध में दिखावा न करें।

उपाय- प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा एवं श्री सूक्त का पाठ करें।

मिथुन -

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सेहत और संबंध दोनों की ही दृष्टि से थोड़ा प्रतिकूल रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में किसी आत्मीय व्यक्ति के साथ वाद-विवाद हो जाने के कारण मन खिन्न रहेगा। इस दौरान सेहत को लेकर आपको अधिक सावधान रहने की जरूरत रहेगी। मौसमी अथवा किसी पुरानी बीमारी के दोबारा उभरने का खतरा बना रहेगा। मिथुन राशि के जातकों को पूरे सप्ताह सावधानी के साथ काम करने की आवश्यकता रहेगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो जोखिमपूर्ण निवेश और कार्यों से बचें। बाजार में अपनी साख को बेहतर बनाए रखने के लिए इस सप्ताह आपको अधिक परिश्रम और प्रयास करने पड़ेंगे। नौकरीपेशा वर्ग के लिए समय मध्यम फलप्रद बना हुआ है, ऐसे में इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर दोनों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर चलें। सप्ताह के उत्तरार्ध में कार्यालय में आपको तनाव झेलना पड़ सकता है। अचानक से कामकाज में बदलाव हो सकते हैं। रिश्ते-नाते को बेहतर बनाए रखने के लिए अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं और अपने रिश्ते के प्रति ईमानदार रहें।

उपाय- प्रतिदिन गणपति की पूजा एवं गणेश चालीसा का पाठ करें।

धनु -

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह चीजें सामान्य गति से चलती हुई नजर आएंगी, लेकिन फिर भी आपको अपने काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने से बचना होगा अन्यथा बनी हुई प्रतिष्ठा पर आंच आ सकती है। नौकरीपेशा लोग इस सप्ताह कोई भी ऐसी गलती या व्यवहार न करें, जिसे विरोधी एक बड़ा मुद्दा बनाकर सीनियर के सामने पेश कर दें। सप्ताह के मध्य में करियर-कारोबार के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा संभव है। यात्रा सुखद एवं नये संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह का पूर्वार्ध अनुकूल तो वहीं उत्तरार्ध प्रतिकूल कहा जाएगा। इस दौरान आय के मुकाबले व्यय की अधिकता रहेगी। खर्चों में आकस्मिक वृद्धि सम्भव है। धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने रिश्ते-नाते को बेहतर बनाने के लिए अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना चाहिए। सप्ताह के पूर्वार्ध में प्रेम संबंध में कुछ एक दिक्कतें आ सकती हैं। लव पार्टनर के साथ गलतफहमियों को संवाद के जरिए दूर करने का प्रयास करें। विवाहित लोगों को अपने दांपत्य जीवन को सुखमय बनाए रखने के लिए जीवनसाथी की भावनाओं का आदर करना चाहिए।

उपाय- प्रतिदिन भगवान विष्णु की पूजा केसर का तिलक लगाकर करें तथा श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

कर्क -

कर्क राशि के जातकों के लिए सप्ताह की शुरुआत बेहद शुभ रहने वाली है। इस दौरान आपके सोचे हुए कार्य समय पर मनचाहे तरीके से पूरे होते हुए नजर आएंगे। आपको घर और बाहर दोनों जगह लोगों का साथ और समर्थन मिलेगा। सप्ताह की शुरुआत में संतान पक्ष की तरफ से कोई सुखद समाचार मिल सकता है, जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। यह समय नौकरीपेशा वर्ग के लिए उत्तम बना हुआ है। इस दौरान कार्यक्षेत्र में आपको सीनियर और जूनियर दोनों से मनचाहा सहयोग मिलेगा। नौकरी में उपलब्धि और पदोन्नति के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकलेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को बिजनेस से जुड़ी कोई डील या फिर किसी योजना आदि में निवेश करने के लिए सप्ताह के पूर्वार्ध का समय चुनना चाहिए। सप्ताह के उत्तरार्ध में कारोबार के सिलसिले में लंबी या छोटी दूरी की यात्रा संभव है। कर्क राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने रिश्ते-नाते को बेहतर बनाए रखने के लिए अपनी वाणी तथा व्यवहार पर नियंत्रण रखना चाहिए। सप्ताह के उत्तरार्ध में जीवनसाथी से विवाद होने की आशंका है। इस दौरान छोटी-मोटी बातों को तूल देने से बचें तथा कोई भी निर्णय जल्दबाजी में न लें।

उपाय- प्रतिदिन शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और शिव चालीसा का पाठ करें।

मकर -

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे। सप्ताह की शुरुआत में आप किसी बड़ी योजना में धन निवेश कर सकते हैं, जिससे आपको भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है। हालांकि इस सप्ताह पूर्व में किए गए निवेश से लाभ प्राप्ति भी संभव है। नौकरीपेशा वर्ग के लिए समय अनुकूल बना हुआ है। इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपको अनुकूलता बनी रहेगी। समय पर टारगेट के पूरा हो जाने पर आपको संतोष का अनुभव होगा। इस सप्ताह आपके भीतर योजना बनाकर कार्य करने की प्रवृत्ति रहेगी। उसका सकारात्मक प्रभाव भी आपको देखने को मिलेगा। सप्ताह के मध्य में अचानक कहीं से धन की प्राप्ति संभव है। इस दौरान भूमि-भवन या वाहन आदि के क्रय करने का योग बनेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी यह समय शुभता लिए रहने वाला है। कारोबार के विस्तार की योजना फलीभूत होती हुई नजर आएगी। कारोबार में मनचाहा लाभ और आय में वृद्धि होगी। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह सुखद कहा जाएगा। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। परिजन आपके प्रेम संबंध को विवाह में तब्दील करने की सहमति प्रदान कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

सिंह -

सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह किसी भी कार्य में जल्दबाजी करने से बचना होगा। सप्ताह की शुरुआत लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा से हो सकती है। यात्रा सुखद एवं नये संपर्कों को बढ़ाने वाली होगी। इस सप्ताह आपको तमाम चीजें मनचाहे तरीके से पूरी होती नजर आएंगी क्योंकि इस सप्ताह समय आपके पक्ष में रहने वाला है। सप्ताह के पूर्वार्ध में रोजी-रोजगार से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी। बेरोजगार लोगों को मनचाहा रोजगार मिल सकता है। करियर के क्षेत्र में आपको कोई बड़ी सफलता मिल सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जाएगा कि आपको पूरे सप्ताह भाग्य का अपेक्षित सहयोग मिलेगा, लेकिन जोश में आकर होश खोने से भी बचना होगा अन्यथा आपके लाभ का प्रतिशत कम हो सकता है। सप्ताह के मध्य में आपका उत्साह एवं पराक्रम बढ़ा-चढ़ा रहेगा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इस सप्ताह व्यवसाय को आगे बढ़ाने की योजना पर आप काम करेंगे। इस संबंध में की जाने वाली यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी। इस दौरान आपको मांगलिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। लंबे समय बाद कुछ प्रिय लोगों के साथ मेल-मिलाप के योग बन रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह लाभप्रद रहने वाला है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन भगवान सूर्य को जल देकर सूर्याष्टकं का पाठ करें।

कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलप्रद कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत जहां शुभता लिए रहेगी वहीं सप्ताह के उत्तरार्ध में घरेलू मामले आपकी चिंता का कारण बन सकते हैं। बहरहाल सप्ताह के प्रारंभ में आपको भाग्य का अपेक्षित सहयोग मिलता हुआ दिखाई देगा। यह समय करियर-कारोबार की दृष्टि से अनुकूल रहने वाला है। यदि आप लंबे समय से किसी पद या जिम्मेदारी की मांग कर रहे थे या फिर आपकी किसी स्थान विशेष पर तबादले की कामना थी तो वह पूरी होती नजर आएगी। सप्ताह की शुरुआत में सीनियर आप पर पूरी तरह से मेहरबान होते नजर आएंगे, जिसका आपको लाभ भी मिलेगा। इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से संबंधों में सुधार होगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी सप्ताह का पूर्वार्ध शुभता और लाभ लिए रहने वाला है। इस दौरान आप बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में कामयाब रहेंगे। बिक्री और लाभ के स्तर से संतोष मिलेगा। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह उतार-चढ़ाव लिए कहा जाएगा। इस सप्ताह आपको लोगों के साथ बात-व्यवहार करते समय बहुत सावधानी रखनी होगी क्योंकि लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। प्रेम संबंध को बेहतर बनाए रखने के लिए लव पार्टनर की निजी जिंदगी में जरूरत से ज्यादा दखल न दें।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा में रुद्राष्टकं का पाठ करें।

कन्या -

कन्या राशि के जातकों के सितारे इस सप्ताह चमकते हुए नजर आएंगे। यह सप्ताह करियर-कारोबार, प्रेम संबंध और परिवार आदि की दृष्टि से पूरी तरह अनुकूल रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत किसी बहुप्रतीक्षित शुभ सूचना से होगी। इस दौरान किसी प्रिय के घर आने से खुशियों का माहौल बना रहेगा। घर और बाहर दोनों जगह सौभाग्य का साथ मिलने के कारण चीजें मनचाहे तरीके से पूरी होती हुई नजर आएंगी। यदि बीते कुछ समय से कार्यक्षेत्र में कोई समस्या चली आ रही थी तो इस सप्ताह उसका समाधान निकल आएगा। कहने का तात्पर्य यह है कि कार्यक्षेत्र से जुड़े किसी पुराने मामले को लेकर बना हुआ तनाव दूर हो जाएगा। उच्चाधिकारियों और सहकर्मियों का सहयोग बना रहेगा। सप्ताह के मध्य में आपका मन धर्म-कर्म और सामाजिक कार्यों में लगेगा। इस दौरान किसी तीर्थ स्थान पर जाने का अचानक से प्रोग्राम बन सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में नौकरीपेशा वर्ग को किसी महत्त्वपूर्ण कार्य में भागीदारी के अवसर मिल सकते हैं, जिसके चलते आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि संभव है। उच्चाधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। विवाह योग्य युवक-युवतियों के रिश्ते आने के योग भी बन रहे हैं। वहीं पहले से चले आ रहे प्रेम संबंध में प्रगाढ़ होंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। इस सप्ताह आपको पिता की तरफ से विशेष सुख और सहयोग की प्राप्ति संभव है।

उपाय- प्रतिदिन गणेश जी की पूजा में गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें।

मीन -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलप्रद कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत जहां शुभता लिए रहेगी वहीं सप्ताह के उत्तरार्ध में घरेलू मामले आपकी चिंता का कारण बन सकते हैं। बहरहाल सप्ताह के प्रारंभ में आपको भाग्य का अपेक्षित सहयोग मिलता हुआ दिखाई देगा। यह समय करियर-कारोबार की दृष्टि से अनुकूल रहने वाला है। यदि आप लंबे समय से किसी पद या जिम्मेदारी की मांग कर रहे थे या फिर आपकी किसी स्थान विशेष पर तबादले की कामना थी तो वह पूरी होती नजर आएगी। सप्ताह की शुरुआत में सीनियर आप पर पूरी तरह से मेहरबान होते नजर आएंगे, जिसका आपको लाभ भी मिलेगा। इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से संबंधों में सुधार होगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी सप्ताह का पूर्वार्ध शुभता और लाभ लिए रहने वाला है। इस दौरान आप बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में कामयाब रहेंगे। बिक्री और लाभ के स्तर से संतोष मिलेगा। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह उतार-चढ़ाव लिए कहा जाएगा। इस सप्ताह आपको लोगों के साथ बात-व्यवहार करते समय बहुत सावधानी रखनी होगी क्योंकि लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। प्रेम संबंध को बेहतर बनाए रखने के लिए लव पार्टनर की निजी जिंदगी में जरूरत से ज्यादा दखल न दें।

उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा में रुद्राष्टकं का पाठ करें।

पंचवली

पितृपक्ष को सनातन परंपरा में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके निमित्त तर्पण, श्राद्ध व दान करने का समय माना जाता है। इन दिनों लोग अपने पितरों की तिथि के अनुसार तर्पण और श्राद्ध कर्म करते हैं। वहीं ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, यदि किसी परिवार में लंबे समय से संतान प्राप्ति में बाधा बनी हुई है तो पितृपक्ष में पूर्वजों का विधिवत स्मरण, तर्पण और सेवा करना शुभ माना जाता है। ऐसी स्थिति में परिवार अपनी परंपरा और सामर्थ्य के अनुसार पितरों के निमित्त तर्पण के साथ पंचबली भी कर सकता है.वह बताते है कि पितृपक्ष में पितरों के निमित्त जल अर्पित करने की परंपरा है। यदि कोई व्यक्ति पूरे पितृपक्ष में तर्पण नहीं कर पाता है तो वह अपने पूर्वज की श्राद्ध तिथि पर भी विधि-विधान से तर्पण कर सकता है.तर्पण के लिए जल में तिल, जौ, अक्षत और कच्चा दूध मिलाया जा सकता है. हाथ में कुश लेकर पितरों का स्मरण करते हुए जल अर्पित करने की परंपरा है. मान्यता के अनुसार यह कर्म श्रद्धा और नियमपूर्वक किया जाना चाहिए। जिन परिवारों में संतान प्राप्ति को लेकर लंबे समय से परेशानी है, वे पितृपक्ष के दौरान अपने पूर्वजों का विधिवत स्मरण कर सकते हैं। पितरों की तिथि पर तर्पण करने के साथ उनकी पसंद के भोजन का भोग लगाने और जरूरतमंदों को भोजन कराने की परंपरा भी बताई गई है.पितृपक्ष में पंचबली की परंपरा का भी विशेष उल्लेख मिलता है. ज्योतिषी के अनुसार इसमें कौआ, गाय, चींटी, मछली और देवताओं के निमित्त भोजन अर्पित किया जाता है. इसके लिए घर में तैयार भोजन का कुछ हिस्सा अलग निकालकर परंपरा के अनुसार इनका भोग लगाया जा सकता है. इसके साथ ही ब्राह्मण या जरूरतमंद व्यक्ति को श्रद्धापूर्वक भोजन कराने और यथासंभव दान-दक्षिणा देने की परंपरा है. ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इस प्रकार पितरों का स्मरण और सेवा करने से परिवार में सुख-समृद्धि तथा संतान सुख की कामना की जाती है।

अपनी जिंदगी

भक्ति

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मन की चंचलता, भक्ति की खोज है। भक्ति ही मन और चेतना में स्थिरता ला सकती है। भक्ति प्रेम-स्वरूप है। प्रेम को हम जानते हैं, किंतु भक्ति को खोजते हैं। प्रेम की पराकाष्ठा ही भक्ति है, और वह भक्ति कार्य में नहीं, अपितु विश्राम में उपलब्ध होती है। लोक, वेद और व्यापार - सभी प्रकार के कर्मों से विश्राम करें। प्राय: ऐसा होता है कि हम सांसारिक कार्यों को छोड़कर कर्मकांड में उलझ जाते हैं। कर्मकांड करते समय भी मन उसमें नहीं लगता; हम केवल यह सोचते रहते हैं कि यह कब समाप्त होगा। भय या लालसा के कारण पूजा-पाठ करना भक्ति नहीं है। ऐसे कर्मकांड से व्यक्ति थक जाता है और तथाकथित धार्मिक लोगों के चेहरे पर उत्साह के स्थान पर उदासी दिखाई देती है। ईश्वर आनंद-स्वरूप हैं, सच्चिदानंद हैं। यदि हम उनसे जुड़े हैं, तो हमारे भीतर भी आनंद का प्रकाश होना चाहिए। तथाकथित धार्मिक लोग, धर्म के नाम पर उदासी को धारण कर लेते हैं। यह एक भ्रांति है और इसे दूर किया जाना आवश्यक है। भक्ति का अर्थ है विश्राम। भक्त वही है, जो यह नहीं सोचता कि कल क्या होगा? जब मालिक अपना है, तो भविष्य की चिंता कैसी? भक्ति में अनन्यता का भाव होना चाहिए। जहाँ मैं और वह का भेद है, वहाँ प्रेम पूर्ण नहीं हो सकता। प्रेम का अर्थ है, भेद का लय। जैसे अपने बच्चे के प्रति हम स्वयं को अलग नहीं मानते, वैसे ही जब ईश्वर के साथ एकात्मता होती है, तब प्रेम साकार होता है। मन वहीं स्थिर होता है, जहाँ प्रेम होता है। जिस वस्तु या व्यक्ति को हम पसंद करते हैं, उसमें मन सहज ही लग जाता है। किंतु जब हम स्वयं से प्रेम नहीं करते, तब मन भटकता रहता है। आत्म-स्वीकार और समर्पण से ही अनन्यता आती है। जो कुछ प्रेम के विरोध में हो, उसके प्रति उदासीन रहें। भक्ति में अनावश्यक नियम नहीं, अपितु सहजता है; किंतु इसका अर्थ यह नहीं कि मनमानी की जाए। समाज के नियमों का सम्मान आवश्यक है। अन्य सभी सहारों का त्याग करें। जब एक ही आश्रय होता है, तब प्रेम की गहराई में उतरना संभव होता है। यदि हम ईश्वर को अपने कार्यों के लिए साधन बना लें, तो यह भक्ति नहीं, बल्कि स्वार्थ है। भक्ति में सर्वोत्तम समय और समर्पण देना चाहिए। यदि हम शेष बचा हुआ समय ही ईश्वर को दें, तो उसी के अनुरूप फल भी प्राप्त होगा। अंततः, प्रेम ही हमारी आत्मा है। प्रेम कोई भावुकता नहीं, बल्कि अस्तित्व का मूल स्वभाव है। प्रेम में एकता का अनुभव होता है और यही एकता हमें परम सत्य के निकट ले जाती है। प्रेम के मार्ग पर चलने के लिए आवश्यक है - संतुलन, नियम और सजगता। आहार, व्यवहार और विचार - सभी में संतुलन रखते हुए, हम प्रेम की गहराई में उतर सकते हैं।

> प्रेम ही हमारी आत्मा है। प्रेम कोई भावुकता नहीं, बल्कि अस्तित्व का मूल स्वभाव है। प्रेम में एकता का अनुभव होता है और यही एकता हमें परम सत्य के निकट ले जाती है। प्रेम के मार्ग पर चलने के लिए आवश्यक है - संतुलन, नियम और सजगता। आहार, व्यवहार और विचार - सभी में संतुलन रखते हुए, हम प्रेम की गहराई में उतर सकते हैं।